दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 13 | जयपुर | शुक्रवार, 15 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## महायुति में ही महाराष्ट्र की तरक्की : पीएम मोदी

### एक तरफ संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त, दूसरी तरफ उनके कातिल को मसीहा मानने वाले



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुरुवार को महाराष्ट्र में तीन रैलियां थी। छत्रपति संभाजीनगर में पहली रैली में उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का ये चुनाव सिर्फ नई सरकार चुनने का ही चुनाव नहीं है। इस चुनाव में एक तरफ संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त हैं और दूसरी ओर औरंगजेब के गुणगान करने वाले लोग हैं। कुछ लोगों को छत्रपति संभाजी के कातिलों में मसीहा नजर आता है। उन्होंने कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि छत्रपति संभाजी नगर को ये नाम देने की मांग बालासाहेब ठाकरे ने उठाई थी। अघाड़ी सरकार की 2.5 साल सत्ता रही, लेकिन कांग्रेस के दबाव में इन लोगों की हिम्मत नहीं हुई। जबकि महायुति सरकार ने आते ही इस शहर का नाम छत्रपति संभाजी नगर किया। हमने आपकी इच्छा को पूरा किया, हमने बालासाहेब ठाकरे की इच्छा को पूरा किया। छत्रपति संभाजीनगर के बाद पनवेल में मोदी की जनसभा जारी है। पीएम की दिन की आखिरी जनसभा मुंबई में शाम 6.30 बजे होगी।

#### हमारी सरकार महाराष्ट्र को विकसित बनाने पर काम कर रही

भाजपा और महायुति मिलकर महाराष्ट्र को विकसित बनाने के लिए काम कर रहे हैं, ताकि महाराष्ट्र विकसित भारत के विजन का नेतृत्व कर सके। इसलिए आज महाराष्ट्र में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। मराठवाड़ा, विदर्भ और मुंबई से सीधे जुड़ गया है।

#### अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद के लिए तरसाएंगे

पीएम ने कहा कि अघाड़ी वालों ने महाराष्ट्र की परेशानियों को बढ़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। मराठवाड़ा में लंबे समय से पानी का संकट रहा है, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वाले हमेशा हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। हमारी सरकार में पहली बार सूखे के खिलाफ ठोस प्रयास शुरू हुए। ये अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाएंगे।

#### महाराष्ट्र सरकार विरासत भी संभाल रही

पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र में विकास के इस महायज्ञ के साथ ही, हमारी सरकार, विरासत का अनुष्ठान भी कर रही है। भगवान विट्ठल के भक्तों की सुविधा के लिए हमने पालकी महामार्ग का निर्माण करवाया है।

## स्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता स्पष्ट, प्रदेश की 88% आबादी स्वास्थ्य बीमा से कवर

### वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अब तक का सर्वाधिक बजट आवंटन : मुख्यमंत्री शर्मा

### निवेशकों ने आयुष क्षेत्र में प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, आयुर्वेद कॉलेज, आयुष अनुसंधान केंद्र आदि स्थापित करने के लिए 2,157 करोड़ रुपये के एमओयू किए






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में गुरूवार को राइजिंग राजस्थान स्वास्थ्य प्री-समिट में स्वास्थ्य, चिकित्सा और आयुष क्षेत्र के निवेशकों के साथ 16,176 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किये। समिट में हुए एमओयू के साथ ही 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट— 2024 के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र में हस्ताक्षरित कुल निवेश प्रस्तावों का आंकड़ा 25,400 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। राजनिवेश पोर्टल पर अब तक 57 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

प्री—समिट में किए गये एमओयू में चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के लिए 14,000 करोड़ रुपये के निवेश एमओयू हुए, जबकि आयुष क्षेत्र में 2,157 करोड़ रुपये के निवेश एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। राजनिवेश पोर्टल पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में अब तक प्राप्त 57,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के धरातल पर आने से राज्य में 6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। एमओयू के जरिए निवेशकों ने जयपुर, अजमेर, जोधपुर, राजसमंद, सीकर, सिरोही सहित विभिन्न जिलों में फार्मा इकाइयां, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, होम्योपैथी और आयुर्वेद कॉलेज, आयुष अनुसंधान पंचकर्म केंद्र, उन्नत आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। इस अवसर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित कर हमारी सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है कि हम न केवल एमओयू पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, बल्कि अगले 3-4 वर्षों में उन्हें धरातल पर भी उतारने जा रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के छोटे और बड़े सभी निवेशकों को स्वागत है, क्योंकि वे सभी जमीनी स्तर पर आम नागरिक की सेवा करेंगे और स्वस्थ एवं समृद्ध प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

आयुष क्षेत्र में हुए 2,157 करोड़ रुपये के एमओयू पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि हमने आयुष क्षेत्र में बड़ी संख्या में एमओयू किए हैं। आयुष न केवल भारत की विरासत और पहचान है, बल्कि यह दुनिया के सामने भारतीय संस्कृति और सदियों पुराने ज्ञान को भी प्रदर्शित करता है। दुनियाभर के लोग आयुष की ओर आकर्षित हो रहे हैं और आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता स्पष्ट है। राज्य की 88त्न आबादी स्वास्थ्य बीमा के दायरे में है, जो देश में सबसे अधिक है। राज्य के 2024-25 के बजट में भी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र के लिए अब तक का सबसे अधिक 28,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जो राज्य के कुल बजट का 8.26त्न से अधिक है। प्रदेश में मेडिकल वेल्यू ट्रेवल के क्षेत्र में भी काफी संभावनाएं है। इसे देखते हुए राज्य सरकार जल्द ही मेडिकल वेल्यू ट्रैवल पॉलिसी एवं फार्मा सेक्टर के विकास के लिए नई फार्मा पॉलिसी लाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा स्वास्थ्य का क्षेत्र सीधा जनसेवा से जुड़ा हुआ है। इसमें निवेश की गई एक—एक पाई लोगों के दुःख—दर्द दूर करने का काम करेगी और उनके चेहरों पर मुस्कान लाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में योगदान देने वाला व्यक्ति मानवता की सेवा कर रहा है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में एमओयू पर हस्ताक्षर किया जाना माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में सरकार द्वारा पिछले 11 महीनों में शुरू की गई नीतियों के प्रभावों को दर्शाता है।

## अब खड़गे और गोवा सीएम के सामान की चेकिंग

### शिंदे-अजित-अठावले समेत कई नेताओं की जांच हो चुकी, फडणवीस बोले थे- इसमें गलत क्या

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकारियों ने गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बैग चेक किया। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई। वे नासिक में चुनाव प्रचार के लिए गए थे। वहीं, गोंदिया में महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के हेलिकॉप्टर और बैग की जांच की गई। वे गोरेगांव विधानसभा सीट पर एनसीपी उम्मीदवार के लिए प्रचार करने जा रहे थे। कराड एयरपोर्ट (सातारा) पर गोवा के सीएम प्रमोद सावंत का सामान भी चेक हुआ। इससे एक दिन पहले बुधवार को सीएम एकनाथ शिंदे की भी चेंकिग हुई थी। वे पालघर में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे।

इस दौरान उन्होंने अधिकारी से कहा- कपड़े हैं, यूरिन पॉट वगैरह नहीं है। यह कमेंट उद्धव के बयान पर तंज था। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले के हेलिकॉप्टर की भी जांच हुई थी।

## यूपीपीएससी ने दो शिफ्ट में परीक्षा का फैसला वापस लिया

### प्रयागराज में 4 दिन से 20 हजार छात्र आंदोलन कर रहे थे, पीएससी और आरओ-एआरओ परीक्षा टाली

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय ने दो शिफ्ट में परीक्षा का फैसला वापस ले लिया है। प्रयागराज में आयोग के सामने 4 दिनों से डटे 20 हजार छात्रों के आंदोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा है।

आयोग के सचिव अशोक कुमार गुरुवार दोपहर करीब 4 बजे कार्यालय से बाहर आए। हूटिंग होने लगी तो फिर अंदर चले गए। फिर लाउडस्पीकर पर अनांउस किया। कहा, यूपीपीएससी एक दिन में प्रारंभिक परीक्षा कराएगा। समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा -2023 के लिए आयोग एक कमेटी बनाएगा। कमेटी सभी पहलुओं पर विचार कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट पेश करेगी।

यानी पीएससी प्री और आरओ-एआरओ प्री परीक्षा टाल दी गई है। पीसीएस परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को होनी थी, जबकि ऋह्/ऋह् परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को प्रस्तावित थी। अब नए डेट घोषित की जाएगी।

सरकार और आयोग के बैकफुट पर आने के बाद भी छात्र अभी भी आयोग के बाहर डटे हुए हैं। वे भोंपू बजाकर और बोतलें पटक कर हूटिंग कर रहे हैं। आरओ-एआरओ परीक्षा को लेकर अड़े हैं कि उसका मामला भी क्लियर करें।

छात्र आयोग पर फैसला लटकाने का आरोप लगा रहे। कह रहे कि कमेटी में उनके ही अफसर होंगे। आंदोलन खत्म हो जाएगा तो फिर छात्रों के खिलाफ डिसीजन लेंगे।

इससे पहले आज सुबह प्रदर्शनकारी छात्रों और पुलिसकर्मियों में झड़प हो गई थी। पुलिसकर्मी सादी वर्दी में धरना दे रहे छात्रों को जबरन उठाने पहुंचे।







## 4 महीने के हाई पर पहुंची थोक महंगाई : अक्टूबर में बढ़कर 2.36% रही

### सितंबर में 1.84% पर थी; सब्जियां और खाने-पीने की चीजें महंगी हुईं

बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली।** अक्टूबर महीने में थोक महंगाई बढ़कर 2.36% पर पहुंच गई है। इससे पहले सितंबर महीने में थोक महंगाई 1.84% पर थी। अगस्त में ये 1.31% पर आ गई थी। सब्जियों और खाने-पीने के चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ी है।

#### खाने-पीने की चीजें और प्राइमरी आर्टिकल्स की कीमतें बढ़ी

- रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 6.59% से बढ़कर 8.09% हो गई।
- खाने-पीने की चीजों की महंगाई 9.47% से बढ़कर 11.59% हो गई।
- फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर -4.05% से घटकर -5.79% रही।
- मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 1% से बढ़कर 1.50% रही।

डब्ल्यूपीआई का आम आदमी पर असर थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डब्ल्यूपीआई को कंट्रोल कर सकती है।

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## सांगानेर बार एसोसिएशन चुनाव 2024 चुनाव समिति और विशेष अधिकारी घोषित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर बार एसोसिएशन ने आगामी 13 दिसंबर 2024 को होने वाले चुनावों के लिए चुनाव संचालन समिति की घोषणा की है। सांगानेर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हंसराज भहरवाल और महासचिव भागीरथ सिंह चौहान ने बताया कि बार के चुनावों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एडवोकेट संपत सिंह नरूका, रोशन लाल बैरवा, और ताराचंद एचारा को चुनाव संचालन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है एवं एडवोकेट शिवरतन विजयवर्गीय और राम सिंह चौधरी को विशेष चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। यह समिति चुनाव प्रक्रिया की देखरेख करेगी, उम्मीदवारों की योग्यता की जांच करेगी, मतदान के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगी और अंततः चुनाव परिणामों की घोषणा करेगी। सांगानेर बार एसोसिएशन का यह चुनाव संगठन के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें नए अध्यक्ष, सचिव, और अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।

## ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी : युवक के सिर के ऊपर से निकला टायर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सोडाला थाना इलाके में स्थित पुरानी चुंगी अजमेर रोड पर गुरुवार दोपहर को एक तेज रफ्तार सीएनजी से भरे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले की जांच दुर्घटना थाना दक्षिण पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार सुशीलपुरा सोडाला निवासी 34 वर्षीय राजेश यादव पुत्र हरिनारायण बाजार से घर लौट रहा था। गुरुवार शाम करीब साढ़े चार बजे पुरानी चुंगी के पास एक तेज रफ्तार सीएनजी से भरे ट्रक ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक दूर जा गिरी और वह ट्रक के नीचे आ गया। ट्रक का दायर राजेश के सिर के ऊपर से गुजर गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है।

## सबको बीमा अभियान-2047 के तहत बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** केन्द्र सरकार के सबको बीमा अभियान-2047 का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बीमा विभाग, जयपुर शहर संयुक्त निदेशक श्री राकेश कुमार मीणा ने बताया की जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में पूर्ण रूप से बीमित प्रथम गांव बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही जल्द ही अमल लाई जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य, श्रम, कृषि एवं बीमा विभाग के अधिकारी सहित निजी बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दुपहिया वाहन और गैस सिलेंडर चोरी करने वाले गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन और गैस सिलेंडर चोरों को पकड़ा है और उनके पास से एक चोरी की बाइक सहित दस गैस सिलेंडर बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम तेजस्विनी गौतम ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन और गैस सिलेंडर चोरी करने वाले वाले शेख जहांगीर उर्फ राजा और अनस खान उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित प्रताप प्रताप नगर जयपुर के रहने वाले है। गिरफ्तार आरोपी शातिर चोर है एवं नशा करने की आदि है । जो नशा करने के लिए पैसे नहीं होने पर रात के समय समय में थडियों को निशाना बनाते है व गैस सिलेंडर चोरी करके ले जाते है। आरोपियों ने अब तक कई वारदाते स्वीकार की है। जिनके पास से एक चोरी की बाइक बरामद की है जो प्रताप नगर थाना इलाके से चोरी की गई है। आरोपियों ने पूछताछ में एक दर्जन वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपी पहले भी कई बार जेल जा चुके है और जमानत पर बाहर आते ही शौक को पूरा करने के लिए वाहन चोरी व गैस सिलेंडर चोरी करने लग जाते है।

## दो युवकों के खाते से साइबर ठगों ने निकाले 19 लाख

**जयपुर ( का.स. )।** बगरू थाना इलाके में साइबर ठगों ने एक युवक के खाते से 10 लाख रुपए निकाल लिए। ठगी का पता पीड़ित मोबाइल पर मैसेज आने पर लगा। मामले की जांच थानाधिकारी मोती लाल कर रहे है।

पुलिस के अनुसार देवलिया निवासी विनोद कुमार शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसका पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। साइबर ठगों ने उसके खाते से ऑनलाइन दो बार में करीब 10 लाख रुपए निकाल लिए। उसके खाते से आईएमपीएस और नेफ्ट के माध्यम से यह राशि निकाली गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के निदेशक की मौजूदगी में हुई समीक्षा बैठक

# जिले में हवा की गुणवत्ता बेहतर बनाने लिए हों हर संभव प्रयास : जिला कलक्टर सोनी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में वायु प्रदूषण नियंत्रण करने और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएं, इसके लिए नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत निर्धारित मापदण्डों की पालना सुनिश्चित किया जाए। यह कहना है जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के निदेशक श्री प्रशांत गारगावा की मौजूदगी में कार्यक्रम के तहत जिले में जारी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए गारगावा ने कहा कि जयपुर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी सहयोग, समन्वय से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के लिए एंटी स्मॉग गन, स्वीपिंग मशीन सहित अन्य आवश्यक संसाधन जुटाने एवं प्रभावी कार्ययोजना बना कर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का उद्देश्य राजधानी की आबोहवा में सुधार करना है, इसके लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में धूलीय कणों के उत्सर्जन को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किये जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगाएं एवं सभी तरह के कचरा निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था, डस्ट हॉटस्पॉट चिन्हित करने, डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को और मजबूत बनाने, शहर में हरियाली बढ़ाने एवं ग्रीन लंग्स विकसित करने हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करने सहित स्वच्छ आबोहवा के लिए हर संभव प्रयास करने पर जोर दिया। बैठक में ठोस कचरा प्रबंध एवं निस्तारण की समीक्षा की गई। कलक्टर ने बैठक में डम्पिंग यार्ड में बचे पुराने कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ निकायों को प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जयपुर में स्वच्छ हवा के लिए हरित क्षेत्र बढ़ाने, एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल करने सहित जिला पर्यावरणीय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने बैठक में फोगिंग मशीन से एमजीसीएल का छिड़काव करने सहित कई अहम सुझाव दिये। साथ ही बैठक में कलक्टर ने जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश भी दिये। साथ ही उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही के दौरान जब्त खनिज की न्यायालय की मंजूरी के बाद निलामी के भी निर्देशित किया। बैठक में नगर निगम जयपुर ग्रेटर की आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़, उप वन संरक्षक श्री वी. केतन कुमार, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल, नगर निगम, जेडीए, रीको, परिवहन विभाग, चिकित्सा एवं स्वाथ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विजयवर्गीय वैश्य समाज का दीपावली स्नेह मिलन समारोह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विजयवर्गीय वैश्य समाज का दिवाली स्नेह मिलन समारोह दिनांक 17. 11. 24 को दोपहर 4.00 बजे से, रात्रि 10.00 बजे तक, दीप प्रजलन,गिरिराज धरण पूजन, दीपावली मिलन, अंकूट महाप्रसादी का आयोजन, स्थान खंडेलवाल वैश्य भवन, सेक्टर 10,मालवीय नगर में आयोजित होने जा रहा है । जहां पर पूर्ण जयपुर शहर, दोसा, सिकंदरा, बांदीकुई, बसवा,राजगढ़, तलाव, टहला, केकड़ी, बीकानेर, राजस्थान से समाज गण आएंगे। स्वागत सत्कार के लिए सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## नकबजनी की वारदात करने वाले सहित नकबजनी का माल खपाने में सहयोग करने वाला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले सहित नकबजनी का माल खपाने में सहयोग करने वाले को गिरफ्तार किया है और उनके पास से सौलह लाख रुपये से अधिक की राशि के चोरी के जेवरात और नकदी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ नम्बर को हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए शातिर नकबजन आरिफ निवासी फिरोजाबाद (यूपी) हाल रामगंज जयपुर और मोहम्मद हसन निवासी फिरोजाबाद यूपी हाल गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि नकबजनी का मास्टर माईड इमरान तथा उसका साथी हसन है। जो फिरोजाबाद (यूपी)के रहने वाले है जो जयपुर में किराए से निवास करते है दोनो आरोपी सुने मकानो की दिन मे रैंकी करता है तथा रात्रि के समय मौका पाकर गेट तोड़कर घर मे रखे हुए सोने चांदी के जेवरात चोरी करके लेकर चले जाते है। आरोपित को इनके अन्य साथी आरिफ ने मास्टर चाबियाँ उपलब्ध करवायी। जिससे अलमारी का ताला खोलकर नकदी व जेवरात चोरी कर लेते लेते है। आरोपित इमरान द्वारा माल को खपाने के लिये अपने छोटे भाई मोहम्मद हसन को चोरी के जेवरात व कुछ नकद रूपये दे दिये। तथा शेष माल के साथ अन्य साथी हसन फरार हो गया। मुख्य आरोपी इमरान तथा उसका साथी हसन फरार है जिनकी तलाश के लिए टीमों द्वारा दबिश दी जा रही है।

## रिलायंस और डिज्नी के बीच ज्वाइंट वेंचर के लिए लेनदेन पूरा,रिलायंस ने संयुक्त उद्यम में 11,500 करोड़ का निवेश किया




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर /मुंबई/बरबैंक, कैलिफ़ोर्निया।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल), वायाकॉम 18 और द वॉल्ट डिज़्नी कंपनी ने गुरुवार को घोषणा की कि वायाकॉम 18 के मीडिया और जियोसिनेमा व्यवसायों का स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में विलय पूरा हो गया है। एनसीएलटी मुंबई, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और अन्य नियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमोदन के बाद यह घोषणा की गई। इसके अलावा रिलायंस ने ज्वाइंट वेंचर में 11,500 रुपए करोड़ का निवेश किया है। ज्वाइंट वेंचर ने वायाकॉम 18 और आरआईएल को शेयर आवंटित कर दिए हैं।

इस लेन-देन में जेवी का मूल्य पोस्ट-मनी आधार पर 70,352 रुपए करोड़ माना गया है। संयुक्त उद्यम पर आरआईएल का नियंत्रण रहेगा। इसमें आरआईएल का 16.34 फीसदी, वायकॉम 18 का 46.82 फीसदी और डिज्नी का 36.84 फीसदी हिस्सा होगा। नीता एम. अंबानी संयुक्त उद्यम की अध्यक्ष होंगी, जबकि रणनीतिक मार्गदर्शन के लिए उदय शंकर को संयुक्त उद्यम का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश डी. अंबानी ने कहा, इस ज्वाइंट वेंचर के गठन के साथ, भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग एक परिवर्तनकारी युग में प्रवेश कर रहा है।

डिज्नी के साथ संबंधों के अलावा हमारी गहरी रचनात्मक विशेषज्ञता और भारतीय उपभोक्ता की हमारी बेजोड़ समझ भारतीय दर्शकों के लिए किफायती कीमतों पर बेजोड़ कंटेंट सुनिश्चित करेगी।

## सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया आम रास्ते एवं सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने ग्राम दौलतपुरा और दिल्ली रोड क्षेत्र में सरकारी भूमि से अवैध कब्जे और अतिक्रमण को हटाया। इस अभियान के दौरान ग्राम दौलतपुरा में थाने के समीप तलाई की भूमि से अवैध निर्माण हटाया गया, जबकि दिल्ली रोड के मानपुरा माचेड़ी एवं शाहरी ग्राम में सरकारी भूमि और आम रास्ते से अतिक्रमण हटाया गया।

उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद्र विष्णोई ने जानकारी दी कि जोन-13 के अंतर्गत ग्राम दौलतपुरा में खसरा संख्या 1100 पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा करीब 100 मीटर तक अवैध ग्रेवल सड़क का निर्माण कर लिया गया था। इस अतिक्रमण को जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। दिल्ली रोड स्थित मानपुरा माचेड़ी में सरकारी भूमि पर अवैध छप्पर, तिरपाल, लोहे की थड़ी आदि लगाकर कब्जा किया गया था, जिसे प्रवर्तन दस्ते ने हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया। इसी प्रकार, शाहरी ग्राम के खसरा संख्या 111 एवं 165 में 700 मीटर लंबे आम रास्ते पर अवैध कब्जा कर मिट्टी की डोल, तारबंदी, और झाड़ियां लगाकर रास्ता बाधित कर दिया गया था। प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से इस रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया, जिससे स्थानीय नागरिकों की राह आसान हुई। यह कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में, उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 तथा प्राधिकरण के अन्य स्टाफ की सहायता से की गई। इसके अलावा, जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा अक्टूबर 2024 से अब तक 51 नई अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया है। इस अवधि में कुल 52.5 बीघा सरकारी भूमि, 1 सुविधा क्षेत्र, 1 पार्क की भूमि, और 4 आम रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

**नागरिकों से अपील :** जयपुर विकास प्राधिकरण के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कैलाश चंद्र विष्णोई ने नागरिकों से अपील की है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के लिए कन्ट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर 0141-2565800, 0141-2575252, 0141-2575151 पर 24म7 संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, हेल्पलाइन 181 राजस्थान संपर्क पोर्टल या ईमेल cce.jda@rajasthan.gov.in एवंenforcement.jda@rajasthan.gov.in के माध्यम से भी अवैध निर्माण, कब्जा या अतिक्रमण की शिकायतें की जा सकती हैं। इस अभियान में जनता का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे जयपुर को अतिक्रमण मुक्त एवं सुगम बनाया जा सके।

## ब्यावर के पत्रकारों ने ज्वाइंट डायरेक्टर जोधा से मिलकर जवाजा के चिकित्सालय के डॉ. मीणा पर कोई कार्यवाही नहीं किये जाने का लगाया आरोप

### गत दिनों डॉ. मीणा ने पत्रकारों के साथ मार-पिटाई व गाली-गलौच किया था

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के पत्रकारों का एक शिष्टमंडल ज्वाइंट डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह जोधा से मिलकर उन्हें एक शिकायत की है कि लगभग एक माह पूरे होने वाले है लेकिन जवाजा में राजकीय चिकित्सालय के डॉ. हंसराज मीणा व उसके भतीजे अनुज मीणा द्वारा पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार कर गाली-गलौज और मारपीट के मामले में विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। इसको लेकर सभी पत्रकारों ने अपना रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही पत्रकारों को न्याय नहीं मिला तो वह आंदोलनात्मक रुख अपनायेगें। इस बारे में चिकित्सा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर श्री जोधा ने पत्रकारों की बातों को सुनते हुए उच्चाधिकारियों से तत्काल कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है। ज्ञातव्य है कि गत दिनों जवाजा में ब्यावर के पत्रकार अपना कवरेज करने गये थे। ग्रामीणों की शिकायत थी कि राजकीय चिकित्सालय के डॉ. हंसराज मीणा एक निजी चिकित्सालय में बैठकर मरीजों को देखने, डिलेवरी करवाने और सरकारी दस्तावेजों का उसी निजी चिकित्सालय में बैठकर निस्तारण करने सहित कई मामले थे। ब्यावर से गये पत्रकारों ने मौके पर देखा भी राजकीय चिकित्सालय के डॉ. हंसराज मीणा निजी चिकित्सालय में बैठे थे और वह पत्रकारों को देखकर बौखला गये। उन्होने बेवजह पत्रकारों से उलझने की कौशिश की लेकिन पत्रकारों ने बजाय उनसे बातचीत करने के वह बाहर निकल आये। डॉ. मीणा व उनके भतीजे अनुज ने पत्रकारों को गाली-गलौच करते हुए उनके साथ बदत्तमीजी करने लगे और बाद में तो मार-पीट पर उतारु हो गये। पत्रकारों ने जवाजा थाने में मामला दर्ज कराया वहीं राजकीय चिकित्सालय के डॉ. हंसराज मीणा के भतीजे द्वारा नाजायज तरीके से चला रहे चिकित्सक को तत्काल सीज कर दिया। नाजायज रुप से चल रहा चिकित्सालय अभी भी सीज हुआ है। उक्त मामले में चिकित्सा विभाग ने भी जवाजा थाने में मामला दर्ज कराया था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, इसी को लेकर ब्यावर के पत्रकारों ने रोष व्यक्त किया और राजकीय चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।



## पडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** स्थानीय आशा बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास उल्लास के साथ मनाई।

इस अवसर पर निदेशक रामलाल चाहर ने जवाहरलाल ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के दिन बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन खासतौर से बच्चों के लिए होता है, जिसमें उनकी खुशियों, उनके अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए जागरूकता फैलाई जाती है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और शिक्षा से भरपूर जीवन देने की दिशा में कार्य करना है।

इस अवसर पर गोपाल लाल कुमावत,सुरेंद्र जांगिड़,सीताराम,बाबूलाल,अर्जुन लाल यादव,बी आर कुड़ी,मनीष,छोटू राम,सुमन,निर्मला,रेखा,संजू,सरोज,एकता,संजना, प्रियंका,उमेश,रामेश्वर चौधरी,रामनिवाश चौधरी,गणेश चौधरी, अनिता कुमावत आदि अध्यापक अध्यापिकाऐ मौजूद थे।

# खैराबाद में पॉलिथीन खाकर किस्तों में मौत जमा कर रही गाय

## मृत गाय को ट्रैक्टर से घसीटने का भी वीडियो हुआ वायरल

बढ़ता राजस्थान





**रामगंज मंडी (महेश कुमार)।** ग्राम पंचायत खैराबाद के दो वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोर रहे हैं दोनों ही वीडियो सोचने पर मजबूर कर रहे हैं पहला वीडियो मृत गाय का है जिसे ट्रैक्टर से घसीट कर ले जाया जा रहा है। तो दूसरा वीडियो कचरे का ढेर का है जहां जीवित गाय पॉलिथीन की पन्नियां खाकर किस्तों में अपनी मौत को जमा कर रही है। सोचने वाली बात यह है की यह कचरा का ढेर गोयन्दा रोड़ पर बनी गौशाला के सामने बना हुआ है। यह दोनों ही वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं अगर बात पहले वीडियो की की जाए तो यह वीडियो ग्राम पंचायत खैराबाद के मोड़क रोड़ का है जहां मृत गाय को ट्रैक्टर से बांधकर घसीटा जा रहा है। जब इस कृत्य को लोगों ने देखा तो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल किया और पूरे मामले की जमकर निंदा की। मगर जैसे ही वीडियो सचिव संदीप मीणा, और सरपंच बाबू लोधा के पास पहुंचा तो आनन फानन में ट्रेक्टर चालक सुरेश को कार्य मुक्त कर दिया। मगर सोचने वाली बात यह है कि इतना बड़ा कृत हो गया ओर किसी भी अधिकारी को सूचना नहीं ऐसा कैसे हों सकता है। मामले को जानने के लिए हमने कई बार सरपंच बाबू लोधा से संपर्क साधा पर सरपंच बाबू लोधा ने कॉल नहीं उठाया। अगर बात दूसरे वीडियो की की जाए तो दूसरा वीडियो भी खैराबाद ग्राम पंचायत का ही है जहां गोयन्दा रोड़ पर भारी भरकम कचरे के ढेर पर गायें किस्तों में अपनी मौत को जमा कर रही हैं क्योंकि जिस पॉलिथीन को खाकर वह अपना पेट भर रही है वह पॉलिथीन पेट में जाकर जम जाएगी और बाद में उसे गाय की मौत हो जाएगी। लेकिन सोचने वाली बात है की इस और किसी भी जिम्मेदार का कोई ध्यान नहीं है।

### इनका कहना

सोशल मीडिया पर वीडियो मैंने भी देखा है गाय को घसीटा गया है लेकिन मामला मेरे संज्ञान में नहीं था जैसे ही मामला मेरे संज्ञान में आया मैंने ट्रैक्टर चालक को कार्य मुक्त कर दिया है ।

**संदीप मीणा,सचिव**

गाय मृत पड़ी थी जिसकी सूचना बार-बार मिल रही थी चालक को मैंने ही कहा था गाय को हटवाने के लिए लेकिन कुत्तों द्वारा गाय के शरीर को जख्मी कर दिया गया था जिससे शरीर के अंदर पुर्जे भी बिखरने लगे थे । इसलिए उसे उठाकर ठेले या ट्रैक्टर में नहीं ले जाया जा सका । इसीलिए ट्रैक्टर से घसीट कर ले जाना पड़ा।

**रामरेश ,जमादार**

मेरा काम गाय फेंकने का नहीं है मेरा काम तो सफाई का है। में कचरा उठाने का कार्य करता हूं मुझे जमादार द्वारा कहा गया इसलिए मैंने ऐसा किया।

**ट्रैक्टर चालक**

## सीपीआर से आपातकाल में बचा सकते हैं किसी का जीवन : डॉ. सन्तोष गुर्जर



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** किसी व्यक्ति की किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर उसका जीवन कैसे बचाया जा सकता है इसको लेकर भुसावर के पाण्डेय् केहरी सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा डॉक्टर संतोष गुर्जर ने छात्रों को कहा कि अगर व्यक्ति की सांस या धड़कन रुक गई है तो उसे जल्द से जल्द सीपीआर दें क्योंकि पर्याप्त ऑक्सीजन के बिना शरीर की कोशिकाएं कुछ ही मिनट में खत्म होने लगते हैं जिससे गंभीर नुकसान या मौत भी हो सकती है, डॉ संतोष गुर्जर श्री आर्य महिला विद्यापीठ के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अध्यनरत संभागियों को आपदा प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम संबंधी आयोजित शिविर के अवसर पर अपना उद्बोधन दे रही थी, डॉ.गुर्जर ने कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य अधिक लोगों को सीपीआर देना आजाए जिससे लोगों की जान बचाने में सहायक हो सके, चिकित्सालय के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर चंद्रशेखर पाण्डेय् ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोगी या घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए सीपीआर एक महत्वपूर्ण तरीका है ,इससे कार्डियक अरेस्ट और सांस न ले, आपात जैसी स्थिति में व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, इसके साथ ही उपस्थित संभागियों को आत्महत्या नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई। मानसिक तनाव में हमें क्या व्यवहार करना चाहिए अपनी मानसिकता में उभर रही वेदनाओं को साझा करना चाहिए, जिससे उसकी समस्या का समाधान हो सके कोई भी कार्य इस तरह का नहीं है। जिसे हम अपनों से छुपाए किसी भी प्रकार की परेशानी है अपने माता-पिता भाई-बहन एवं गुरु से उसकी बात कर समस्या का समाधान निकाल सकते हैं।इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ रजनी गौतम के साथ सभी स्टाफ ने उक्त जानकारी को बहुत लाभदायक एवं जीवन में आवश्यक बताया शिविर में सी एच सी के अनिल कुमार डी ई ओ के साथ संस्था विद्यापीठ का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## शाकम्भरी विद्यापीठ व एसवीपी इंग्लिश एकेडमी मे मनाया बाल दिवस

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर (नि.स.)।** शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं एस वी पी इंग्लिश एकेडमी में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था निर्देशक दिव्या गौड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन से जुड़ी घटनाओं पर आधारित भाषण एवं लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था निर्देशक ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुनिश्चित करना एवं बच्चों को अपनी संस्कृति और परम्पराओं से जोड़कर अच्छे संस्कार देकर सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। आलोक सिंह एवं ओमप्रकाश सुथार ने चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान भारत के निर्माण में उनके महत्व के बारे में बच्चों को बताया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की वेशभूषा धारण कर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर अनुशासित एवं अच्छे सुलेख वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त किये। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट खिलाकर बाल दिवस की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश नाई और रेणु मिश्रा ने किया।

## शिल्पग्राम में दो दिवसीय राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव आज से

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर,(दिनेश गोठवाल)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव का शुक्रवार को शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर सायं 6 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जयंती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिन शुक्रवार 15 नवंबर को देशभर से करीब 150 कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। राजस्थान से गवरी, सहरिया स्वांग, आदिवासी गैर, गुजरात से राठवा, महाराष्ट्र से सौंगी मुखौटे, गोवा से कुणबी, मध्यप्रदेश से पंथी, छत्तीसगढ़ से गौर-मारिया, कर्मा नृत्य, दमण-दीव से तारपा नृत्य सम्मिलित होंगे।

## किताबें हमारी ज़िंदगी का एक नया संसार रचती हैं : सुशीला करनानी



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन टोंक द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी शहर में बाल दिवस के अवसर पर भव्य पुस्तक मेले का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्धघाटन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करनानी के द्वारा किया गया। यह पुस्तक मेला 17 नवंबर तक सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा।

अज़ीम प्रेमजी फाउण्डेशन से शिवादीप भट्ट ने बताया कि इस पुस्तक मेले के आयोजन का उद्देश्य शहरवासियों के बीच पढ़ने की संस्कृति तथा साहित्यिक चर्चाओं को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में होने वाली चर्चाएं साहित्य के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता तथा संवैधानिक मूल्यों को प्रसारित करने की भी पहल करेंगी। टोंक जिले में साहित्य व पुस्तकों से जुड़ा इस स्तर का यह अनूठा आयोजन हैं। पुस्तक मेले में शहर के सभी आयु वर्ग के पाठकों के लिए विभिन्न प्रकार के आकर्षण शामिल किए गए हैं। व्यस्कों के लिए राजकमल, वाणी, तथा रेखता प्रकाशन की पुस्तकों के साथ ही बच्चों के लिए भी एकलव्य, एनबीटी, इकतारा जैसे प्रकाशनों की पुस्तकें भी उपलब्ध हैं जिन्हें शहर के लोग देख व खरीद सकते हैं। पुस्तक मेले के साथ हर दिन शाम को साहित्य तथा कला से संबंधित अलग-अलग कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में संगीत, साहित्यकारों से चर्चा, ओपन माइक, कविता वाचन, पोस्टर प्रदर्शनी तथा खेल आदि शामिल हैं। वहीं शिक्षण से जुड़े आगंतुकों के लिए पुस्तक मेले में विभिन्न विषयों गणित, विज्ञान, भाषा तथा कला से संबंधित रोचक शिक्षण सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई है। पुस्तक मेले के चारों दिन शिक्षकों के लिए एक सेमिनार का भी आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में जिले की अलग-अलग ब्लॉक से शिक्षक, संस्था प्रधान तथा अधिकारी, शिक्षा के क्षेत्र में अपने विशिष्ट अनुभवों एवं बेहतर प्रयासों को जिले के व्यापक शिक्षक समुदाय के साथ साझा कर रहे होंगे।

अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन गत वर्षों में भी विभाग के साथ मिलकर इस तरह की चर्चाओं तथा कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालयों में शिक्षण प्रक्रियाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से करता रहा है। पुस्तक मेले में आज देश के प्रसिद्ध जन कवि विनोद पदरज जी की भागेदारी रहेगी।

## ऑक्सफोर्ड विद्यालय में बाल दिवस समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** चतरपुरा गांव स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल विद्यालय के द्वारा बाल दिवस का आयोजन किया गया,जिसमें बच्चों द्वारा अनेक प्रकार के सांस्कृतिक, रंगोली, भाषण प्रतियोगिता व खेलकूद, संगीत प्रतियोगिता! का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के मानद सचिव एडवोकेट सुरेश यादव जी द्वारा दीप प्रजनन कर व सभी छात्र-छात्राओं को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रस्तुत की, तथा संस्था प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र सैनी द्वारा बाल दिवस के ऊपर पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। व विद्यालय कोऑर्डिनेटर श्रीमान संतोष कुमार शर्मा प्रोग्राम में भाग लेने वाले सभी छात्रों को सर्टिफिकेट मोमेंटोज द्वारा सम्मानित किया गया, इस अवसर पर समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गौशाला में मनाया पूर्व मंत्री का जन्मदिन

## मेरे कार्यकर्त्ता जब भी मुझे याद करेंगे पूर्व की भांति रहूंगी हाजिर : रावत

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** राजस्थान सरकार में उद्योग एवं देवस्थान मंत्री रही शकुंतला रावत ने कहा कि जब भी मुझे मेरा कार्यकर्त्ता कहेगा में पूर्व की तरह सदा हाजिर रहूंगी। मैं बानसूर विधानसभा क्षेत्रवासियों को धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने गौशाला में ऐसा आयोजन किया। यदि ऐसे समस्त आयोजन गौशाला में होते रहें तो क्या कहने। रावत ने कहा कि मैं समस्त कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं को धन्यवाद देती हूँ कि ऐसे अवसर पर मुझे बुलाया गया। वहीं ब्लॉक बानसूर व नारायणपुर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में बाबा गिरधारी दास गौशाला में पूर्व मंत्री शकुंतला रावत का जन्मदिन मनाया गया।गौशाला में गौमाता की सवामणि में मौके पर पहुँची गौमाताओं को गुड़ खिलाया गया। पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर ने एक ट्रेक्टर ट्राली चारा और ग्यारह सौ रूपये तथा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने 51सौ रूपये गौशाला को दान किए।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर ने कहा कि बानसूर का विकास गति पकड़ता रहे और पूर्व मंत्री रावत स्वस्थ्य रहें और दीर्घायु रहें। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ नरेश सैन ने कहा कि पूरा जनमानस दुःखी है उनका कहना है कि पुनः बानसूर से शकुंतला रावत को जिताएंगे और विकास कराएँगे। वहीं बाबा गिरधारी दास गौशाला के संरक्षक महेश ढांचोलिया ने कहा राजस्थान की शेरनी और विकास की गंगा बहाने वाली शेरनी को उनके जन्मदिन पर गौशाला कमेटी की और से बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। इस मौके पर गौशाला कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सिंगल, संरक्षक महेश शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर, डॉ नरेश सैन, समाजसेवी रोशनलाल सैनी, ठेकेदार सीताराम गुर्जर समाजसेवी,रणजीत कसाना, युवा कांग्रेस नेता खेमचंद सरपंच, भोमाराम सरपंच, लक्ष्मण रावत, राजेन्द्र, कृषि उपजमण्डी के प्रथम और पूर्व चेयरमैन माडाराम अधाना, बनवारी नेताजी, नारायणपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रोशन सैनी, प्रधान सुमन सुभाष यादव, भूपसिंह बागड़ी, रणवीर डोई, सुबेसिंह अवाना, सतीश कसाना, अनुसूचित जाती /जनजाति,/ओबोसी /माइनॉरिटी के युवा नेता प्रमोद मीणा सहित काफ़ी संख्या में कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## आर्ष कन्या गुरुकुल की छात्राओं को गर्म वस्त्र भेट

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर कस्बे के आर्य समाज परिसर में संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल के लिए भामाशाहों द्वारा समय- समय पर विभिन्न वस्तुयें उपलब्ध कराई जाती है! इसी क्रम में मौसम के अनुसार भामाशाहों द्वारा बालिकाओं को गर्म वस्त्र उपलब्ध कराये! आर्ष कन्या गुरुकुल के अधीष्ठता( संस्थापक) हरिश्चंद्र शास्त्री ने बताया कि करौली जिले के हिण्डौन निवासी अशोक कुमार गुप्ता द्वारा सभी बालिकाओं को 5 वस्त्र एवं एक कम्बल प्रदान किया गया! भुसावर निवासी सेठ गुर्जरमल के परिजनों द्वारा संचालित सेठ गुर्जरमल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक बालिका को सम्पूर्ण गर्म इनर भेट किये!

**अप्रैल 2011 से संचालित है आर्ष कन्या गुरूकुल :** आर्ष कन्या गुरुकुल के अधीष्ठता( संस्थापक) हरिश्चन्द्र शास्त्री ने बताया कि आर्ष कन्या गुरुकुल की स्थापना अप्रैल 2011 में 13 बालिकाओं के साथ की गई थी! गुरुकुल में संस्कृत शिक्षा के साथ वर्तमान परिपेक्ष में दी जाने वाली शिक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी बालिकाओं को शिक्षा दी जाती है । शिक्षा के साथ में शारीरिक शिक्षा, जूडो कराटे, संध्या हवन, प्राणायाम के साथ संगीत कंप्यूटर शिक्षा एवं सिलाई शिक्षा का विशेष ध्यान रखा जाता है। गुरुकुल में कक्षा 5 से शास्त्री तक अध्यापन का कार्य कराया जाता है। जिसमें छात्राएं पारंगत होकर अपना भविष्य स्वयं चुनती हैं। वर्तमान में कन्या गुरुकुल से शिक्षा प्राप्त बालिकाओं में तीन बालिकाएं गुरुकुल कंगनी से एवं एक बालिका लखनऊ से पीएचडी कर रहे हैं। वहीं एक बालिका ने नीट की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर ली है। कुछ बालिकाएं बाबा रामदेव के पतंजलि में कमांडो एवं योग शिक्षक पद पर नियुक्त हैं अध्ययनरत छात्राओं के लिए भामाशाह ?,का विशेष सहयोग रहता है। बालिकाओं के माता-पिताओं पर अध्यापन के लिए कोई भी आर्थिक दबाव नहीं डाला जाता है । उनकी शक्ति के अनुसार वह जितना सहयोग कर सकते हैं उतना ही करते हैं । बाकी सभी यहां संस्था से जुड़े हुए भामाशाह बच्चियों के लिए सहयोग करते हैं।

# बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ मिले कैरियर गाइडेंस : सुराणा

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने की बाल दिवस के अवसर पर पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में बाल मेले में शिरकत

### कला प्रदर्शनी व क्विज का किया अवलोकन, बच्चों से हुए रूबरू, प्रतिभाओं का किया सम्मान, किया पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान



**चूरू (सुरेश शर्मा)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में बाल मेले का अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन कर तथा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों से रूबरू हुए। सुराणा ने कहा कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ कैरियर गाइडेंस मिले। इसके लिए शिक्षक-विद्यार्थी एप्रोच सुगम हो। विद्यार्थी - शिक्षक गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास का संचार होगा तथा बच्चे सीखने के लिए अधिक प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रयास करें कि बच्चों की स्कूली शिक्षा उत्कृष्ट रहे। स्कूली शिक्षा उनके कैरियर एवं शैक्षिक दृष्टिकोण से सर्वाधिक महत्व रखती है। इस समय में बच्चे सुदृढ़ एवं सुनहरे कैरियर के सपने देखते हैं। स्कूली शिक्षा बेहतरीन होने से बच्चे अपने सपनों को अधिक सुगमता से पूरे कर पाएंगे। उन्होंने बच्चों की क्विज प्रतियोगिता, कला प्रदर्शनी तथा स्काउट गाइड के कब -बुलबुल गतिविधि का अवलोकन किया तथा बच्चों से रूबरू हुए। सुराणा ने विद्यालय में सत्र 2023-24 में कक्षा 10 व 12 में टॉपर रहे प्राची न्यौल, प्रतिभा, वैभवी जालान, हर्ष शर्मा, सिमरन, महिमा मीना, आस्था एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता हर्षवर्धन, ऋषभ सैनी, निशांत, कुमकुम, रौनक सहित नेशनल लेवल पर खेल क्षेत्रा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जिला कलक्टर ने विद्यालय में बरगद का पेड़ लगाया।

## डीपीएस के युवा वैज्ञानिकों का विज्ञान राष्ट्रीय प्रदर्शनी में चयन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर, (दिनेश गोठवाल)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जयपुर के भारतीय विद्या भवन, विद्या आश्रम में दो दिवसीय क्षेत्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रदेशभर से आए हुए 70 विभिन्न विद्यालयों के लगभग 110 प्रतिभागियों में दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के दो युवा वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परचम फहराकर दिसम्बर माह में दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रदर्शनी हेतु अपना नामांकन सुनिश्चित कर दिया है। विद्यालय में विज्ञान की वरिष्ठ अध्यापिका श्वेता सोनी ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में कक्षा आठ के अनय वैश और धैर्यश पुरोहित ने वेस्ट मेनेजमेंट थीम के अंतर्गत झीलों की सफाई हेतु निर्मित रोबोट के प्रोजेक्ट को प्रस्तुत कर निर्णायक मंडल के सदस्यों का दिल जीत लिया। प्राचार्य श्री संजय नरवारिया ने बताया कि कुल 70 टीमों में से मात्र 14 टीमों को विजेता घोषित कर राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शनी हेतु चयन किया गया।

जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की टीम प्रथम स्थान पर विजेता रही। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, रा. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, किसान भवन लालकोठी खण्ड-टर्मिनल मार्केट,जयपुर
बिड आमन्त्रण सूचना संख्या 06/2024-25
राष्ट्रीय आयुष मिशन, राजस्थान राज्य आयुष सोसायटी के अन्तर्गत विभिन्न सिविल एवं ब्राडिंग कार्य हेतु खण्ड-प्रथम, जयपुर के अन्तर्गत 3 कार्यों हेतु राशि रू. 174.87 लाख, खण्ड-द्वितीय जयपुर के अन्तर्गत 2 कार्य हेतु राशि रू. 54.70 लाख एवं खण्ड-टर्मिनल मार्केट, जयपुर के अन्तर्गत 4 कार्य हेतु राशि रू. 135.79 लाख की ऑन-लाईन बिड ई-प्रोक्यूरमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/ramb एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। जिसका UBN No AGM2425WSOB00363, AGM2425WSOB00364, AGM2425WSOB00365, AGM2425WSOB00366, AGM2425WSOB00367, AGM2425WSOB00368, AGM2425WSOB00369 & AGM2425WSOB00370 है।
अधिशाषी अभियंता
डीआईपीआर/सी/24/7758

## सम्पादकीय

# कामयाबी की राह पर स्विगी

स्विगी की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश को 1.14 गुना खुदरा सबस्क्रिप्शन हासिल हुआ जबकि पात्र संस्थागत खरीदार क्षेत्र में करीब छह गुना सबस्क्रिप्शन प्राप्त हुआ। शेयर 8 फीसदी के प्रीमियम पर सूचीबद्ध हुआ और दिन समाप्त होते समय वह इश्यू कीमत से करीब 17 फीसदी ऊपर था। 11,327 करोड़ रुपये के इस इश्यू में 6,828 करोड़ रुपये की मौजूदा इक्विटी की बिक्री की पेशकश के साथ 4,499 करोड़ रुपये की नई पूंजी शामिल थी। अलॉटमेंट के प्रस्तावित विभाजन की बात करें तो डार्क स्टोर (तात्कालिक जरूरतें पूरा करने वाला छोटा स्टोर) विस्तार में करीब 26 फीसदी, ब्रांड प्रमोशन में करीब 24.8 फीसदी और टेक तथा क्लाउड में 15.6 फीसदी तथा इनऑर्गनिक वृद्धि (कारोबार खरीद तथा नए स्टोर खोलने) और सामान्य कॉर्पोरेट व्यय की फंडिंग के लिए 29.7 फीसदी राशि की बात कही गई है। इससे स्विगी की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं, क्योंकि उसे कम पहुंच वाले बाजार में भी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। क्विक कॉमर्स पर इस समय प्रमुखता से ध्यान दिया जा रहा है और कंपनी अपने विस्तार के लिए अधिग्रहण करने को तैयार है।

स्विगी फूड डिलिवरी के क्षेत्र की दो शीर्ष कंपनियों में से एक है और ई-कॉमर्स क्षेत्र की तीन मौजूदा बड़ी कंपनियों में से वह एक है। जोमैटो उसकी सीधी प्रतिद्वंद्वी है जिसने ब्लिंकइट का अधिग्रहण किया है और जो क्विक कॉमर्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बन चुकी है। क्विक-कॉमर्स में जेप्टो भी एक महत्त्वपूर्ण प्रतिद्वंद्वी कंपनी है। जोमैटो और ब्लिंकइट मिलाकर कई मायनों में स्विगी और इंस्टामार्ट से आगे हैं। परंतु स्विगी क्विक-कॉमर्स के क्षेत्र में पहल करने वाली कंपनी है और वह जल्दी फूड डिलिवरी की एक और नई श्रेणी तैयार करने वाली है। 2018 से 2023 के बीच फूड डिलिवरी और क्विक-कॉमर्स क्रमशः 42 फीसदी और 148-169 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़ा। कम पहुंच वाले क्विक- कॉमर्स बाजार में इंस्टास्मार्ट दोबारा बाजार हिस्सेदारी पा सकती है।

2024-25 की पहली तिमाही में स्विगी 32 शहरों में क्विक-कॉमर्स सेवा दे रही थी। इस अवधि में स्विगी के सक्रिय डॉर्क स्टोर की संख्या 557 थी जबकि ब्लिंकइट की 639। इस अवधि में कुल ऑर्डर मूल्य के मानक पर जोमैटो की बाजार हिस्सेदारी 64 फीसदी रही। स्विगी का औसत ऑर्डर मूल्य ब्लिंकइट से कम है। इंस्टास्मार्ट का मार्जिन ऋणात्मक है जबकि ब्लिंकइट मामूली रूप से धनात्मक है। फूड डिलिवरी में जोमैटो की बाजार हिस्सेदारी पहली तिमाही में करीब 58 फीसदी रही। औसत ऑर्डर मूल्य तकरीबन एक जैसा रहा लेकिन स्विगी का मार्जिन कम रहा। स्विगी की डाइन आउट सेवाएं 52 शहरों में हैं और यह क्षेत्र कुल ऑर्डर मूल्य में दो फीसदी के नुकसान पर है। मार्जिन पहले ही कम है। जोमैटो ने वित्त वर्ष 24 में 12,114 करोड़ के राजस्व पर कर पश्चात 351 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया जो 3 फीसदी का शुद्ध मार्जिन दिखाता है। जबकि स्विगी को उसी वर्ष 11,634 करोड़ रुपये के राजस्व पर 2,350 करोड़ रुपये का नुकसान सहना पड़ा। सकारात्मक पहलू की बात करें तो स्विगी के पास एकीकृत ऐप है जो उपयोगकर्ताओं को अधिक सहज लगती है। सकल ऑर्डर मूल्य पर प्रति उपयोगकर्ता मासिक खर्च जोमैटो से अधिक है।

## गुरुनानक देव जयन्ती पर विशेष

# गुरुनानक देव समाजक्रांति एवं धर्मक्रांति के पुरोधा

**गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर ज़ोर दिया। उन्होंने अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया।**

ललित गर्ग



भारतीय संस्कृति में गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। अणु को विराट के साथ एवं आत्मा को परमात्मा के साथ एवं आत्मज्ञान को प्राप्त करने के एक नए मार्ग की परंपरा का सूत्रपात गुरुनानक ने किया है, यह किसी धर्म की स्थापना नहीं थी। उन्होंने परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने का मार्ग बताया। यही वह सार्वभौम तत्व है, जो मानव समुदाय को ही नहीं, समस्त प्राणी जगत् को एकता के सूत्र में बांधे हुए हैं। इसी सूत्र को अपने अनुयायियों में प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करते हुए 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरुआत की थी, जहां गरीब-राजा, ऊंच-नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने 'निर्गुण उपासना' पर जोर दिया और उसका ही प्रचार-प्रसार किया। वे मूर्ति पूजा नहीं करते थे और न ही मानते थे। ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है, इसमें ही नानक देव का पूरा विश्वास था। उनका धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति, भक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है। गुरुनानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव सर्वधर्म सद्भाव की प्रेरक मिसाल है। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात् करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया।

गुरु नानकजी ने गुलामी, नस्लीय भेदभाव, और लिंगभेद की निंदा की। वे कहते थे कि पैसे हमेशा जेब में होने चाहिए, हृदय में नहीं। मनुष्य को लोभ का त्याग करना चाहिए और सदैव परिश्रम से धन कमाना चाहिए। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। आपके स्वभाव में चिंतनशीलता थी तथा आप एकांतप्रिय थे। आपका मन स्कूली शिक्षा की अपेक्षा साधु-संतों व विद्वानों की संगति में अधिक रमता था। बालक नानक ने संस्कृत, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान घर पर रहकर ही अर्जित किया। इनके पिता ने जब पुत्र में सांसारिक विरक्ति का भाव देखा तो उन्हें पुनः भौतिकता की ओर आसक्त करने के उद्देश्य से पशुपालन का कार्य सौंपा। फिर भी नानकदेव का अधिकांश समय ईश्वर भक्ति और साधना में व्यतीत होता था। नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुईं जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। कहते हैं कि नानकदेवजी से ही हिंदुस्तान को पहली बार हिंदुस्तान नाम मिला। लगभग 1526 में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था- खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराईआ। एक और घटना है- नानक ग्रीष्म ऋतु की चिलचिलाती धूप में किसी ग्राम में गए। वहाँ वे गर्मी से बेहाल विश्राम करने के लिए बैठ गए। उन्हें कब नींद आ गई पता ही नहीं चला क्योंकि एक बड़े सर्प ने अपना फन फैलाकर उन्हें छाया प्रदान कर दी थी। गाँववाले यह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। गाँव के मुखिया ने उन्हें देवस्वरूप समझकर प्रणाम किया। तभी से नानक के नाम के आगे 'देव' शब्द जुड़ गया। वे कालांतर में 'गुरु नानकदेव' के नाम से विख्यात हुए। उनका उद्देश्य भी भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा करना ही था। गुरुनानक देव का जीवन सदैव समाज के उत्थान में बीता। गुरुनानक देव जी ने न केवल शिक्षाएं दीं, बल्कि स्वयं भी इसका पालन किया। उन्होंने करतारपुर साहिब में बिताए अपने जीवन के आखिरी 18 वर्षों में खेतों में हल चला कर यह बताया कि हर इंसान को अपने जीवन में मेहनत करनी चाहिए। एक अन्य रोचक घटना में उनके पिता ने उन्हें गृहस्थ आश्रम की ओर ध्यानाकर्षित करने के लिए तत्कालीन नबाव लोदी खाँ के यहाँ नौकरी दिलवा दी। वहाँ उन्हें भंडार निरीक्षक की नौकरी प्राप्त हुई। परंतु नानक वहाँ भी साधु-संतों पर बेहिसाब खर्च करते रहे। इसकी शिकायत नवाब तक पहुँची तब उसने नानक के खिलाफ जाँच के आदेश दे दिए। परंतु आश्चर्य की बात यह थी कि उस जाँच में कोई कमी नहीं पाई गई। एक बार नानकदेव भ्रमण के दौरान मक्का पहुँचे। वह थकान के कारण काबा की ओर पैर करके सो गए। जब वहाँ के मुसलमानों ने यह दृश्य देखा तो वे अत्यधिक क्रोधित हुए। चमत्कार उस समय घटित हुआ जब लोग उनका पैर जिस दिशा में करते उन्हें उसी दिशा में काबा के दर्शन होते। यह देखकर सभी ने उनसे श्रद्धापूर्वक क्षमा माँगी। गुरु नानक देव ने 'गुरुग्रंथ साहब' नामक ग्रंथ की रचना की । यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है । इसमें कबीर, रैदास व मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं। 70 वर्षीय गुरुनानक सन् 1539 ई? में अमरत्व को प्राप्त कर गए।

श्री गुरुनानक देवजी के सबसे निकटस्थ शिष्य मरदाना को माना जाता है जो कि जाति से मुसलमान थे। आप देखिये नानक देवजी के तप का प्रभाव कि मरदाना ने अपना पूरा जीवन गुरुनानकजी के सेवा में गुजारा। सैकडों साल पुराने सामाजिक सच, आज के सच हों, यह जरूरी नहीं है। अतः सत्य की खोज के लिए गतिशीलता एवं विवेक की अपेक्षा है। उन्होंने परम चक्षु-अंतर्दृष्टि को जगा और श्रेष्ठताओं के संवर्धन हेतु विशिष्ट पराक्रम किया। इसका तात्पर्य यह है कि आध्यात्मिक विकास हेतु विवेकयुक्त पुरुषार्थ की नितांत अपेक्षा रहती है। एक बार कुछ लोगों ने गुरुनानक देव से पूछा कि हमें यह बताइए कि आपके अनुसार हिंदू बड़ा है या मुसलमान तो गुरु साहिब ने उत्तर दिया, 'अवल अल्लाह नूर उपाइया कुदरत के सब बंदे, एक नूर से सब जग उपजया कौन भले कौन मंदे।' यानी सब इंसान ईश्वर के पैदा किए हुए हैं, न तो हिंदू कहलाने वाला भगवान की नजर में कबूल है, न मुसलमान कहलाने वाला। रब की निगाह में वही बंदा ऊंचा है जिसका अमल नेक हो, जिसका आचरण सच्चा हो। इस तरह गुरुनानक देव सच्चे गुरु एवं परमात्मा स्वरूप हैं।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



नकाते शिवप्रसाद मदन (आईएएस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं, शानदार व जमीन से जुड़े हुए आईएएस अधिकारी नकाते शिवप्रसाद मदन। 1 जून सन 1986 को इनका जन्म महाराष्ट्र में हुआ शिक्षा बी.टेक(कृषि इंजीनियरिंग) एम.टेक(कृषि विद्युत एवं मशीनरी) से कर सिविल सेवा में आए और विभिन्न पदों पर रहकर सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचा रहे हैं। ये जो तस्वीर आप देख पा रहे हैं ये भीलवाड़ा जिले में डीएम पद के दौरान जिला कलेक्टर शिवप्रसाद एम नकाते की ही है।

कोविड़ के दौरान हल्की बूंदाबांदी के क्रम में देर रात हुई बारिश और कोरोना के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन के बाद स्थिति की जानकारी लेने साईकिल पर निकले थे नकाते। बेहद शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं नकाते। इनके शानदार व्यक्तित्व को आज भी भीलवाड़ा की जनता याद करती है। आज ये आयुक्त, आबकारी विभाग एवं पदेन मद्य निषेध निदेशक, राजस्थान, उदयपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं। ये प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम रीको एवं आयुक्त, दिल्ली.मुम्बई औद्योगिक कोरिडोर, जयपुर। आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय,राजस्थान जयपुर। प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम रीको एवं पदेन आयुक्त, दिल्ली-मुम्बई औद्योगिक कोरिडोर, जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अलवर। कार्यकारी निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम रीको जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर। आयुक्त नगर निगम, जोधपुर। आयुक्त नगर निगम, कोटा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं आयुक्त नगर निगम कोटा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद बारां। उपखण्ड अधिकारी, झालावाड़। प्रशिक्षणाधीन एलबीएसएनए मसूरी। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन भरतपुर। दौसा, जयपुर में प्रशिक्षणाधीन रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 15 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- समाज सुधारक राजा राम मोहन राय 1830 में इंग्लैंड के लिए रवाना हुए।
- जिनेवा में 1920 में लीग ऑफ नेशंस की पहली बैठक आयोजित की गई।
- जर्मनी में मुद्रा स्फीतीं की दर 1923 में अत्यधिक उच्चतम स्तर पर जा पहुँची।
- नाजी जर्मनी और जापान के बीच 1936 में कोमिंट्रन विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन 1947 में संयुक्त राष्ट्र का विशिष्ट अभिकरण बन गया।
- फिलिस्तीन से ब्रिटिस सेना की वापसी 1947 में आरंभ हुई।
- महात्मा गांधी की हत्या के दोषी नाथूराम गोडसे और नारायण दत्तात्रेय आप्टे को 1949 में फाँसी दी गई।
- पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच 1955 में व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- संयुक्त राष्ट्र ने 1961 में परमाणु हथियारों पर रोक लगाई।
- पी.एल.ओ. के अध्यक्ष यासर अराफात द्वारा 1988 में फ़िलिस्तीन स्वतंत्र राष्ट्र घोषित।
- पाकिस्तान के कराची में वकार यूनुस और सचिन तेंदुलकर ने 1989 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 1998 में अपना एशियाई देशों भारत एवं पाकिस्तान का दौरा रद्द किया।
- फिजी में 2000 में तख्ता पलट अवैध घोषित।
- झारखंड सन 2000 में भारत का 28वां राज्य बना।
- तुर्की के इस्ताम्बल शहर में यहूदियों के प्रार्थना स्थल के पास 2003 में हुए बम विस्फोट में 16 लोगों की मृत्यु और 150 घायल।
- अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने 2004 में अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- चिली में 2007 में 7.7 तीव्रता का भीषण भूकम्प आया।
- एरियाना-5 रॉकेट ने 2007 में ब्रिटेन व ब्राजील के दूरसंचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर वाई वेणुगोपाल रेड्डी को 2008 में वैश्विक वित्तीय प्रणाली में सुधार की जाँच के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा गठित टास्क फोर्स में शामिल किया गया।
- योगेन्द्र मकबाल ने 2008 में राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस के नाम से नई पार्टी बनाई।

### 15 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- भारत की प्रथम महिला बैरिस्टर कार्नेलिया सोराबजी का जन्म 1866 में हुआ।
- भारत प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक आदिवासी नेता बिरसा मुण्डा का जन्म 1875 में हुआ।

## विशेष आलेख

# कार्तिक पूर्णिमा आज, देव दीपावली का पर्याय है कार्तिक पूर्णिमा

राकेश शर्मा





कार्तिक पूर्णिमा हिंदू कैलेंडर के अनुसार कार्तिक माह की पूर्णिमा को मनाई जाती है, जो अक्टूबर या नवम्बर माह में आती है। यह दिन विशेष रूप से धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है और भारत के विभिन्न हिस्सों में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा को तुलसी विवाह, गंगा स्नान, देव दीपावली, और क्षीर सागर मंथन जैसे प्रमुख धार्मिक कार्यों से जोड़ा जाता है। यह दिन विशेष रूप से पुण्य का दिन होता है, जब लोग गंगा, यमुना, और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करने के बाद दीप जलाते हैं और व्रत रखते हैं।

**कार्तिक पूर्णिमा का धार्मिक महत्व :** मां कामाख्या शोध संस्थान खेरदा सवाई माधोपुर के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री का कहना है कि कार्तिक पूर्णिमा का हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्व है। इसे विशेष रूप से भगवान शिव, विष्णु और देवी लक्ष्मी के पूजन के लिए जाना जाता है। इस दिन, श्रद्धालु विशेष रूप से उन देवताओं की पूजा करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। आचार्य ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि शिव कार्तिक पूर्णिमा को भगवान शिव का पूजन विशेष रूप से किया जाता है। शास्त्री के अनुसार मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव ने तम (अंधकार) और रज (अराजकता) को नष्ट करके सत (सत्यम) का उद्घाटन किया था। इस दिन शिव के भक्त शिवलिंग का अभिषेक करते हैं और रात्रि जागरण का आयोजन करते हैं। पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि इस दिन भगवान विष्णु के अनुयायी विशेष रूप से उनका ध्यान करते हैं और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करते हैं। साथ ही, यह दिन भगवान विष्णु के अवतार मच्छेंद्रनाथ के सम्मान में भी मनाया जाता है। पंडित शास्त्री के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशेष रूप से तुलसी विवाह की परंपरा है। इस दिन तुलसी (व्रजनिवासिनी) का विवाह भगवान श्री कृष्ण से किया जाता है। यह विवाह एक धार्मिक अनुष्ठान के रूप में संपन्न होता है और इसे एक पवित्र कार्य माना जाता है।

**कार्तिक पूर्णिमा का महत्व गंगा स्नान में :** मां कामाख्या शोध संस्थान के अध्यक्ष तारा चंद शास्त्री के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा को गंगा में स्नान का विशेष महत्व है। भारत के विभिन्न तीर्थ स्थल जैसे हरिद्वार, काशी, प्रयाग, इलाहाबाद आदि में लाखों लोग इस दिन गंगा में स्नान करने के लिए जाते हैं। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। विशेष रूप से काशी (वाराणसी) में कार्तिक पूर्णिमा के दिन एक विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाते हैं। आचार्य ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली भी कहा जाता है। इस दिन विशेष रूप से दीप जलाने की परंपरा है। हिंदू मान्यता के अनुसार, इस दिन देवता पृथ्वी पर उतरते हैं और अपने भक्तों के घरों में दीप जलाने से वहां की नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मकता लाते हैं। दीपों का यह पर्व रात को विशेष रूप से मनाया जाता है, जब हर जगह दीपों की सजावट होती है। यह परंपरा विशेष रूप से वाराणसी, मथुरा और अयोध्या में बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है।

**क्षीर सागर मंथन :** पण्चंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा का दिन उस महान घटना का भी स्मरण है, जब देवताओं और दैत्यों ने मिलकर क्षीर सागर मंथन किया था। इस मंथन से अमृत की प्राप्ति हुई थी, और इस दिन से अमृत के साथ भगवान विष्णु ने समुद्र मंथन की पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया था। इस मंथन से प्राप्त अन्य रत्नों में कल्पवृक्ष, रत्नकुंभ, देवी लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि का आविर्भाव हुआ था। इसलिए इस दिन का महत्व समुद्र मंथन से जुड़ा हुआ है।

**अन्य धर्मों में भी है कार्तिक पूर्णिमा का महत्व :** पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा का महत्व केवल हिंदू धर्म में ही नहीं, बल्कि बौद्ध धर्म और सिख धर्म में भी है।

**बौद्ध धर्म :** इस दिन को बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन भगवान बुद्ध ने बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया था। यह बौद्धों के लिए एक विशेष दिवस है, जब वे ध्यान और उपासना करते हैं। शास्त्र का कहना है कि सिख धर्म में इस दिन का महत्व इसलिए है क्योंकि कार्तिक पूर्णिमा को सिखों के छठे गुरु, श्री गुरु हरगोविंद जी का जन्म हुआ था। इसे गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गुरु जी के उपदेशों और उनके योगदान को याद किया जाता है।

**व्रत और अनुष्ठान :** आचार्य ताराचंद शास्त्री के मुताबिक कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशेष रूप से व्रत रखने और पूजा करने का महत्व है। बहुत से लोग इस दिन उपवासी रहते हैं और पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। यह दिन विशेष रूप से तप, ध्यान और साधना का है, जहां लोग अपना आत्मकल्याण और परमात्मा से मिलन की इच्छा रखते हैं।

**उपसंहार :** पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि कार्तिक पूर्णिमा भारतीय संस्कृति और धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस है, जो धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से प्रासंगिक है। यह दिन न केवल धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा का अवसर होता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। श्रद्धालु इस दिन अपनी मानसिक शांति और आत्मिक उन्नति के लिए प्रार्थना करते हैं और दूसरों के लिए भी शुभकामनाएं प्रकट करते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

### वृष
आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

### मिथुन
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

### कर्क
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

### सिंह
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

### कन्या
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

### तुला
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

### वृश्चिक
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

### धनु
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

### मकर
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### कुंभ
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

### मीन
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# सनशाइन ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** सनशाइन ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चाचा नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती पूजन एव भारत के प्रथम प्रधामंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को माल्यार्पण कर की गई । संस्था निदेशक विशाल श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया की चाचा नेहरू को बच्चों से बहुत ज़्यादा लगाव था 14 नवम्बर चाचा के जन्म दिन को उन्हें श्रद्धांजलि के रूप में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के मनोरंजन के लिये बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न खेलों की एव खाने - पीने की स्टालो का आयोजन किया गया । बच्चों के द्वारा बच्चों के लिये थीम पर पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

मेले का मुख्य आकर्षण हरित नर्सरी रही जिसके द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया । कार्यक्रम में अभिभावक भी अपने बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और मेले का आनंद लिया। मेले के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया और स्कूल परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए थे। इस अवसर पर विद्यालय के विशाल शर्मा, मीनाक्षी जैन, रीना खंडेलवाल, अंजु साहू, शीला गोस्वामी, नवीन प्रभा, वाज़ेदा तबस्सुम, कविता चौहान, उगनता यादव, ऐमन ख़ान, अवनी विजय, उर्वशी विजय, टीना यादव, असरा ख़ान, राफ़िया ख़ान, रईस बी, योगेश सैनी, सतीश सोनी, अनिल हल्दुनिया, हरिराम जाट, हेमराज़ कुमावत, सतीश बैरवा आदि उपस्थित रहे ।

मालपुरा उपखण्ड अधिकारी के पक्ष में उतरे कर्मचारी, अभिभाषक, सरपंच व जाट समाज

# मालपुरा के सभी सरकारी रहे पेन डाउन हड़ताल पर रहकर दिया सांकेतिक धरना

## मालपुरा उपखण्ड अधिकारी के पक्ष में उतरे कर्मचारी, अभिभाषक, सरपंच व जाट समाज

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के साथ हुए चुनावी ड्यूटी के दौरान हुए थप्पड़ कांड का मालपुरा में जोरदार विरोध सामने आया। जिसमें ब्लाक के सभी अधिकारियो कर्मचारियो ने पेन डाउन हड़ताल कर सांकेतिक धरना दिया। वहीं जाट समाज ने विरोध जुलुस निकाल कर व अभिभाषक संघ ने सांकेतिक धरना देकर विरोध कर ज्ञापन सौंपा। जिले के उनियारा देवली विधानसभा क्षेत्र के उपचुनावो में पर्यवक्षक की ड्यूटी निभा रहे मालपुरा उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के साथ समरावता गांव के पोलिंग बूथ पर चुनावी ड्यूटी करते समय निर्दलिए प्रत्याशी नरेश मीणा ने अभद्र व्यवहार कर थप्पड़ तक जड़ दिया। जिसके बाद एसडीएम थप्पड़ कांड का जबरदस्त विरोध सामने आया। इसी विरोध के चलते बीति देर रात्रि मालपुरा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय व पंचायत समिति तथा नगरपालिका मालपुरा के कर्मचारियो के प्रतिनिधिमंडल ने विकास अधिकारी अभिमन्यू चौधरी, तहसीलदार पवन कुमार व अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट के नेतृत्व में जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा से मिलकर नरेश मीणा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने के बाद देर रात्रि तक धरना प्रदर्शन किया। वहीं गुरूवार को उपखण्ड मुख्यालय पर इस मामले का जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

**ब्लॉक के सभी सरकारी कर्मचारी रहे पेन डाउन हड़ताल पर :** एसडीएम चौधरी के साथ हुए दुर्व्यवहार मामले को लेकर गुरूवार को जोरदार तरीके से सामने आया। जिसमें मालपुरा उपखण्ड मुख्यालय के सभीसरकारी कार्यालयो ने पेन डाऊन हड़ताल कर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के सामने सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन सौंपा। इस पेन डाडन हड़ताल में तहसीलदार पवन कुमार व विकास अधिकारी अभिमन्यू चौधरी तथा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी, तहसील, पंचायत समिति, जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, कृषि मंडी, कृषि विभाग,



चिकित्सा विभाग , नगरपालिका सहित अन्य सभी सरकारी कार्यालयो के कर्मचारी मौजुद रहे। कर्मचारियो के हड़ताल पर रहने के चलते सरकारी कार्यालयो के काम काज पर विपरीत असर पड़ा। आम जन से जुड़े कार्य नहीं होने से आम जन को भारी परेशानी उठानी पड़ी। इसके अलावा सरपंच संघ के अध्यक्ष भंवरलाल घायल व अभिभाषक संघ के अअध्यक्ष एडवोकेट रविकुमार जैन के नेतृत्व में सभी वकीलो ने न्यायिक कामकाज स्थगित कर सांकेतिक धरना देकर इस घटना का विरोध प्रकट कर आरोपी नरेश मीणा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।

**उपखण्ड अधिकारी धरनार्थियों से मिलकर जाने हालात :** गुरूवार को उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे सरकारी कार्यालयो के अधिकारियो, कर्मचारियो, अभिभाषक संघ के सदस्यो सहित जाट समाज के लोगो से उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी धरना स्थल पर पहुंच कर मुलाकात की। इस दौरान एसडीएम चौधरी ने सारे मामले की जानकारी लेकर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने का आव्हान किया।

## आवासन मंडल अग्रवाल समाज समिति का अनुकूल महोत्सव सम्पन्न



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** स्थानीय अग्रवाल समाज समिति आवासन मंडल की ओर से गुरुवार को अग्रसेन सदन में दीपावली महोत्सव उपलक्ष में अन्नकूट कार्यक्रम आयोजित हुआ, बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की! समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया इस मौके पर आगन्तुकों का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया! महोत्सव में आने वाले आगन्तुकों ने भी समाज के विकास के लिए श्रद्धानुसार दान राशि प्रदान की।

## नामान्तरण भरवाने की मांग

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा क्षेत्र के लड़ी ग्राम निवासी नाथूराम पुत्र सोनीराम उर्फ सोम्या बैरवा ने जिला कलक्टर को ज्ञापन प्रेषित किया है। नाथूराम की ओर से सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि सोनीराम की मृत्यु हो चुकी है। जिनके हम तीन पुत्र हैं। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि मृतक की बहु संतोष देवी ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया मृतक की एक वसीयतनामा के आधार पर मृतक की सम्पूर्ण अचल सम्पति का नामान्तकरण उसके नाम से खोला जाए। यह वसीयतनामा एक एटाम्प पर था। जिसर्को लेकर संतोष के खिलाफ इस्तगासा दर्ज करवाया गया। जिसकी सुनवाई के बाद तहसीलदार मालपुरा ने वसीयतनामे को दरकिनार कर मृतक की अचल सम्पति का नामान्तकरण मृतक के बेटो व पुत्रियो के नाम खोले जाने के आदेश जारी किए। जिला मजिस्ट्रेट व संभागीय आयुक्त ने भी तहसीलदार मालपुरा द्वारा जारी आदेशो को यथावत रखने का निर्णय पारित किया। आदालतो के आदेशो के बावजूद मृतक सोनीराम की अचल सम्पति का नामान्तकरण आज तक नहीं खोला गया है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि उसकी उर्म 75 साल के लगभग हो चुकी है। अब अदालतो में तारीख पेशी पर जाने में असमर्थ हुँ। ज्ञापन में इस दावे का शीध्र निस्तारण करवाया जाकर नामान्तरण खुलवाने की मांग की गई है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** जनजातीय कल्याण- विजन से मिशन तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय समारोह एवं संवाद कार्यक्रम 15 नवंबर को प्रात: 9:30 बजे रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्राहलय में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिला स्तरीय समारोह को वर्चुअल सम्बोधित करेंगे। जिला स्तरीय समारोह में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक शिरकत करेंगे।

## लटिया में शव मिलने से फैली सनसनी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** लटिया में शव मिलने से सनसनी। आलनपुर स्थित लटिया नाले में एक पुरुष का शव मिलने से सनसनी फैल गई। कोतवाली थाना प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व शंभू नाथ घर से लापता था वह नशा करता था नशे में वह लटिया में गिर गया और उसकी वहां मृत्यु हो गई सुबह लोगों ने उसके शव को देखकर पुलिस को सूचना दी इस पर पुलिस ने शव बरामद कर चिकित्सा में पोस्टमार्टम करवाया, जहां उसके चुनाव उसके परिजनों ने शंभू नाथ के रूप में की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अतिरिक्त रोल पर्यवेक्षक ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की ली बैठक

## मतदाताओंके पंजीकरण में अपेक्षित सुधार करें

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त अतिरिक्त रोल पर्यवेक्षक डॉ. जोगाराम शासन सचिव सामान्य प्रशासन विभाग राजस्थान जयपुर ने जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पुनरीक्षण गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची के हैल्थ पैरामीटर्स यथा जेन्डर रेश्यो, मतदाता-जनसंख्या अनुपात (ईपी रेश्यो), आयु वर्ग के अनुसार मतदाताओं के पंजीकरण आदि की जांच की तथा इनमें अपेक्षित सुधार के लिए निर्वाचन विभाग के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त रोल पर्यवेक्षक ने जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी की उपस्थिति में गुरूवार को जिला कलक्टर कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक ली तथा मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपने दल की ओर से बूथ लेबल अभिकर्ता नियुक्त करने के सम्बन्ध में आग्रह किया।

उन्होनें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न नवाचारों यथा एक वर्ष में चार अर्हता तिथियां, वोटर्स हैल्पलाईन एप्प एवं राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन पंजीकरण, ई-ईपिक की सुविधा आदि के सम्बन्ध में अवगत कराया तथा अधिक से अधिक व्यक्तियों को इनका उपयोग करने हेतु प्रेरित करने हेतु आग्रह किया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी की ओर से नीलकमल जैन इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से हरिमोहन शर्मा तथा सीपीएम की ओर से रामगोपाल गुणसारिया उपस्थित रहे।

## पिंक पर्ल मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनाया चिल्ड्रंस डे



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** गुरुवार को रेलवे स्टेशन रोड विकास कॉलोनी स्थित पिंक पर्ल मॉर्डन पब्लिक स्कूल में चिल्ड्रंस डे मनाया गया । जय नारायण कुमावत ने बताया कि चिल्ड्रन डे के दौरान विद्यार्थियों ने पं. जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका जन्म दिन मनाया गया। इस दौरान संस्था प्राचार्या डॉ. गीता कुमावत ने पं. जवाहर लाल नेहरू की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया । इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वावलंबन के बारे में भी बताया गया उन्होंने बताया कि छात्र छात्राओं द्वारा दुकानें लगाकर शिक्षा के साथ व्यापार करने का भी अनुभव प्राप्त किया ।

इस दौरान सभी छात्र छात्राओं ने अपनी इच्छा अनुसार भेलपुरी, मैग्गी,पानी पूरी, दाल पकवान, चाऊमीन, सैंड विच, समोसे, कचोरी, खेल, आदि की दुकान लगाकर व्यापार करने की जानकारी ग्रहण की संस्था निदेशक ओम प्रकाश कुमावत ने बच्चो को धन्यवाद ज्ञापित कर बाल मेले के समापन की घोषणा की।

## चोरों ने खाटू श्याम जी को भी नहीं बख्शा, मंदिर में ले गए भगवान का सामान दो संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ जारी

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** भगवान खाटू श्याम जी के जन्मदिवस के 48 घंटे में पूरे नहीं हुए कि चोरों ने बुधवार रात्रि को मंदिर में घुसकर भगवान के चांदी की बांसुरी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। साथ ही कुछ नगदी भी अपने साथ ले गए! कोतवाली थाना प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि अग्रसेन कॉलोनी स्थित भगवान खाटू श्याम जी का मंदिर के पुजारी ने रिपोर्ट में बताया कि खाटू श्याम जी के जन्मदिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मंदिर में आए थे इनमें से कुछ संदिग्ध लोगों ने बुधवार रात्रि को भगवान के चांदी के समान जिनमें मुरली आदि सामान को चोर ले गए। वहां रखी मुख्य दान पत्र को



छोड़कर अन्य दान पत्र में से कुछ नगदी भी ले गए। घटना पता सुबह चलने पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई इस पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में फुटेज देखकर दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए थाने ले जहां उनसे पूछता चल रही है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्य आरोपी नरेश मीणा गिरफ्तार, टोंक पुलिस की 28 टीमें गठित कर अब तक 60 नामजद आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा/टोंक ( का.स. )।** दिनांक 13.11.2024 को विधानसभा क्षेत्र देवली उनियारा में विधानसभा उप चुनाव 2024 के दौरान ग्राम समरावता थाना नगरफोर्ट, जिला टोंक में ग्रामीणो द्वारा उनके गांव समरावता को उपखण्ड देवली से हटाकर उपखण्ड उनियारा मे शामिल करने की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया गया। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने उक्त मांग को लेकर ग्रामीणो को साथ लेकर धरना शुरू कर दिया। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने वहॉ मोजूद एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी ,आरएएस उपखण्ड अधिकारी मालपुरा के थप्पड मार दी। धरनास्थल से नरेश मीणा बाहर निकला, जिसको पुलिस बल द्वारा हिरासत मे लेकर पुलिस वाहन मे बिठाया



गया तो नरेश मीणा के समर्थको ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया, जिसका फायदा उठाकर नरेश मीणा फरार हो गया।

उपद्रवियो द्वारा दो राजकीय वाहन व 7 प्राईवेट चोपहिया वाहनो एवं लगभग 25 मोटर साईकिलों मे आग लगा दी गई तथा 02 प्राईवेट वाहनों में तोडफोड़ की गई। इसके पश्चात उपद्रवियो द्वारा ग्राम कचरावता के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148 डी को भी बाधित किया गया। महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेन्ज, अजमेर ने घटनास्थल पर पहुंकर, जायजा लिया एवं मौके पर कैम्प कर समुचित पर्यवेक्षण किया। इस सम्बन्ध में थाना नगरफोर्ट पर 4 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। नरेश मीणा समर्थकों द्वारा किये गये तोड़-फोड़ एवं आगजनी के सभी घटनास्थल का अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था, राज. जयपुर, सम्भागीय आयुक्त एवं महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेन्ज, अजमेर द्वारा निरीक्षण किया गया। उक्त घटना के मुख्य आरोपी नरेश मीणा को गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में अलग-अलग जिलों में 25 प्रकरण पंजीबद्ध है तथा आरोपी स्टेण्डिंग वारन्टी है, जिसकी सभी प्रकरणों में गिरफ्तारी की जायेगी।

आरोपी नरेश मीणा की गिरफ्तारी के पश्चात् उसके समर्थकों द्वारा 1-2 स्थानों पर जाम लगाया गया था, जिनको खुलवा दिया गया है। जिला पुलिस की 28 टीमें गठित की गई हैं, अब तक 60 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं अन्य नामजद आरोपियों की तलाश जारी है।

## अतिक्रमण हटवाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षेत्र के अजीतपुरा ग्राम के ग्रामीणो ने जलदाय मंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति सौंप कर अजीतपुरा गांव में सार्वजनिक चरागाह भूमि पर हो रखे अतिक्रमणो को तुरन्त हटवाने की मांग की गई है। गुरूवार को भारतीय किसान संघ के ब्लाक अध्यक्ष गोपीराम गोदारा के नेतृत्व में किसानो के प्रतिनिधिमंडल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि गांव के सार्वजनिक चरागाह भूमि पर अतिक्रमण होने से गांव के मवेशियो को भारी परेशानी हो रही है। साथ ही आम रास्तो पर अतिक्रमण होने से किसानो के खेतो में जाने के रास्ते अवरूद्ध हो जाने से किसानो को खेती कार्य करने में भी भारी परेशानी हो रही है। अतिक्रमणो की भरमार होने के बाद ग्रामीणो द्वारा अतिक्रमण हटाने की बात कहने पर लड़ाई झगड़ा होने का अंदेशा बना रहता है। जिससे अजीतपुरा गांव की शांति भंग हो चुकी है। ज्ञापन में सार्वजनिक चरागाह भूमि को अतिक्रमण से शीध्र मुक्त करवा कर ग्रामीणो को राहत दिए जाने की मांग की गई है।

## पात्र विद्यार्थियों को मिले सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : रश्मि गुप्ता

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, निर्माणाधीन विकास कार्यो तथा बजट घोषणा 2024-25 की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्भागीय आयुक्त भरतपुर रश्मि गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। सम्भागीय आयुक्त ने कहा कि सरकार के संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आवश्यक रूप से प्रदान किया जाए। उन्होने विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिन सड़कों का मरम्मत कार्य किया जाना है उन्हें तत्काल प्रभाव से पूर्ण किया जाए। इसके साथ-साथ बजट घोषणा 2024-25 में नवीन सड़को की चौड़ाईकरण के संबंध में की गई घोषणाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने



बिजली के झूलते तारों को कसवाने, झुके खम्भों को सहीं करवाने, बिजली की छीजत रोकने के साथ-साथ बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल को प्रदान किए। उन्होंने रीको मैनेजर जीएस मीणा को औद्योगिक प्रतिष्ठानों में वर्षा जल संचयन के लिए वाटर हार्वेस्टिंग लगाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

# अस्वस्थता राष्ट्र की पहली बाधा, आयुर्वेद चिकित्सालय भवन को किसने रोंधा

## किसके इशारे पर कटे पेड़, किसने खुदाई खाई, विधानसभा क्षेत्र में बना यह चर्चा का विषय

## आखिर क्या सत्ता की चाटुकारिता लोगों से खिलवाड़ करे, और कार्यवाही न हो तो इसे कहते हैं राजतन्त्र

बढ़ता राजस्थान





**बानसू( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र में एक मामला ऐसा सामने आया है कि जब लोग सुनेंगे और जाकर देखेंगे तो उनके होश उड़ जायेंगे। ऐसा ही मामला पंचायत समिति क्षेत्र के खेड़ा ग्राम पंचायत का है। जो वर्षों पूर्व मंत्री व विधायक बाबू बद्रीप्रसाद गुप्ता के आशीर्वाद से गाँव खेड़ा में आयुर्वेद चिकित्सालय खुला था। जिसका भवन एक भामाशाह द्वारा तैयार किया गया था। उसके बाद ग्राम पंचायत खेड़ा व राज्य सरकार की स्वीकृति राशि व नक्शा मौके के आधार पर बने भवन में यथावत आयुर्वेद चिकित्सालय चल रहा था।जिसमें आयुर्वेद विभाग के निर्देशानुसार औषधिय पौधे लगाए हुए थे। उनमें से प्रमुख आयुर्वेदिक औषधिय पेड़ बिलपत्र, तुलसी,गिलोय, पत्थरचट्टा,नीम व शीशम लगे हुए थे।बिलपत्र जहाँ औषधि में काम आता है वहीं वह भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना में भी काम आता है। लेकिन किसकी सह पर सभी पेड़ों और पौधों को काटकर नष्ट कर दिया गया।चिकित्सा अधिकारी दिनेश कुमार ने दी गई परिवेदना में बताया कि वह छुट्टी गया हुआ था और उसके पीछे से यह कार्यवाही हुई है। अब सोचने का विषय यह है कि इतना बड़ा नुकसान कौन करवा सकता है? ऐसी खाई किसने दिलवाई! कौन यह भवन बनवाना चाहता है? उसकी सोच क्या है? आखिर वह ऐसा क्यों कर रहा है? यह जाँच का विषय है!सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रकरण की जानकारी गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई सहित बानसूर थाना पुलिस को दी गई है।जो लोगों के स्वास्थ्य से सीधा खिलवाड़ कर रहा है। कहीं वह शेर की खाल में भेड़िया तो नहीं बैठा हुआ है कि भारत के लोगों को ऐसे नहीं जीता जा सकता जब तक उनका स्वास्थ्य ख़राब नहीं हो जाता और आयुर्वेदिक चिकित्सालय बन्द नहीं हो जाता। जहाँ भारत सरकार लोगों में आयुर्वेद की और लौटने का भरसक प्रयास कर रही है वहीं देश के गद्दार आयुर्वेदिक औषधालयों को बन्द करने का सपना संजोए हुए हैं। भारत के संविधान में स्पष्ट लिखा हुआ है। चिकित्सा, शिक्षा देश के लिए महत्वपूर्ण हैं। यदि भारत का भविष्य यानी आने वाली पीढ़ी अस्वस्थ रहेगी तो का दुश्मन देशों से मुकाबला कर पाएगी। इस और राज्य सरकार और भारत सरकार को ध्यान देना होगा। अन्यथा भारत का बेड़ा गर्क होने वाला है।



# जिला कलेक्टर ने बहरोड़ पंचायत समिति व छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

## पंचायत समिति में अनुपस्थित मिले दस कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस दिया

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को समाज कल्याण विभाग के छात्रावास तथा पंचायत समिति बहरोड़ का निरीक्षण किया तथा ग्राम पंचायत रिवाली में रात्रि चौपाल लगाई जिसमें उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुना तथा अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। कलेक्टर ने बहरोड छात्रावास निरीक्षण के दौरान छात्रावास की व्यवस्थाओं बारे में जानकारी ली तथा छात्रों से बात कर दी जाने वाली सुविधाओं भोजन, शैक्षिक गतिविधियां, सह शैक्षिक गतिविधियां, इत्यादि के बारे में जानकारी लेकर मिल रहे भोजन का परीक्षण किया तथा छात्रावास अधीक्षक को आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिए। पंचायत समिति बहरोड़ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न अनुभागों में जाकर कार्य प्रणाली को परखा इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर को भी जांचा जिसमें 10 कार्मिक मौके पर अनुपस्थित पाए गए मौजूद उपखंड अधिकारी तथा तहसीलदार को सभी अनुपस्थित कार्मिकों को कारण बताओं नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बहरोड़ की ग्राम पंचायत रिवाली में आयोजित रात्रि चौपाल में कलेक्टर द्वारा आमजन की परिवेदनाओं को सुना गया जिनमें मुख्य रूप से बिजली, पानी, सड़क से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।इस दौरान उपखंड अधिकारी रामकिशोर मीणा, तहसीलदार अभिषेक यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में सम्मानित हुए रक्तदाता राकेश जयपाल



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** नई दिल्ली में ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड में आई आई कल्चरल सेंट्रल में आयोजित स्वर्ण भारत परिवार की ओर से अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में 71 बार रक्तदान करने वाले पाली जिले के हाल निवासी बहरोड के राकेश जयपाल को समाज सेवा में उत्कर्ष कार्य करने के लिए स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया पीयूष पंडित ने बताया कि, बिना संस्था बिना शुल्क की सेवा, जैसे डेंगू महामारी में जरूरतमंद को प्लेटलेट्स उपलब्ध करवाना , दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए रक्त दिलाना, कैंसर पेशेंट को ब्लड उपलब्ध करवाना, डिलीवरी केस में इमरजेंसी रक्तदान करवाना,, रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाना। आदि सराहनीय राकेश जयपाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया ,स्वर्ण भारत परिवार संस्था अध्यक्ष डॉक्टर पीयूष पंडित ने बताया कि राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मानित व्यक्तियों को 551 लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सामाजिक क्षेत्र में बहुत ही उत्कर्ष कार्य किए हैं

वैश्विक स्तरीय लीडरशिप अवार्ड में करीब 15 देश के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।इसके साथ ही राकेश ने बताया कि यह हमारा उन सभी रक्तदाताओं का है जो दिन रात जरूरतमंदों के लिए खड़े रहते हैं। इससे पहले भी कई अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं ।

## विश्व मधुमेह दिवस एवं स्व.नानक चन्द मित्तल की 14 वीं पुण्यतिथि पर आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन एवं मित्तल हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क मधुमेह जाँच शिविर का आयोजन

# 154 लाभान्वित, 21 लोग मधुमेह रोग से पीड़ित, 2 नए चिन्हित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** 14 नवम्बर को आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन एवं मित्तल हॉस्पिटल द्वारा विश्व मधुमेह दिवस एवं स्व.नानक चन्द मित्तल की 14 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नि:शुल्क मधुमेह जाँच शिविर का आयोजन किया । मित्तल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी एवं समाजसेवक डॉ एस. सी. मित्तल ने बताया कि उनके पिता स्व. नानक चन्द मित्तल का स्वर्गवास 14 नवम्बर 2010 को मधुमेह रोग से ही हुआ था तभी से मधुमेह रोग से पीड़ित रोगियों के लिए कई सेवा कार्य प्रारंभ किये इसी के अंतर्गत गुरुवार को विश्व मधुमेह दिवस 14 नवम्बर 2024 को प्रात: 10 बजे से मित्तल हॉस्पिटल ,एन ई बी थाने के पास अलवर में नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन एवं नि:शुल्क महुमेह, बोनमैरो डेन्सिटी एवं ब्लड प्रेशर की जाँच करवाई गयी साथ ही मधुमेह रोग से पीड़ित मरीजो को नि:शुल्क दवाई भी प्रदान की गयी । शिविर में कुल 154 लोगो की नि:शुल्क जाँच की गयी जिसमे से 21 लोग मधुमेह रोग से पीड़ित पाए गए । 2 मरीज इसे भी थे जिनको ये भी पता नहीं था कि वो इस रोग की जकड में आ चुके है। शिविर में खुद डॉ.एस.सी.मित्तल ने भी अपनी जाँचे करवाई। शिविर संयोजक मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर गिरीश गुप्ता ने बताया कि शिविर का प्रारम्भ मधुमेह रोग से पीड़ित मरीजो द्वारा दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया तद्पश्चात नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन, वेट, ब्लड प्रेशर एवं नि:शुल्क बोनमैरो डेन्सिटी, मधुमेह जाँच के बाद सभी लोगो को सेव फल प्रदान किया गया उसके पश्चात् मधुमेह रोग से पीड़ित व्यक्तियों की सर्जन डॉ सुधीर गुप्ता ने डाईबिटिक फूट की जाँच करी सीनियर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.महेश जैन एवं डॉ. प्रियंका गुप्ता ने मरीजो की रेटिनोपैथी की जाँच करी आहार विशेषज्ञ डॉ गरिमा खट्टर ने उचित आहार का चार्ट बनाकर दिया अंत में मरीजो को सीनियर फिजिशियन डॉ.एस.सी. मित्तल ने ब्लड प्रेशर,मधुमेह की जाँच देखकर नि:शुल्क दवा प्रदान करी। आज कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें डॉ मित्तल ने सभी से मधुमेह से सम्बन्धित प्रश्न पूछे सही जवाब देने वालो को गिफ्ट भी दिए गए ।

शिविर में वालरोन हेल्थ केयर के ब्रिजेश कुमार, विष्णु कुमार, इंटास फार्मास्यूटिकल के राहुल खान, माइक्रो लैब के आशीष सैनी, एम.एस.एन. से रवि शर्मा, मित्तल हॉस्पिटल से प्रबन्ध निदेशक अल्का मित्तल , डॉ. कुमुद गुप्ता, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. गुड्डन आनंद , लता सी. बोस, ओमना विनु, लीना, पूजा, कंचन, सरिता, राजेन्द्र शर्मा, कार्तिकेय विजय, गौरव शर्मा, आर.सी.बोस, बीना, नीतू, ललित शर्मा, राजकुमारी, निशु ,सुनीता, गीता, अमित, नरेश, राज, मुकेश कुमार, पूरनमल शर्मा, डालचन्द ने एवं मरीजो के परिजनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया ।

## उच्चैन एसडीएम प्रशिक्षु ने पीडब्ल्यूडी एइन को छात्रावास की जमीन पर अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश : कहा चार घंटे में अतिक्रमण हटना चाहिए

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** उच्चैन एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव व तहसीलदार दिनेश यादव ने गांव मुढेरा में निर्माणाधीन राजकीय सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की गई। निरीक्षण में छात्रावास परिसर में उपला व कड़ब रखी मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त कर अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ईंधन रखकर अतिक्रमण की शुरूआत होती है, इसके बाद स्थाई अतिक्रमण कर लिया जाता है। छात्रावास की इस आवंटन भूमि से पूर्व में प्रशासन ने कड़ी मशक्कत से अतिक्रमण को हटवाया था, लेकिन फिर से लोगों ने अतिक्रमण करना शुरू कर दिया। एसडीएम ने पीडब्ल्यूडी के एईएन को चार घंटे में अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान इस्टीमेट में छात्रावास की चारदीवारी नहीं होने पर एसडीएम ने कहा कि छात्रावास में बालिकाओं की सुरक्षा की दृष्टि से चारदीवारी होनी चाहिए। उन्होंने चारदीवारी के प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छात्रावास निर्माण कार्य में क्रेशर बजरी का उपयोग होता मिला। जिस पर एसडीएम ने मापदंड के अनुसार ही निर्माण कार्य में बजरी लगाने एवं शीघ्र छात्रावास के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने तथा छात्रावास परिसर से गुजर रही बिजली लाइन को दूसरी जगह शिफ्ट करवाने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी एईएन मानिक पाल ने बताया कि बिजली लाइन शिफ्ट करवाने के लिए डिमांड नोटिस भरा जा चुका है। कई बार डिस्कॉम अधिकारियों को लाइन शिफ्ट करवाने के लिए अवगत कराया जा चुका है। इस मौके पर जेईएन शबनम कुमारी आदि मौजूद थे।

# बयाना में राजस्व कर्मचारियों ने जताया रोष : देवली उनियारा से नरेश मीणा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग, कलेक्टर के नाम सोपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** देवली उनियारा में बुधवार को उप चुनाव की वोटिंग के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा ड्यूटी पर तैनात मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी में थप्पड़ मारने की घटना से प्रदेश भर के राजस्व कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इसे लेकर गुरुवार को राजस्व सेवा परिषद से जुड़े कर्मचारियों ने तहसीलदार विनोद मीणा को मुख्य सचिव और जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले में आरोपी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई नहीं होने के कारण पेन डाउन स्ट्राइक आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में बताया- देवली-उनियारा विधानसभा उप चुनाव के मतदान के दौरान एसडीएम अमित चौधरी एरिया मजिस्ट्रेट के तौर पर चुनाव ड्यूटी में कार्यरत थे। विधानसभा क्षेत्र के समरावता गांव में चनाव ड्यूटी के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा जबरदस्ती पोलिंग बूथ में आ घुसे एवं उनके द्वारा चुनाव नियमों का उल्लंघन किया गया। जब एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी ने प्रत्याशी नरेश मीणा को जबरन कृत्य करने से रोका गया तो प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी को थप्पड़ मारा गया और मारपीट की गई। चुनाव प्रक्रिया को अवरुद्ध करते हुए चुनाव प्रक्रिया में बाधा डाली गई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मिकों द्वारा भी निष्क्रियता बरती गई। जबकि प्रत्याशी द्वारा गंभीर अपराध किया गया। इसके बावजूद भी विभिन्न मंचों पर नरेश मीणा और उनके समर्थकों द्वारा अनर्गल बयानबाजी की जा रही है, जो कि राजद्रोह की श्रेणी में आता है। इस प्रकार की घोर निंदनीय घटना के आरोपी के खिलाफ शीघ्र नियमानुसार कार्रवाई नहीं किए जाने के विरोध में राजस्थान राजस्व सेवा परिषद द्वारा 14 नवंबर से प्रांतव्यापी पेन डाउन स्ट्राइक करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार अंकुर जैन, नायब तहसीलदार झील का बाड़ा संजय शर्मा, कानूनगो संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र पाराशर, पटवार संघ अध्यक्ष रोहित कुमार, श्याम सुन्दर शर्मा, सुबरन सिंह गिरदावर, रामरूप, अरविन्द, मोहित, अनिल, हीरासिंह, सचिन शर्मा आदि कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान


**अलवर ( का.स. )।** राष्ट्रीय बाल दिवस के उपलक्ष्य में गोविंदगढ़ स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार और जिला एवं सेशन न्यायाधीश हरेंद्र सिंह के आदेश पर संचालित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन से की गई, जिसके बाद तालुका विधिक सेवा समिति के पीएलवी अनिल कुमार ने सचिव मोहन लाल सोनी का स्वागत किया।

इस अवसर पर बच्चों को मौलिक और संवैधानिक अधिकारों, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल श्रम निषेध अधिनियम जैसे विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई। न्यायाधीश ने बाल विवाह को न केवल एक सामाजिक अभिशाप बल्कि कानूनी अपराध बताया, जिसमें शामिल सभी व्यक्तियों के लिए दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना निर्धारित है। इसके साथ ही, बच्चों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई।

विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहन लाल सोनी ने नालसा के उद्देश्यों और उपलब्ध कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कमजोर वर्ग के लोगों के लिए नालसा द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता की सुविधा दी गई है। एसिड अटैक पीड़ितों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी विशेष योजनाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ टोल फ्री नंबर 15100 और 9928900900 के माध्यम से लिया जा सकता है।

# फ्यूचर चाइल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस प्रतियोगिता में 120 स्कूली बच्चों ने भाग लिया

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** शहर के दमदमा रोड़ स्थित फ्यूचर चाइल्ड इंटरनेशनल इंग्लिश स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक सुरेन्द्र खटाना ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बाल दिवस के महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी। प्रिंसिपल सपना शर्मा ने बच्चों को बताया कि नेहरू जी को बच्चों से खासा लगाव था, बच्चे उनसे खूब लाड लड़ाते थे और प्यार से उन्हें चाचा नेहरू कहते थे।

इसी प्रेम और बच्चों के प्रति समर्पण के कारण उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर बच्चों के बीच चित्रांकन सहित विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित हुई जिनमें रीडींग कॉम्पिटिशन, लेखन शैली, कविता, भाषण, खेल प्रतियोगिताओं के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें विद्यालय के करीब 120 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को सभी शिक्षकों के द्वारा पुरुस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर सहनिदेशक सोनम, प्रिंसिपल सपना शर्मा, कॉर्डिनेटर दिव्या शर्मा, आरगी चौधरी, सुनीता शर्मा, आरती सैन, रेखा, उमा, रितु, रजनी सैन, मनीषा, वर्षा सहित सभी बच्चे मौजूद थे।

# गुरु पर्व पर अनेकों धार्मिक अनुष्ठान हुए



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** 555 वा गुरपुरब बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है दिनांक 13 तारीख से गुरु ग्रंथ साहब के पाठ स्कीम नंबर दो गुरुद्वारा और अलवर के सभी गुरुद्वारों में चल रहे हैं यह पाठ तीन दिनों तक चलेंगे कल यानी 15 तारीख शुक्रवार को भोग और कीर्तन दरबार सजेगा, भोग के उपरांत 12.30 बजे से गुरु का लंगर अटूट बरतेगा, जिसमें सभी धर्म जाति के लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ बैठकर लंगर का सेवन करेंगे, सिख समाज हमको सेवा और सद्भावना का संदेश देता है सभी समाज के लोगो को किस प्रकार से एक रखा जाए तथा एक सूत्र में बांधा जाए, इसका संदेश हमें सिख समाज से लेना चाहिए, स्कीम 2 गुरुद्वारे के प्रधान गुरप्रीत वीर जी हरमीत वीर जी, परमजीत सिंह जोगिया की, जीता जी, अजीत सिंह और मधुर हर्ष भाटिया व अन्य सेवादार मौजूद रहे।

## खबर का असर

# उपखंड अधिकारी अंजना सहरावत ने पलायथा से 200 ट्रॉली बजरी स्टॉक जप्त कर कार्यवाही की

## अवैध खनन पर प्रशासन पर भेदभाव के आरोप, कई बजरी ढेरों पर नहीं हुई कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** जिले के अंता क्षेत्र के ग्राम पलायथा में 13 नवंबर को अवैध बजरी के खिलाफ की गई कार्रवाई में लोगों ने भेदभाव के आरोप लगाए। जिस स्थान पर बजरी की कार्रवाई की गई, वहीं पास में अवैध बजरी के कई ढेर लगे हुए हैं, लेकिन एसडीएम अंजना सहरावत ने उन ढेरों को नजरअंदाज करते हुए एक पक्ष पर ही कार्रवाई की।


लोगों ने प्रशासन को सूचित किया, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिससे भेदभावपूर्ण कार्रवाई के कारण स्थानीय लोग नाराज हैं। बढ़ता राजस्थान के संवाददाता ने समय-समय पर अवैध खनन और भू माफियाओं के अवैध कारोबारों की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। 13 नवंबर को अवैध बजरी से संबंधित खबर प्रकाशित होने के बाद बारा जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देश पर उपखंड अधिकारी अंजना सहरावत ने पलायथा में कार्रवाई की। 13 नवंबर की देर शाम को एसडीएम अंजना सहरावत की मौजूदगी में अंता थाना अधिकारी दिग्विजय सिंह ने ग्राम पलायथा में सख्ती दिखाते हुए 200 ट्रॉली अवैध बजरी का स्टॉक जप्त किया।

### नदी में हो रहा अवैध खनन, रसूखदार कूट रहे मोटा माल

हालांकि, अंता क्षेत्र में इन दिनों लीज होने के बावजूद अवैध बजरी खनन और परिवहन का बड़ा खेल जारी है। कलसिंध नदी, परवन नदी, और सिसवाली खाड़ी में खुलेआम अवैध खनन हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। अवैध खनन और परिवहन से सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है, लेकिन इस पर किसी की चिंता नहीं है।

**बजरी खनन पर कार्रवाई की जिम्मेदारी होने के बावजूद खनन विभाग :**अधिकतर पुलिस पर निर्भर है। उनका ध्यान केवल इस बात पर रहता है कि पुलिस कब कार्रवाई करे और वे जुर्माना वसूल करने पहुँच जाएं। होना तो यह चाहिए कि जहां बजरी का उद्गम स्थल है, वहाँ खनन विभाग की स्थायी चौकियां स्थापित की जाएं और बजरी का अवैध खनन करने वाले माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। लेकिन यह कार्य मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन लगता है, क्योंकि बजरी के खेल में कई प्रभावशाली और रसूखदार लोग मोटा मुनाफा कमा रहे हैं।


पलायथा में ऐसे कई ढेरों पर नहीं हुई कार्यवाही



# मुख्यमंत्री ने कोटा सर्किट हाउस में की जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गुरूवार को सर्किट हाउस, कोटा में जनसुनवाई की। मुख्यमंत्री ने आमजन की फरियाद सुनी और उपस्थित अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री अपनी समस्या लेकर आए लोगों से मिले, उनकी पीड़ा सुनी एवं ज्ञापन लिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्थान प्रशासनिक सेवा के कोटा में पदस्थापित अधिकारियों ने देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को मतदान के दिन एक अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार के घटनाक्रम में सख्त कार्यवाही की मांग के संबंध में ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री की जनसुनवाई में आईजी कोटा रेंज रविदत्त गौड़, जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सेवादल ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 135 वीं जयंति पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** कांग्रेस के युवा नेता शाहिद इकबाल भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि बारां में गुरुवार को सब्जिमंडी स्थित नेहरू पार्क में एकत्रित होकर पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल लाल नेहरू की 135 वीं जयंति पर कॉंग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी , यादव ने कहा कि कि पंडित जवाहर लाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। इनके बताए पथ पर युवाओं को चलने की जरूरत है। इनके नीतियों और योजनाओं की देन है कि देश आजादी के बाद से अब तक विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। आधुनिक भारत के निर्माण में चाचा नेहरू का अहम योगदान था जो सदैव याद किया जाएगा इस दोरान सेवा दल प्रदेश सचिव अशरफ देशवाली ,मुख्य प्रशिक्षक नासिर मिर्जा राकेश गोड,पार्षद जाकिर खान,समीर खान,विजय बैरवा ,जूनेद अंसारी ,कुलदीप मीणा ,जुगल पांचाल,रोहित गुर्जर ,राकेश महावर,रहीम भाई ,रामप्रकाश बैरवा,आशाराम बैरवा,जितेंद्र नागर ,दिलीप यादव ,शिवराज मीणा,दुर्गेश धनवती ,सुरेश चंद आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे ।

# विधायक कोठारी ने ट्रैफिक पार्क व मानसरोवर झील के सार संभाल के निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** विधायक अशोक कोठारी ने पटरी पार क्षेत्र आजाद नगर सेक्टर -क्तमें शमशान घाट के पास में स्थित ट्रैफिक पार्क को देखकर अधिकारियों की कार्य शैली पर नाराजगी जताई, इतना बड़ा उद्यान इस दयनीय स्थिति में है, यह तुरंत हम सभी का दायित्व है, हम इसको साफ, स्वच्छ बनाएं। मौके पर ही अधिकारियों को फोन करके कहा तथा स्वयं ने अपनी टीम को निर्देश दिए जेसीबी को तुरंत कार्य पर लगावे, यहां की पूर्ण साफ सफाई का कार्य होना चाहिए।

इसी के साथ मानसरोवर झील के पास बबुल व झाड़ियां को भी देखकर तुरंत जेसीबी लगवाई, दोनों ही स्थान पर करीब दो-तीन दिन तक जेसीबी चलेगी। विधायक कोठारी ने जनता से भी अपील की है, सिर्फ सरकार व अधिकारियों पर ही निर्भर नहीं रहे, अपने स्तर पर कार्यकर्ता व कॉलोनीवासी भी श्रमदान करते हुए साफ सफाई कर पार्कों का सौंदरीकरण में अपना सहयोग प्रदान करे। आप व हम मिलकर भीलवाड़ा नगर को नीट व क्लीन सिटी बनाने का प्रयत्न करें। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा पूर्व जिला महामंत्री सत्यनारायण गूगड, भाजपा युवा नेता बादल सिंह, दिनेश सुथार, पंकज आडवाणी व स्थानीय कार्यकर्ता गण भी उपस्थित थे।

# बूंदी उत्सव में होटल व्यवसाय व टूरिस्ट गाइड का मूक दर्शक रहने से फीका पड़ सकता है उत्सव,दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. )।** बूंदी में टुरिस्ट गाइड एसोसीएशन कोटा बूंदी व होटल एसोसिएशन द्वारा ज़िला कलेक्टर बूंदी को ज्ञापन दिया गया। इसमें बूंदी गढ़ पर पर्यटक गाइडो से फ़र्ज़ी ट्रस्ट के माध्यम से अवैध वसूली करने व आगामी दिनों बूंदी उत्सव के आयोजन का गाइड्स व होटल्स द्वारा मूक दर्शक बनके देखा जाएगा। बूंदी उत्सव में होटल एसोसिएशन व्हाट टूरिस्ट गाइड का कोई सहयोग नहीं देने से बूंदी उत्सव टिक पढ़ने की संभावना देखी जा रही है। साथ ही रणजीत निवास पर आयोजित होने वाले बूंदी उत्सव जो की सरकारी नगर परिषद की जमीन है पर अवेध होटल बनाने का ज्ञापन दिया। इस दौरान होटल एसोसिएशन अध्यक्ष सुशील मेहता, टुरिस्ट गाइड एसोसीएशन के संरक्षक भँवर त्रिभुवन हाड़ा, अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष रिशि व्यास, भंवर सिंह राठौड़, वार्ड पार्षद करण शंकर सैनी, लवकुश धाभाई, भारत सोलंकी, राघवेंद्रसिंह हाड़ा, आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन का दिवाली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव 1 को, कार्ड का विमोचन हुआ

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,( का.स. )।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन जिला कोटा का दिवाली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव 1 दिसम्बर को सीएडी सर्किल स्थित अंबेडकर भवन पर आयोजित किया जाएगा। जिसके कार्ड का विमोचन गुरुवार को गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के द्वारा किया गया। प्रदेश महामंत्री राजेश मित्तल ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव के दौरान सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें भामाशाह एवं अग्र प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान श्रीनाथजी की मनोरम झांकी सजाई जाएगी। वहीं 56 तरकारी और मिष्ठान्नों का भोग लगेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भजन संध्या और महारास के आयोजन भी किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल होंगे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत मोरारका करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर राजीव अग्रवाल, कोटा दक्षिण नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, अग्रवाल संगठन के राजस्थान प्रभारी पवन अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र गोयल, संभाग अध्यक्ष रामविलास जैन, प्रदेश महामंत्री राजेश मित्तल होंगे।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद गर्ग, अनिल गोयल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग लाल, महिला जिला अध्यक्ष गायत्री मित्तल, जिला महामंत्री रीना मित्तल, मेहा अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, युवा जिला अध्यक्ष मुकेश जैन, युवा जिला महामंत्री गौरव गर्ग, जिला सदस्य अरविंद गोयल, युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष गोयल रीटा, ऋचा अग्रवाल, चेयरमैन जिला सम्मेलन कोमल जिंदल मौजूद रहे।

# डेंगू मरीज के लिया रक्तदान कर बचाई जान, समय से रक्तदान नहीं होता तो जा सकती थी जान

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** अपने लिए तो सभी जीते है, पर दूसरों के लिए जीना बहुत बड़ी बात है। रक्तदान करके लोगों की मदद की जा सकती है ऐसा जुनून लिए झालावाड़ निवासी प्रखर भावसार (चक्षु) ने अपने जीवनकाल की एक और प्लेटलेट्स डोनेट कर डेंगू से पीड़ित निजी अस्पताल में भर्ती महिला मरीज रतन बाई जिसकी प्लेटलेट्स 10000 से भी कम रह गए थे ऐसे में प्रखर ने मंजूश्री स्नेह संस्थान झालावाड़ निवासी जितेंद्र वैष्णव के निवेदन पर प्लेटलेट्स डोनेट कर की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।इस अवसर पर टीम के अजय मोमिया, राजेश गुर्जर, रामकरण लोधा ,विजय लोधा, रोहित मेहरा,उपस्थित रहे।

# एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल में बाल मेले का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में बाल दिवस के अवसर पर गुरुवार को कस्बे के एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य मंगला गायरी एवं भाजपा नेता अशोक गायरी में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर मेले का शुभारंभ किया। बाल में नन्हें-मुन्हे बच्चों ने खानपान के स्टाल लगाए। जिनका बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर संजय शर्मा, विवेकानंद, नितेश शर्मा, ईशान विश्वकर्मा सहित स्टाफ एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें उपस्थित रहे।

# रिश्तो की मिठास के साथ दीपावली स्नेह मिलन में महिलाओं ने किया रैंप वॉक



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** पुराना शहर माहेश्वरी महिला मंडल के द्वारा दीपावली स्नेह मिलन का कार्यक्रम एक निजी होटल में आयोजित किया गया जिसमें रिश्तो की मिठास के साथ दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा किया गया रैंप वॉक मुख्य आकर्षण रहा । अध्यक्ष सुमित्रा भदादा व सचिव पूनम पोरवाल ने बताया कि दीपावली स्नेह मिलन के कार्यक्रम में थालियो में दीपक जलाकर ,पटाके के साथ ही सभी बहनों ने आनंद लिया। मीडिया प्रभारी महावीर समदानी में जानकारी देते हुए बताया कि स्नेह मिलन समारोह में सभी ने अपने रिश्तों की मिठास बिखेरी जिसमें नंनद भाभी ,देवरानी जेठानी, सास बहू ,मां, बेटी, बहने,दोस्त सभी शामिल थे अपने रिश्तों की एकता का एहसास कराया ।

कार्यक्रम में चेयररेस एवं दीपावली से संबंधित पांच दिवसीय दीपावली के आयोजन लक्ष्मी पूजन पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी रहा,सभी महिलाओं ने लाल रंग की साड़ी पहन भारतीय संस्कृति को दर्शाया,पूरे मंडल की महिलाओं की उपस्थिति से आयोजन सफल रहा।

# शिव पुराण के समापन पर अचार्य भूपेंद्र शास्त्री ने कहा संसार में सृष्टि वह मुक्ति के दाता शिव ही हैं

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( नि.स. )।** बूंदी की आराध्य देव श्री चारभुजा मंदिर में चल रही शिव पुराण के समापन पर गुरुवार को अचार्य भूपेंद्र शास्त्री ने व्यास पीठ से बोलते हुए कहा कि संसार में सृष्टि व मुक्ति के दाता शिव ही बताए हैं। संसार में जल ,अग्नि, वायु, , धरती , आकाश , सभी शिव की कृपा से ही है । आचार्य जी कहते हैं कि गौ माता की सेवा करने मात्र से कलयुग में इंसान सब पपों से मुक्त हो सकता है। गौ माता को दुत्कारने वह लात मारने से घोर पाप का सामना करना पड़ता है। इसलिए मनुष्य को गौ माता की सेवा मन से करनी चाहिए । शिव हर जगह विद्यमान है, आचार्य जी कहते हैं कि शिव पुराणम 24000 श्लोक , 11 खंड , ओर 7 संहिता का 11दिनों में विस्तार से वर्णन किया गया । संसार में मुक्ति का मार्ग शिव का मूल मंत्र नमः शिवाय ही बताया है । प्रेम व श्रद्धा से शिव की आराधना की जाए तो भगवान शंकर भक्ति को कभी निराश नहीं करते । वह जो भी शिव से मांगता है शिव उसे अवश्य देते हैं। कथा के समापन पर मुख्य यजमान बसंत कुमार ने अपनी धर्मपत्नी कांति देवी जजावर वाले ने आचार्य को श्रद्धा सुमन भेटकर महा आरती की । आज कथा के समापन पर फूल पंडाल भरा रहा, शंकर के भजनों पर महिलाएं नृत्य करने से पीछे नहीं है रही थी। इस दौरान रविंद्र , योगेंद्र दाधीच, अलका, चित्र, चंदा, लीला, कृष्ण, मीना, साधन, गायत्री, रामकवर बाई, सहित कई महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा के स्थानो का राजनीतिकरण करने का प्रयास एनएसयूआई सफल नहीं होने देगी : विशाल मेंवाड़ा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,( का.स. )।** राजस्थान सरकार के आयुक्तालय द्वारा शिक्षा के स्थानो के मुख्य द्वारों पर, गैलरियों में भाजपा के राजनीतिक पक्ष विशेष ( भगवा रंग ) रंगवाने के आदेशों का विरोध करते हुए आज कोटा शहर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा ने राजस्थान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को ज्ञापन दिया ।

मेवाड़ा ने बताया की कुछ दिन पूर्व आयुक्तालय से आए आदेश में महाविद्यालयों के मुख्य द्वारों एवं गैलरियों पर भगवा रंग रंगने के आदेश आए है जो बिल्कुल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। एनएसयूआई परिवार इस आदेश का पुरजोर विरोध करता है और सरकार से निवेदन करता है कि आदेश में संशोधन कर तुरंत प्रभाव से शिक्षा के स्थानो के मुख्य द्वारा एवं गैलरियों पर तिरंगा रंग रंगने के आदेश प्रेषित करे। मेवाड़ा ने कहा कि मे आज मीडिया के मार्फत भाजपा सरकार से कहना चाहता हूं कि सत्ता में आने के बाद इस स्तर की राजनीति करने की बजाय शिक्षा के स्तर में किस प्रकार सुधार किए जाये,,,, युवाओ को रोजगार आदि जैसे स्तरों पर अपना ध्यान केंद्रित करे । विशाल मेवाड़ा ने सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि एकपक्षीय एवं पक्षपाती निर्णय वापस लेकर अगर इसमें संशोधन नहीं किया गया तो सभी राष्ट्रवादी छात्र इस फैसले का विरोध करने में मजबूर हो जायेंगे । ज्ञापन देते समय पूर्व जिला महासचिव अंकित पांचाल, मोहित वाल्मीकि मौजूद थे।

# भारतीय खाद्य निगम अन्य खरीद एजेंसियो के साथ खरीदेगा गेहूँ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** प्रदेश में भारतीय खाद्य निगम अन्य खरीद एजेंसियो के साथ रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीद करेगा। सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर भारी बढ़ोतरी की गई है। प्रबंधक जनसंपर्क रामनिवास मीना ने बताया कि सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल रखा गया है। किसानों से खरीद की गई उपज का 48 घंटो के भीतर 2425 रुपए प्रति क्विंटल का भुगतान सीधे किसान के बैंक खाते में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय खाद्य निगम द्वारा कोटा में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद के लिए पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक खरीद केंद्र खोले जाएंगे ताकि सभी किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके। उन्होंने किसानों से आव्हान किया है कि गेंहू की अधिक से अधिक बुवाई करें और बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य से अपनी उपज का उचित मुल्य प्राप्त करें।

# बिना प्रशासन के औपचारिक साबित हुई उपखंड की जनसुनवाई

## बिना एसडीएम, तहसीलदार के जनसुनवाई में बहुत कम आये परिवाद

**बिना अधिकारियों के पहले से ही जनसुनवाई के पेंडिंग चल रहे हैं कई परिवाद**

**ऐसे में प्रशासन विहीन जनसुनवाई में नहीं पहुंचे फरियादी**

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर( राजू शर्मा )।** बाड़ी उपखंड में अधिकांश सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों के पद रिक्त पड़े हुए हैं, जिसके कारण विभिन्न विभागों के कामकाज पर असर पड़ रहा है और जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। कांग्रेस ने इसे सरकार की असफलता और प्रशासन की लापरवाही करार दिया है, जबकि भाजपा के पदाधिकारी उपचुनाव के बाद सभी पदों को भरने का आश्वासन दे रहे हैं।




**उपखंड की मौजूदा स्थिति एसडीएम का पद :** उपखंड मुख्यालय पर एसडीएम का पद पिछले महीने से खाली पड़ा है। एक महीने पहले ही नवीन एसडीएम दुर्गा प्रसाद मीणा को नियुक्त किया गया था, लेकिन उन्हें 5 दिन बाद ही ट्रांसफर कर दिया गया। इस समय, सरमथुरा के तहसीलदार अजय मीणा को इस पद की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन वे सप्ताह में केवल एक-दो दिन ही कार्यालय में आते हैं, क्योंकि वे सरमथुरा एसडीएम का चार्ज भी संभालते हैं।

**तहसीलदार का पद:** दूसरा महत्वपूर्ण पद तहसीलदार का है, जो भी रिक्त है। नायब तहसीलदार उत्तमचंद बंसल इस समय कार्यवाहक के रूप में पद का संचालन कर रहे हैं। हालांकि, बंसल कार्यालय में आकर काम संभालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कई कार्यों में तहसीलदार की कमी साफ तौर पर महसूस हो रही है।

**नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी का पद :** नगर पालिका का अधिशाषी अधिकारी पद भी रिक्त है। सरकार बदलने के बाद यह पद कार्यवाहकों के भरोसे छोड़ दिया गया है। वर्तमान में यह जिम्मेदारी 100 किलोमीटर दूर स्थित राजाखेड़ा के पालिका के ईओ श्याम विहारी को दी गई है, लेकिन वे पदभार ग्रहण करने के बाद भी वापस नहीं लौटे हैं।

**पंचायत समिति का विकास अधिकारी पद:** पंचायत समिति कार्यालय में विकास अधिकारी का पद भी महीनों से रिक्त है। इस समय इसकी जिम्मेदारी सहायक अभियंता रामबोल सिंह को दी गई है, लेकिन उनकी सीमित क्षमता के कारण पंचायत समिति से जुड़े सभी कार्य ठीक से नहीं हो पा रहे हैं।

**पीडब्ल्यूडी और शिक्षा विभाग :** पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) में एक्सईएन का पद भी रिक्त है। इस समय धौलपुर पीडब्ल्यूडी के क्वालिटी कंट्रोल विभाग के एक्सईएन सौरभ शर्मा को इसका चार्ज दिया गया है, लेकिन वे मुख्य रूप से फील्ड में रहते हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षा विभाग में भी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त है। इस समय कार्यवाहक अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण प्रसाद मीणा को यह जिम्मेदारी दी गई है।




### कांग्रेस का आरोप - सरकार असफल और जनविरोधी

कांग्रेस ने अधिकारियों के पद रिक्त रहने को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद शकील ने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है और जनता के काम नहीं हो रहे। उन्होंने कहा कि धौलपुर के प्रभारी मंत्री केवल माला पहनने आते हैं, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा। 19 अक्टूबर को हुए भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हुई, लेकिन मंत्री ने घटना स्थल पर जाकर पीड़ितों से मिलने की भी जहमत नहीं उठाई। कांग्रेस प्रवक्ता जगन्नाथ कोली ने कहा कि वर्तमान सरकार पूरी तरह से फेल है और कभी जो आदेश जारी होते हैं, वे जल्द ही निरस्त हो जाते हैं। पर्ची की सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने में असफल रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेमसिंह सरदार ने कहा कि प्रदेश सरकार धौलपुर की समस्याओं से पूरी तरह अनजान है। उन्होंने बताया कि रिंग रोड का मुआवजा किसानों को अभी तक नहीं मिला और रवि की फसल के लिए पानी की आपूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

साथ ही नहर को भी नहीं खोला गया, जबकि किसानों की मीटिंग भी नहीं हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी रियाजुद्दीन खान ने भी इस मुद्दे पर कहा कि कोर्ट परिसर और कई अन्य विभागों में अधिकारी नहीं होने से जनता को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




### भाजपा का आश्वासन - उपचुनाव के बाद पद भरे जाएंगे

भाजपा के पदाधिकारियों ने कहा कि उपचुनाव के बाद सभी रिक्त पदों को भरने की योजना बनाई जाएगी। पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश बग्थारिया ने बताया कि वे जनता से जुड़ी समस्याओं और अधिकारियों के रिक्त पदों को लेकर जिला पदाधिकारियों से मिल चुके हैं।

चुनाव के बाद जयपुर में मंत्रियों से मिलकर इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

# बाल दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** बाल दिवस के अवसर पर गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर के निर्देशानुसार श्री बलभद्र सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिवक्ता पुनीत गर्ग, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को उनके अधिकार, गुड टच बैड टच, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, नि:षुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, महिला सशक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, ट्रैफिक नियम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया। अधिवक्ता मृगराज मनहर, असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउन्सिल द्वारा उपस्थित



जनसमुदाय को नालसा स्कीम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में अधिवक्ता भविष्य फौजदार, असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउन्सिल द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट, विधिक सहायता, नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, बाल श्रम, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 स्थाई लोक अदालत आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिवक्ता अपूर्वा सिंघल, असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउन्सिल द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को कन्या भ्रूण हत्या (पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) अधिनियम 1994, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में विद्यालय के डायरेक्टर बलदेव चौधरी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिविर में शिक्षकगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्मिक उपस्थित रहे।

# विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए

## सेवानिवृत्त थानेदार प्रभुदयाल कटारा का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** सामाजिक व धार्मिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा वयोवृद्ध समाजवादी नेता एवं पूर्व सांसद पं. रामकिशन एवं श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में निज गांव धनवाड़ा में सेवानिवृत्त थानेदार प्रभुदयाल कटारा, इनके भाई जीतमल कटारा व इनके गौरीशंकर कटारा सरपंच का साफा, माला पहनाकर एवं श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत-सम्मान किया गया। सेवानिवृत्त थानेदार प्रभुदयाल कटारा धार्मिक क्षेत्र में अपने गांव धनवाड़ा में चामुण्डा देवी के मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन करवाकर कई हज़ारों की संख्या में भक्तजनों को प्रसादी खिलाकर धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते हैं, साथ ही समाज एवं आमजन की भलाई के लिए भी अहम योगदान देकर अपने समाज का नाम रोशन करते हैं । कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, विप्र फाउंडेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, समाजसेवी सेवानिवृत अध्यापक बृज किशोर शर्मा, राज.रोडवेज संघ के संभागीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, श्री ब्राह्मण समाज,तिलक नगर के अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, समाजसेवी आनन्द भारद्वाज, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा सारस,



सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर प्रसाद शर्मा, समाजसेवी सुरेश उपाध्याय आदि ने भी सेवानिवृत्त थानेदार प्रभुदयाल कटारा का सम्मान किया।

# भरतपुर के डॉक्टर ने आगरा के होटल में किया सुसाइड, ग्लूकोज की बोतल में एनेस्थीसिया की ओवरडोज लेकर दी अपनी जान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर के अटल बंद थाना क्षेत्र के हीरादास बस स्टैंड स्थित एस आर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. राजकुमार चौधरी (56) ने उत्तरप्रदेश में आगरा के एक होटल में सुसाइड कर लिया। सुसाइड करने के लिए उसने अपने ड्रिप लगाकर उसमें में एनेस्थीसिया का ओवर डोज मिला लिया था और परिजनों को वीडियो कॉल करके बोला- मैं बस अब दो मिनट का मेहमान हूं। बताया जा रहा है कि डॉक्टर ने यह कदम पारिवारिक कलह के चलते उठाया ।इस डॉक्टर के पास से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने सुसाइड के लिए किसी को जिम्मेदफार नहीं बताया है। बताया जा रहा है कि डॉ. राजकुमार चौधरी ने रिटायर होने के बाद भरतपुर में ही हॉस्पिटल खोला था। परिवार में पत्नी और बेटी हैं। कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए डॉ. राजकुमार चौधरी घर से निकले थे और आगरा आकर होटल गंगारतन के कमरा नंबर 309 में ठहरे थे। शाम 6.30 बजे उन्होंने पत्नी को वीडियो कॉल की, कहा कि मैं दो मिनट का मेहमान हूं। इस पर परिजनों ने डॉ. राजकुमार चौधरी की तलाश शुरू कर दी। लॉकेशन के आधार पर डॉक्टर का पता किया। मोबाइल लोकेशन और फोटो की मदद से डॉक्टर की लोकेशन ताजगंज थाना क्षेत्र के एक होटल में मिली। परिजनों ने होटल में कॉल किया। कर्मचारी रूम में गया तो वहां डॉक्टर राजकुमार बेड पर बेहोश पड़े थे। सूचना पर होटल पहुंची पुलिस, डॉक्टर को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।आगरा के डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट डॉ. राजकुमार चौधरी ने मंगलवार शाम 4 बजे ताज व्यू तिराहा स्थित इस होटल में कमरा लिया। शाम 6.30 बजे पत्नी को कॉल किया और कहा कि मैं बस दो मिनट का मेहमान हूं। इसके बाद कॉल काट दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि डॉक्टर राजकुमार चौधरी और उसकी पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी ।पुलिस जांच में सामने आया है कि डॉ. राजकुमार चौधरी ने ड्रिप लगाकर एनेस्थीसिया की ओवर



डोज ले ली, इससे उनकी मौत हो गई। सुसाइड नोट भी मिला है इसमें उन्होंने किसी को भी जिम्मेदारी नहीं ठहराया है।

सुसाइट नोट में पत्नी और बेटी के लिए कहा है कि कोई समस्या आए तो मित्रों से मदद लेना, इसमें अपने मित्रों के भी नाम लिखे हैं जिन्हें विश्वासपात्र बताते हुए मदद के लिए लिखा है। डॉ. राजकुमार चौधरी पूर्व में आरबीएम अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में कार्यरत थे। छह महीने पहले ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद डॉक्टर राजकुमार चौधरी अपनी पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सीमा के साथ मिलकर शहर के जसवंत नगर में एसआर हॉस्पिटल चला रहे थे।

# श्री मथुरा प्रसाद पोद्दार माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर में मातृ सम्मेलन, भामाशाह एवं पूर्व छात्रों का सम्मान समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर शहर में स्थित श्री मथुरा प्रसाद पोद्दार माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर कोडियाँन मौहल्ल्ला मे मातृ सम्मेलन के साथ पूर्व सफलतम छात्रों का सम्मान एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पर भागीरथ विभाग संघ चालक, मुख्य अतिथि किरन सैनी (सैनी मधुर व्यजंन), अध्यक्षा मलिका गेरा, विशिष्ट अतिथि सुनीता फौजदार रही, मुख्य वक्ता के रूप मे बृह्मकुमारी विश्व विद्यालय, भरतपुर की प्रमुख संचालिका राजयोगनि कविता बहिन रही आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर के जिला अध्यक्ष डॉ योगेंद्र भानु की उपस्थिति रही इस अवसर पर विद्यालय मे लगभग 400 मातृ शक्ति ने भाग लिया, साथ ही वक्ताओ ने बताया की बालक के जीवन में नारियों




का क्या योगदान है, कैसे माता अपने बच्चे का पालन कर उसे पोषित कर संस्कारों से युक्त बनाये उन्होंने बताया हम को प्रभु ने जो मानव जीवन दिया है उसका उपयोग हम किस प्रकार से अपनी नई पीढी को सुधारने मे देवे, इस अवसर 6 भामाशाहों, ,6 पूर्व छात्रों का सम्मान हुआ।

विद्यालय के बच्चों द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन भी किया गया, सभी का परिचय प्राधनाचार्य प्रहलाद सिंह फौजदार ने कराया। आभार स्थानीय व्यवस्थापक होतीलाल जैमन ने कराया सभी का स्वागत अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल सीए ने करवाया इस अवसर अमित अग्रवाल, मल्लसिंह जिला व्यवस्थापक, दिनेश गुप्ता, अशोक शर्मा, प्रताप भारद्वाज, राजकुमार तिलकधारी, सुशील गोस्वामी, बबलू कोली, मंजू शर्मा, नीलम, सुषमा, अनिता, मीरा गौरीशंकर सहित अन्य पदाधिकारी सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

# युवाओ को रोजगार से जोड़ने के लिए पीजी कॉलेज का एमओयू धौलपुर की संस्था जगन संकल्प इनोवेशन फाउंडेशन और वाधवानी फाउंडेशन करेंगी सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर( राजू शर्मा )।** बाल दिवस के अवसर पर गुरुवार को शहर के पीजी कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे जगन संकल्प इनोवेशन फाउंडेशन और वाधवानी फाउंडेशन की साझेदारी से जॉब रेडी नामक कार्यक्रम की शुरुवात की गई,जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार योग्यता और सॉफ्ट स्किल्स से लैस करना है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से नौकरी की तलाश करने वाले युवाओं और कार्यरत पेशेवरों के लिए है,जो अपनी सॉफ्ट स्किल्स में सुधार कर नौकरी पाने की संभावनाओं को बढ़ा सकते हैं। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ एमके सिंह ने सभी का आभार जताया और एमओयू पर साइन किये। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ एमके सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत,सभी प्रशिक्षण और कौशल विकास मुफ्त में प्रदान जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों और पेशेवरों को सॉफ्ट स्किल्स की ट्रेनिंग दी जाएगी,जिससे उनकी पेशेवर और व्यक्तिगत दक्षताओं में सुधार होगा। बाड़ी में इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कॉलेज के प्रिंसिपल एमके सिंह ने इस पहल को छात्रों के लिए अत्यधिक लाभकारी



बताया। उन्होंने कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि छात्रों को नौकरी के योग्य बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग दी जाए। उन्होंने अन्य कॉलेजों को भी इस कार्यक्रम से जुड़ने और छात्रों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

# भारतीय जाटव महासभा ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन : समाज के लोगों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिला कलेक्ट्रेट पर गुरुवार दोपहर भारतीय जाटव महासभा के बैनर तले बड़ी संख्या में जाटव समाज के लोग पहुंचे, जहां लोगों ने जाटव समाज पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। जिसके बाद जाटव समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। भारतीय जाटव महासभा संघर्ष समिति के संयोजक रामकिशन के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में जाटव समाज पर हुए अत्याचार को लेकर चार बिंदुओं की शिकायत दी है। कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में जाटव समाज के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति से राजस्थान सरकार को निर्देश देकर जाटव समाज पर हो रहे अत्याचारों को रोकने की मांग की है।

## तैयारी हुई पूर्ण आज दृष्टिबाधित विद्यार्थी खेलेंगे क्रिकेट

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** चित्तौडगढ़ में पहली बार दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की प्रथम राज्य स्तरीय विद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय इन्दिरा गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में दृष्टिबाधित खिलाड़ी विशेष प्रकार की बॉल के माध्यम से क्रिकेट खेलेंगे। संयुक्त सचिव दृश्टिहीन क्रीड़ा परिशद् अजमेर एवं आयोजन सचिव लक्ष्मी लाल स्वर्णकार ने बताया कि दृश्टिहीन क्रीड़ा परिशद् अजमेर व चित्तौड़गढ़ विक्टर राउण्ड टेबल 361 के संयुक्त तत्वावधान में समग्र शिक्षा के संरक्षण में दृष्टिबाधितों को समाज की मुख्य धारा में समायोजन, समाज में इनके प्रति सकारात्मक सोच का निर्माण, भेदभाव को रोकना, इनके अधिकार एवं क्षमताओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से चित्तौड़गढ़ में राजस्थान में संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्यनरत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की प्रथम राज्य स्तरीय विद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 15 नवंबर शाम 4 बजे एवं मैच 16 व 17 नवम्बर को प्रात: 9 बजे से खेले जाएंगे। आयोजन अध्यक्ष दीपक पगारिया ने बताया की इस प्रतियोगिता में राज्य की चार प्रमुख टीमे यथा राजकीय प्रज्ञा चक्षु अंध विद्यालय उदयपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक अंध विद्यालय आदर्श नगर अजमेर, राजकीय उच्च माध्यमिक अंध विद्यालय आंगणवा जोधपुर, नेत्रहीन विकास संस्थान उच्च माध्यमिक जोधपुर के दृश्टिबाधित विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## आयुष्मान वय वंदना कार्ड से मिलेगा 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा

### 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक कर सकते हैं आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा धन्वंतरि दिवस के अवसर पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड का शुभारंभ किया गया है जिसके तहत लाभार्थी को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ताराचन्द गुप्ता ने बताया है कि जिले के 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है, इस कार्ड के माध्यम से प्रदेश में योजना के तहत सम्बद्ध 1800 से अधिक समस्त राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों में नि:शुल्क ईलाज उपलब्ध हो सकेगा। डॉ गुप्ता ने बताया की आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए आय पर कोई प्रतिबंध नहीं है, किसी भी वर्ग, समुदाय का व्यक्ति इस कार्ड को बनवाने के लिए पात्र होगा एवं साथ ही उन्होंने बताया है, कि इस योजना के तहत उन सभी वरिष्ठ नागरिकों को भी लाभ मिलेगा जो पहले से ही संचालित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभार्थी परिवार में कवर है, उन्हें 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त कवर मिलेगा।

अत: आमजन से अपील है की अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवायें। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए आधार जरूरी है ।

## जिला कलेक्टर ने कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल व पेइंग गेस्ट निर्माण हेतु 0.3000 हेक्टेयर भूमि का किया आवंटन

### भवन निर्माण के पश्चात जिले में कार्यरत महिला कार्मिकों को मिलेगी बेहतर सुविधाए

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** नवगठित ब्यावर जिले में जिला कलेक्टर द्वारा भूमि आंवटन प्रक्रिया के तहत कामकाजी महिलाओ के लिए हॉस्टल व पेईंग गेस्ट निर्माण हेतु 0.3 हैक्टेयर भूमि का आवंटन किया है। इससे कामकाजी महिलाओं को बेहतर सुविधायें मिलेगीं। जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत ने बताया कि यह भूमि ब्यावर के तहसील के कुशलपुरा ग्राम के खसरा नम्बर 58 के कुल रकबा 0.5787 में से 0.3000 हेक्टेयर आवंटित की। भूमि आवंटन होने व भवन निर्माण होने के पश्चात जिले में कार्यरत महिला कार्मिकों को अच्छी सुविधायें मिल सकेगी। इस भूमि के लिए तहसीलदार ब्यावर द्वारा कुशलपुरा ग्राम के खसरा नंबर 58 में भूमि आवंटन किया जाने हेतु अनुशंसा सहित प्रतिवेदन उपखंड कार्यालय ब्यावर में प्राप्त हुआ। प्रस्तावित भूमि नगर परिषद ब्यावर के परिधिय क्षेत्र में होने से नगर परिषद ब्यावर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया एवं वरिष्ठ नगर नियोजक अजमेर से रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमें प्रस्तावित भूमि हेतु न्यूनतम आवश्यक अथवा सड़क श्रेणी अनुसार पहुंच मार्ग कायम करवाने संबंधी तकनीकी राय प्रस्तुत की गई । उपरोक्त प्रस्ताव के अवलोकन के उपरांत राजस्थान भू राजस्व नियमों के तहत उक्त भूमिका आवंटन विभिन्न शर्तों एवं निबंधनों पर निशुल्क किया गया

# श्रद्धा सुमन अर्पित कर चाचा नेहरू को किया याद

## कांग्रेस जनों ने बाल दिवस के रूप में नेहरू जी की जयंती मनाई

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** निंबाहेड़ा के माल गोदाम रोड पर स्थित नेहरू पार्क में प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल जी नेहरू की आदमकद प्रतिमा पर कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर चाचा नेहरू की जयंती मनाई तथा चाचा नेहरू द्वारा देश के लिए दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया। बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह को याद करते हुए बच्चों को टॉफी बांटी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल झंवर, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, जिला पेंशनर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रबोध चंद्र शर्मा, औकाफ कमेटी सदर एवं पालिका पार्षद सलीम चाचा, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव नुसरत खान, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह सोलंकी, जिला फुटबाल संघ सचिव फैसल खान, पालिका पार्षद राजेश सांड, रोमी पोरवाल, नारायण रेबारी, श्रीमती लक्ष्मी देवी सोलंकी, उषा साहू, सुधा जायसवाल, कंकू देवी नाहर एवं कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन जनप्रतिनिधिगण अग्रिम संगठनों से जुड़े समस्त पदाधिकारीगण गणमान्यजन व आमजन इत्यादि उपस्थित थे।

### नाथी का खेड़ा में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नाथी का खेड़ा में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक बसंती लाल पंचोली ने बताया कि अध्यापक भूरा राम कुम्हार व शिक्षका प्रीति चास्टा के निर्देशन में जलेबी रेस रस्साकशी कबड्डी , निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### बाल दिवस पर जनसाहस संस्था के साथ बैठक आयोजित

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), चित्तौड़गढ़ महेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार गोयल के द्वारा ''बाल दिवस'' के उपलक्ष्य में जनसाहस संस्था के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सचिव गोयल ने बैठक में बाल दिवस पर जनसाहस संस्था के सदस्यों के साथ बालश्रम के कुप्रभावों एवं उसकी रोकथाम पर चर्चा की।

# ब्यावर में कांग्रेसियों ने चाचा नेहरु की जयन्ती श्रद्धा सुमन के साथ मनाई

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देश के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु की जयन्ती नगर परिषद में लगी प्रतिमा के समक्ष मनाई। इस मौके पर ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक रांका ने चाचा नेहरु की प्रतिमा पर पुष्पहार चढाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

नेहरु जयन्ती के मौके पर चाचा नेहरु की जीवनी पर राष्ट्रीय महिला महासचिव कल्पना भटनागर ने कहा कि देश के इतिहास आज का दिन महत्वपूर्ण है। विशेष इसलिए क्योंकि आज के ही दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चों के प्रति विशेष स्नेह रखने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के दिन को चिल्ड्रेन्स डे के रूप में मनाई जाती है। इसी तरह मनोज चौहान ने कहा जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद उत्तर प्रदेश भारत में हुआ था। उन्होंने अपना बचपन आनंद भवन में बिताया था। आनंद भवन का पुराना नाम स्वराज भवन था, जिसका निर्माण उनके पिता मोतीलाल नेहरू ने वर्ष 1930 में करवाया था। मोतीलाल नेहरू चाहते थे कि उनके बेटे जवाहरलाल कांग्रेस छोड़कर उनकी अपनी स्वराज पार्टी में शामिल हो जाएं, लेकिन जवाहरलाल अपने पिता की इच्छा के विरुद्ध कांग्रेस के प्रति वफादार रहे। साथ ही गांधी जी के साथ रहना चुना। इसी तरह वरिष्ठ नेता रामेश्वर मेवाड़ा आदि ने भी प्रकाश डालते हुए चाचा नेहरू के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और पार्टी को एकजुटता का पाठ पढ़ाया इस मौके पर पुष्पांजलि पारीक,अरविंद माथुर, पार्षद राजेश शर्मा, राजेन्द्र तुनगरिया, भरत बाघमार,राकेश साहू, भरत बंदीवाल, घनश्याम फुलवारी,अजय स्वामी,जीवराज जावा,जयदीप रावत, शैलेश शर्मा, अशोक मूंदड़ा, रामचंद्र टेलर, नारायण मेहड़ा, बाबूलाल पंवार, सम्पत्ति बोहरा, मदन मोहन त्रिपाठी, चेतन भट्ट, बंटी दगदी, शेखर शर्मा, सुरेश साहू, जयंती चांदावत, लियाकत अली, कमलेश बोहरा, महेंद्र सिंगारिया, मानक बोहरा, नाथूलाल मेहड़ा आदि उपस्थित रहे।

## जिला पुलिस अधीक्षक ने रास्ते में ही वृद्धजन की समस्या का किया निस्तारण

### वृद्धजन अपने ही बच्चों से था परेशान, थानाधिकारी को तत्काल निर्देश दिये समस्या के निस्तारण हेतु



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला पुलिस अधीक्षक ने एक वृद्धजन की समस्या को रास्ते में रोककर हाथों हाथ उसका निराकरण कर उन्हें तत्काल राहत पहुँचाई। वृद्धजन ने जिला पुलिस अधीक्षक से शिकायत की कि उनके बच्चे उनको परेशान कर रहे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि मोहनलाल दगदी नाम के एक वृद्ध युवक ने बताया कि उनके बच्चे उनको परेशान कर रहे हैं, उन्होने उपखण्ड अधिकारी के यहां का भी आदेश बताया। जिला पुलिस अधीक्षक ने सिटी थाने के थानाधिकारी को दूरभाष पर हिदायत देते हुए कहा कि उनके बच्चों को बुलाकर इनकी समस्या का समाधान करें। सिटी थाने के थानाधिकारी को दूरभाष पर निर्देश देने के बाद वृद्धजन की समस्या को सुनकर तत्काल प्रभाव से उनके सभी बच्चों को बुलवाकर उनकी व्यवस्थाओं के लिए पाबन्द करने को कहा। जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह की इस कार्यवाही से वद्धजन मोहनलाल दगदी भावुक हो गये और उन्होने जिला पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त कर किया।

### जिला कलेक्टर खडगावत ने शासन सचिव से वार्ता कर ब्यावर के काश्तकारों हेतु डीएपी खाद उपलब्ध कराने की सिफारिश की

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर ने काश्तकारों की समस्याओं को देखते हुए तत्काल प्रभाव से डीएपी खाद की उपलब्धता कराने के लिए कृषि विभाग की शासन सचिव चिन्मयी गोपाल से दूरभाष पर वार्ता कर जिले में डीएपी खाद की अनुपलब्धता की जानकारी से अवगत कराया। जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत ने गत दिनों कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक ली थी उस वक्त मामला संज्ञान में आया था कि जिले में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं है। इस पर जिला कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही कर उच्चाधिकारियों से सम्पर्क साधकर डीएपी खाद की उपलब्ध कराने की बात कही। जिला कलेक्टर श्री खड़गावत कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिये कि वह ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कर काश्तकारों को प्रचुर मात्रा में खाद उपलब्ध हो सके।

इस हेतु गुरुवार को विभागीय अधिकारियों ने फ्लैक्स बैनर व सोशल मिडिया के माध्यम से डीएपी खाद के विकल्प का प्रचार - प्रसार कर जिले के कृषकों को जागरुक कर रहे हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती को कपासन में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बाल दिवस रूप में मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर कांग्रेस कमेटी कपासन के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती गुरुवार को बाल दिवस रूप में मनाई गयी। नगर कांग्रेस प्रवक्ता विजय बारेगामा ने बताया कि नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत की अध्यक्षता में भारत के विकास पुरुष एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर गांधी वाटिका कपासन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित गांधी वाटिका के समीप स्थित श्रीजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो द्वारा महापुरुषों को पुष्प अर्पित कर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, पूर्व बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष मांगीलाल बेरवा, लक्ष्मीनारायण व्यास, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अख्तर अली बुखारी, पूर्व नपा पार्षद शिवशंकर उपाध्याय, नगर कांग्रेस महासचिव राकेश बारेगामा, युवा नेता एवं समाजसेवी रवि सोनी, पूर्व ब्लॉक प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत, युवा नेता एवं समाजसेवी रवि सोनी, यूथ कांग्रेस के अमित मोदी, रामपाल सरगरा, देवेंद्र सेन , कैलाश चंदेल, मेवालाल खटीक, जोहरू खान, जावेद हुसैन , शंभूलाल कच्छावा, सत्यनारायण चोटिया, रमेश गर्ग, किशन प्रजापत सहित श्रीजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## नरेश मीणा के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने व उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार को गनमैन उपलब्ध कराने हेतु दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजस्थान राजस्व सेवा परिषद की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर डॉक्टर महेंद्र खड़गावत को ब्यावर के अधिकारियों व राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गए की विगत कई वर्षों से आरएएस, आरटीएस एवं अधीनस्थ राजस्व सेवा अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ हाथापाई एवं दुर्व्यवहार की घटना होती रहती है। राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद के साथ-साथ राजस्थान तहसीलदार सेवा परिषद द्वारा उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को गनमैन उपलब्ध कराने हेतु समय-समय पर राज्य सरकार से अनुरोध किया जाता रहा है परंतु इस संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

13 नवंबर को देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव के दौरान एक पोलिंग बूथ पर निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा उपखंड अधिकारी अमित चौधरी को थप्पड़ मारने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने से जिला कलेक्टर सहित उपखंड अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मनोबल का हतोत्साहित होना स्वाभाविक है व नरेश मीणा के समर्थकों द्वारा भयंकर उपद्रव एवं अराजकता की परिस्थितियों उत्पन्न करने के बाद भी मीणा की गिरफ्तारी न होने से संपूर्ण राज्य के राजस्व सेवा अधिकारियों एवं कार्मिकों में अत्यधिक रोष उत्पन्न हुआ है।

राजस्थान राजस्व सेवा परिषद उक्त घटना की निंदा करती है तथा पेन डाउन हड़ताल में राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद को सहयोग की घोषणा करने के साथ ही नरेश मीणा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उन्हें अविलंब गिरफ्तार करने व इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक रूप से उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को गैंगमैन उपलब्ध कराने की मांग करती है। जिला कलेक्टर को दिए गये ज्ञापन में राजस्थान पटवार संघ, राजस्थान कानूनगो संघ, राजस्थान तहसीलदार सेवा संघ से जुड़े अनेक पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। वही राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ जिला ब्यावर के जिला अध्यक्ष अनुपम सिंह के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी अमित चौधरी के साथ हुई घटना पर रोष जताया व तत्काल कानूनी व कठोर कार्रवाई की जावे की मांग की गई।

## बाल दिवस को कपासन क्षैत्र की विभिन्न शिक्षण संस्थाओ ने बाल उद्योग पर्व के रूप में मनाया

### नगर के स्मार्ट किड्स क्रिएशंस विद्यालय में भव्य बाल मेले का आयोजन

सुनील कुमार डभाड़ीया



**कपासन ( बढ़ता राजस्थान )।** नगर के महाराणा प्रताप चौराहा एसआर वाटिका के समीप स्थित स्मार्ट किड्स क्रिएशंस विद्यालय कपासन में गुरुवार को बाल दिवस को बाल उद्योग पर्व के रूप में मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियो हेतु बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक दीनबंधु सोमानी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उक्त बाल मेले में विद्यार्थियो द्वारा विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों पास्ता, फ्रेंच फ्राइस, चिप्स, कुरकुरे, चना मसाला, राब, पॉपकॉर्न, खमण, आलूबड़ा, स्वीट कॉर्न, भेलपुरी, पानीपुरी, समोसे, दहीबड़ा, मोनाको स्पेशल चीज सैंडविच, मोनैको सेवपुरी, लेमन जूस, कटोरी चाट, कचौरी, सैंडविच, ब्रेड रोल, दाल पकवान, सॉफ्ट केक्स, कप केक, पिज्जा चाट, श्रीखंड, फ्लेवरव्हील्स, मसाला छाछ, नींबू सोडा सहित विभिन्न गेम्स के मनोरंजक स्टॉल लगाए गये।यहां बाल मेले के आयोजन में विद्यार्थियो के अभिभावक एवं क्षेत्रीय गणमान्यजनो द्वारा अवलोकन तथा विद्यार्थियो द्वारा बनाये विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन एवं मनोरंजक खेलों का लुत्फ उठाया गया। इस दौरान अभिभावकों एवं गणमान्यजनों द्वारा बाल दिवस पर आयोजित भव्य बाल मेले की सराहना करने के साथ स्मार्ट किड्स क्रिएशंस विद्यालय के प्राचार्य रविचंद्रन एवं समस्त विद्यालय परिवार के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया।

इसी प्रकार दीक्षा इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस को बाल उद्योग पर्व रूप में मनाया गया। जिसमे विद्यार्थियो द्वारा विभिन्न व्यंजनों एवं खेलों का प्रस्तुतिकरण किया गया।जिसकी सराहना बनी रही।

## टीम इंडिया ने पर्थ में प्रैक्टिस शुरू की : बीजीटी से पहले कोहली-बुमराह ने नेट में बहाया पसीना; बीसीसीआई ने फोटोज-वीडियो शेयर किए

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले पर्थ में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय खिलाड़ियों की फोटोज-वीडियो पोस्ट किए जिसमें वे प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लेते दिख रहे हैं। पांच मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। इससे पहले, टीम सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई थी।

सभी खिलाड़ियों ने नेट सेशन में हिस्सा लिया भारतीय टीम ने बुधवार को ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, टीम के उपकप्तान जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा समेत सभी खिलाड़ी शामिल हुए।

ऑस्ट्रेलिया में 1 टेस्ट मिस कर सकते हैं रोहित भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। उन्होंने बीसीसीआई को इन्फॉर्म किया है कि निजी कारणों के चलते उनका शुरुआती 2 में से किसी एक टेस्ट में खेलना मुश्किल है। रोहित इसलिए अब तक ऑस्ट्रेलिया भी नहीं पहुंचे हैं।डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए से अहम सीरीज डब्ल्यूटीसी 2023-25 साइकल में भारत की आखिरी टेस्ट सीरीज अब ऑस्ट्रेलिया से ही बाकी है। भारत ने 3-2 से सीरीज जीत भी ली तो भी टीम फाइनल में नहीं पहुंच पाएगी। 4 टेस्ट जीतकर ही टीम बगैर किसी पर




निर्भर हुए फाइनल में जगह बना सकेगी। इस लिहाज से भारत के लिए यह सीरीज काफी अहम है।

भारत को 2014-15 से हरा नहीं सका ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पिछली 4 सीरीज से हरा नहीं पाई है। टीम को पिछली जीत 2014-15 के सीजन में मिली थी। तब स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को 2-0 से हराया था। उसके बाद की चारों सीरीज में भारतीय टीम को 2-1 से जीत मिली।

## शमी की एक साल बाद जोरदार वापसी : रणजी मैच में दूसरे दिन एमपी के खिलाफ 4 विकेट झटके; ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा सकते हैं

**इंदौर।**

करीब एक साल बाद क्रिकेट में वापसी कर रहे भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी मैच में मध्य प्रदेश के 4 विकेट चटका दिए हैं। इससे उनके ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन मध्यप्रदेश की टीम पहली पारी में 167 रन पर ऑलआउट हो गई है। मोहम्मद शमी ने 19 ओवर की गेंदबाजी में 4 मेडन सहित 54 रन देकर 4 विकेट झटके। उन्होंने कप्तान शुभम शर्मा (8 रन), सारांश जैन (7 रन), कुमार कार्तिकेय (9 रन) और कुलवंत खेजरोलिया (शून्य) के विकेट लिए। एक दिन पहले शमी को कोई विकेट नहीं मिला था।

मध्यप्रदेश की ओर से सुभ्रांशु सेनापति ने 47 और रजत पाटीदार ने 41 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। मुकाबले में बंगाल की टीम पहली पारी में 228 रन पर ऑलआउट हुई थी। बीजीटी के लिहाज से शमी की वापसी अहम मोहम्मद शमी की वापसी ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिहाज से अहम है। वहां टीम इंडिया 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने जा रही है। ऐसे में शमी अपनी फिटनेस साबित करने के लिए यह मुकाबला खेल रहे हैं। अगर शमी अपने प्रदर्शन से सिलेक्टर्स को प्रभावित कर लेते हैं तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए बुलाया जा सकता है। एक दिन पहले सूत्रों ने बताया था कि उन्हें टीम मैनेजमेंट ने रणजी खेलने को कहा था। 19 नवंबर को खेला था आखिरी मैच शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के रूप में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। शमी ने इसी साल जनवरी में इंग्लैंड जाकर अपनी एंकल की सर्जरी कराई थी। उन्होंने पिछले कई महीने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैबिलिटेशन किया। वह इंडिया की ओर से 64 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। शमी के नाम 229 टेस्ट विकेट हैं।

भारत को 2014-15 से हरा नहीं सका ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पिछली 4 सीरीज से हरा नहीं पाई है। टीम को पिछली जीत 2014-15 के सीजन में




मिली थी। तब स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को 2-0 से हराया था। उसके बाद की चारों सीरीज में भारतीय टीम को 2-1 से जीत मिली।

# यानसन की भारत के खिलाफ सबसे तेज फिफ्टी : तिलक विदेश में शतक लगाने वाले यंगेस्ट इंडियन; इंडिया ने 8वीं बार 200+ स्कोर बनाया







**सेंचुरियन।**

भारत ने साउथ अफ्रीका को तीसरे टी-20 में 11 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम 4 मैच की सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। मैच में तिलक वर्मा ने अपना पहला इंटरनेशनल शतक लगाया। उन्होंने नाबाद 107 रन बनाए।

मैच में कई रिकॉर्ड्स बने... मार्को यानसन ने टी-20 में भारत के खिलाफ सबसे तेज फिफ्टी लगाई, तिलक यंगेस्ट भारतीय बने जिन्होंने विदेश में टी-20 शतक लगाया। वहीं, 2024 में संजू सैमसन 5वीं बार शून्य पर आउट हुए।

टी-20 इंटरनेशनल में भारत ने अपना पहला मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2006 में खेला था, तब से 2021 तक टीम ने 7 शतक लगाए थे, लेकिन 2022 के बाद भारतीय बैटर्स 14 शतक लगा चुके हैं।

2024 के टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के अभिषेक शर्मा ने लगाए हैं। उनके अब तक लीग और इंटरनेशनल क्रिकेट मिलाकर कुल 65 छक्के हो गए हैं।

रमनदीप दूसरे भारतीय बन गए हैं, जिन्होंने अपने टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू की पहली बॉल पर सिक्स लगा दिया। उनसे पहले सूर्यकुमार यादव ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली बॉल पर सिक्स लगाया था।

अर्शदीप सिंह भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गए। उन्होंने इस रिकॉर्ड में जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ दिया। अब उनके नाम 59 इनिंग में 92 विकेट हो गए हैं। पहले नंबर पर लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं, जिनके नाम 79 इनिंग में 96 विकेट हैं।

1. 2024 में 5वीं बार शून्य पर आउट हुए सैमसन सीरीज के पहले मैच में शतक लगाने वाले संजू सैमसन दूसरे और तीसरे टी-20 में खाता भी नहीं खोल सके। वे भारत के लिए किसी एक साल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले प्लेयर बन गए। वे 2024 में 5वीं बार शून्य पर आउट हुए। इस रिकॉर्ड में युसूफ पठान और रोहित शर्मा के नाम शामिल हैं, दोनों एक साल में 3-3 बार जीरो पर आउट हो चुके हैं।

2. टी20इंटरनेशनल इनिंग में इंडियन प्लेयर्स के पावरप्ले में सबसे ज्यादा सिक्स किसी भी टी-20 इंटरनेशनल मैच में भारतीय खिलाड़ी द्वारा पावरप्ले में सिक्स लगाने के मामले में अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने तीसरे टी-20 के पावरप्ले में 4 सिक्स लगाए। पहले स्थान पर रोहित शर्मा हैं, जिन्होने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी साल टी-20 वर्ल्ड कप में 5 सिक्स लगाए थे।

3. हार्दिक के 4000+ रन और 150+ विकेट पूरे इंटरनेशनल क्रिकेट में भारतीय प्लेयर्स द्वारा 4 हजार से ज्यादा रन और 150+ विकेट लेने के रिकॉर्ड में हार्दिक पंड्या ने अपना नाम शामिल कर लिया। वह छठे भारतीय बने, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। पहले नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 34,527 रन बनाने के साथ 201 विकेट लिए हैं।

4. 22 साल की उम्र में भारत के लिया हाईएस्ट स्कोर 22 साल की उम्र तक तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए हाईएस्ट स्कोर में तिलक वर्मा ने अपना नाम शामिल कर लिया। भारत के लिए टेस्ट में विनोद कांबली ने 227 रन, वनडे में युवराज सिंह ने 139 रन और टी-20 में तिलक वर्मा ने 107* रन बनाए हैं। यह तीनों फॉर्मेट में 22 साल की उम्र तक भारत के लिए हाईएस्ट स्कोर है।

5. तिलक बने यंगेस्ट इंडियन, जिन्होंने विदेश में शतक लगाया तिलक विदेश में भारत के लिए सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने तीसरे टी-20 में नाबाद 107* रन बनाए। इसी के साथ वह 12वें भारतीय बने हैं, जिन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में शतक लगाया।

6. टी-20 में एक साल में सबसे ज्यादा बार 200+ स्कोर भारतीय टीम ने 2024 में आठवीं बार 200+ का स्कोर खड़ा किया। टीम ने कल 6 विकेट खोकर 219 रन बनाए। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर जापान है, जिन्होंने 2024 में 7 बार 200 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया है।

7. टी20इंटरनेशनल में भारतीय बॉलर के द्विपक्षीय सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट भारत के लिए किसी एक बाइलेट्रल सीरीज में वरुण चक्रवर्ती सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। साउथ अफ्रिका के खिलाफ सीरीज में उनके अब तक 10 विकेट हो गए हैं। सीरीज में एक मैच बाकी है। पहले यह रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन के नाम था। जिन्होंने 2016 में श्रीलंका के खिलाफ 9 विकेट लिए थे।

8. टी20इंटरनेशनल में भारत के खिलाफ फास्टेस्ट फिफ्टी अफ्रीकी ऑलराउंडर मार्को यानसन ने टी-20 इंटरनेशनल में भारत के खिलाफ सबसे तेज फिफ्टी लगाई। उन्होंने 16वीं बॉल पर सिक्स लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उनसे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन के नाम था, जिन्होंने 2023 में 19 बॉल पर फिफ्टी लगाई थी।

स्वास्थ्य

# डाइट में शामिल करें मूंग दाल, इम्युनिटी होगी बूस्ट और वजन होगा कम

भारत में कई क्षेत्रीय व्यंजनों में दाल मेन फूड है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इसे किस तरह से तैयार करते हैं, लेकिन दाल आपको पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व प्रदान करती है और साथ ही आपकी प्लेट में फ्लेवर्स को भी एड करती है। वैसे तो सभी दालें प्रोटीन से भरपूर और सेहत का खजाना हैं, लेकिन इन सब में मूंग की दाल को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसमें विटामिन ए, बी, सी और ई की भरपूर मात्रा होती है। भारत में मूंग दाल या हरे चने की दाल का प्रयोग मुख्य रूप से खिचड़ी, चीला या फिर स्प्राउट्स जैसे व्यंजन तैयार करने के लिए किया जाता है।

ग्रीन बीन्स भारत की फलियों वाली सब्जियों में से आती हैं लेकिन अब इनके व्यंजन आपको चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के विभिन्न हिस्सों में भी देखने को मिलते हैं। अंकुरित मूंग सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद हैं। इसमें कई चमत्कारी गुण पाए जाते हैं। यह सेहत के लिए वरदान हैं। इसे जल्दी से पकाया भी जा सकता है क्योंकि लंबे समय तक इसे भिगोना नहीं पड़ता।

**वजन घटाने में मददगार :** मूंग दाल फाइबर और प्रोटीन से समृद्ध है और ये दोनों चीजें फिटनेस मेनटेन करने में सहायक हैं। फाइबर की मात्रा शरीर में जाने पर जल्दी भूख नहीं लगती है। वहीं प्रोटीन हमारे शरीर की डैमेज सेल्स के रिजनरेशन और मरम्मत करने के लिए आवश्यक है। दाल और चावल में अमीनो एसिड होते हैं। वजन कम कर रहे लोगों के लिए दाल-चावल सबसे बढ़िया आहार है, क्योंकि ये प्लांट बेस्ड फूड हैं, जो हमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन देते हैं।

**मधुमेह के लक्षणों को रोकने में सहायक :** ग्रीन ग्राम में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है। इस दाल का जीआई 38 है, जो मधुमेह से ग्रसित लोगों के लिए इसे अच्छा फूड ऑप्शन बनाता है। इसके अलावा हरी मूंग दाल प्रोटीन, मैग्नीशियम और फाइबर से भी भरपूर होती है जो शरीर में इंसुलिन और रक्त शर्करा के स्तर को बैलेंस करने में मदद कर सकती है।

**बढ़िया रहता है पाचन :** मूंग की फलियों में पेक्टिन नाम का घुलनशील फाइबर होता है जो हमारी पाचन क्रिया को बैलेंस करता है। इसके अलावा, इसमें रजिस्टेंस स्टार्च भी होता है, जो घुलनशील फाइबर के समान काम करता है और हेल्दी गट बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देने में मदद करता है। दूसरी दालों की तुलना में मूंग सबसे बेहतर है जिससे पाचन बढ़िया रहता है।

**ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करती :** बुढ़ापे में उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत होना आम बात है, जिसके चलते उन्हें दिल से जुड़ी बीमारियों का भी खतरा होता है। ऐसे लोग अगर अपने आहार में मूंग दाल को शामिल करते हैं तो उन्हें ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। मूंग दाल में मौजूद पोटेशियम, मैग्नीशियम और फाइबर युक्त आहार लेने से हाई ब्लड प्रेशर के जोखिम को कम किया जा सकता है।



**प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए फायदेमंद :** फोलेट से भरपूर होने के कारण, मूंग दाल गर्भवती महिलाओं के लिए भी एक हेल्दी फूड है। गर्भावस्था के दौरान फोलेट युक्त खाद्य पदार्थ खाने से भ्रूण में पल रहे बच्चे की वृद्धि और विकास में भी सहायता मिलती है। एक कप पकी हुई मूंल दाल हमारे शरीर को 80 प्रतिशत आरडीआई देती है। आयरन और प्रोटीन से भरपूर ये दाल गर्भवती महिला के लिए बहुत ही फायदेमंद है।

**हीट स्ट्रोक से बचाए :** कड़कड़ाती धूप वाले गर्मी के दिनों में हीट स्ट्रोक आम है और अगर आप इससे बचना चाहते हैं तो मूंग की दाल को अपनी डाइट में शामिल करें। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से बचाने में मदद करते हैं। मूंग दाल का सूप पीने से आप लंबे समय तक हाइड्रेटेड रह सकते हैं और इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट कोशिकाओं को मुक्त कणों यानी फ्री रेडिकल सेल्स से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं।

# जरूरत से ज्यादा आप ना करें ब्रेड का सेवन

**ब्रेड हर किसी की डाइट का एक अहम हिस्सा है। अमूमन हम लोग नाश्ते में ब्रेड को जरूर शामिल करते हैं। लेकिन नियमित रूप से और आवश्यकता से अधिक ब्रेड का सेवन आपके लिए बेहद नुकसानदायक हो सकता है। बहुत से लोगों को इस बात की जानकारी नहीं होती, लेकिन अत्यधिक ब्रेड का सेवन उनके लिए कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं लेकर आता है।**

**वजन बढ़ना :** जब आप आवश्यकता से अधिक ब्रेड का सेवन करते हैं, तो इससे आपको वजन बढ़ने की समस्या हो सकती है। दरअसल, ब्रेड में कार्ब्स, नमक, रिफाइंड शुगर और प्रिजर्वेटिव्स आदि को शामिल किया जाता है जिसके कारण यह आपका वजन बढ़ सकता है। इसे मॉडरेशन में खाना ठीक है; लेकिन इसके अधिक सेवन से बचें।

**बहुत अधिक नमक :** अधिकांश ब्रेड की वैरायटी, विशेष रूप से प्रोसेस्ड ब्रेड जो आप सुपरमार्केट से खरीदते हैं, में नमक की काफी अधिकता है। इसलिए अगर आप कम ब्रेड खाते हैं, तो इससे आपके शरीर में सोडियम की मात्रा नियंत्रित रहती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप आप घर पर अपनी खुद से ब्रेड बेक करें और इसमें नमक बहुत ज्यादा ना मिलाए।

**डायबिटीज का जोखिम बढ़ना :** ब्रेड में बहुत सारी चीनी होती है और यदि आप इसे बहुत अधिक खाते हैं तो आपके रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ जाएगा। जब रक्त शर्करा का स्तर बढ़ता है, तो अतिरिक्त इंसुलिन को रक्तप्रवाह में छोड़ा जाता है और कोशिकाओं को इंसुलिन प्रतिरोधी बना सकता है, जिससे शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है।

**क्रेविंग का बढ़ना :** ब्लड शुगर स्पाइक्स सिर्फ इंसुलिन प्रतिरोध का कारण नहीं बनते हैं, वे आपको खाने के कुछ मिनट बाद भूख महसूस कराते हैं। जब आप ब्रेड खाते हैं, तो रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ जाता है और इससे आपको ऊर्जा मिलती है। लेकिन जल्द ही शुगर कम हो जाती है, जिससे आप लो महसूस करते हैं और ऐसे में आप फिर से ऊर्जा को बढ़ाने के लिए कुछ मीठा खाने के लिए तरस जाते हैं।

**पोषण की कमी :** यह भी ब्रेड खाने से होने वाला एक बड़ा नुकसान है। आमतौर पर हमारा आहार ऐसा होना चाहिए जो सिर्फ पेट ना भरे, बल्कि उसके कारण शरीर को आवश्यक पोषक तत्व भी जरूर मिलें। लेकिन ब्रेड के सेवन से ऐसा कुछ नहीं होता। यह महज आपका पेट ही भरता है, लेकिन इससे शरीर में कई न्यूटिशन डेफिशिएंसी हो सकती है।

## बदलते मौसम में सेहतमंद रहने के लिए रोजाना करें अकरकरा का सेवन

**बदलते मौसम में सेहत का विशेष ख्याल रखना पड़ता है। लापरवाही बरतने पर यह खतरनाक साबित हो सकता है। खासकर गर्मी के दिनों में तापमान परिवर्तन की वजह से सर्दी-खांसी समेत फ्लू का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए काढ़ा का सेवन करना चाहिए। इसके लिए आप अकरकरा की सेवन कर सकते हैं। यह एक आयुर्वेदिक वनस्पति है। आयुर्वेद में इसका औषधि रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसका भारत सहित दुनियाभर में दवा के रूप में उपयोग किया जाता रहा है। इसकी जड़ से दवा बनाई जाती है जो कई रोगों में लाभकारी होता है। इससे हिचकी, अर्थराइटिस, लकवा आदि रोगों में आराम मिलता है। अकरकरा स्वास्थ्य के लिए कई दृष्टिकोण से फायदेमंद है। बदलते मौसम में फ्लू, सर्दी-खांसी और जुकाम से निजात मिलता है।**



### सर्दी-खांसी और बुखार में आराम मिलता है

बुखार और सर्दी-खांसी में अकरकरा का सेवन करना लाभदायक होता है। इसमें एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल के गुण पाए जाते हैं जो फ्लू को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके लिए अकरकरा के पाउडर में चिरायता के रस को मिलाकर सेवन करना चाहिए। इससे बुखार में आराम मिलता है।

### पाचन तंत्र मजबूत होता है

इसके सेवन से पेट संबंधी सभी विकार दूर हो जाते हैं। अगर आपको कब्ज, अपच, बदहजमी और एसिडिटी आदि की शिकायत है, तो आप अकरकरा का सेवन करें। इसके लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच अकरकरा पाउडर मिक्स कर रोजाना सेवन करें। इससे आपको जल्द आराम मिल सकता है।

### लकवा रोग में फायदेमंद है

अकरकरा लकवा रोग में लाभदायक है। कई शोधों में इसका खुलासा हुआ है कि लकवा रोग में अकरकरा असरदार है। इसके लिए लकवा के मरीजों को अकरकरा और शहद मिलाकर सेवन करना चाहिए। इससे बहुत जल्द आराम मिलता है।

### हिचकी में मिलता आराम है

ऐसा माना जाता है कि हिचकी में भी अकरकरा का पाउडर फायदेमंद होता है। इसके लिए अकरकरा का पाउडर और शहद को मिलाकर सेवन करना चाहिए। इससे हिचकी रुक जाती है।

# गुल्लक फेम राइटर दुर्गेश सिंह बोले - अधिकतर मर्द डिप्रेस्ड हैं, उन्हें प्यार नहीं मिल रहा

**कविता की तरह बहती हुई मिडिल क्लास की कहानियां कहने वाले गुल्लक फेम राइटर दुर्गेश सिंह भले बुलंदियों की तरफ तेजी से कदम बढ़ाते जा रहे हों लेकिन आज भी उनके मोजे अपने क्राफ्ट की अनिश्चितता में पसीने से भीग जाते हैं। उन्होंने अपनी कहानियों से हर किसी को एक अपनेपन का अहसास कराया है, जो उनके अनुभव की देन है। नौकरियों में खुद को डिस्कंफर्ट में डालकर जिंदगी में सफलता की सीढ़िया बुनकर उन्होंने दिखा दिया है कि जो चाहोगे वो मिलेगा और इसी जिंदगी में मिलेगा।**



## इंसान की सफलता सिर्फ उसके नतीजों से नहीं

मैं पढ़ाई में खुद बिलो ऐवरेज स्टूडेंट रहा हूं, लेकिन जब जावेद अख्तर या सचिन तेंदुलकर के बारे में सुना तो पता चला कि वो कभी टॉपर नहीं रहे। मैं फिसड्डी के जरिए कहना चाहता हूं कि जिनके नंबर नहीं आ रहे, उनको डिस्कार्ड मत कीजिए। वह भी आपके समाज और परिवार का हिस्सा हैं। उनकी यात्रा देखिए। शो में गोल्डी (भुवन अरोड़ा) की यात्रा रोचक है। वह बेहद मददगार है लेकिन असल समाज में ऐसे लोग कम मिलेंगे। दरअसल, अच्छाई अब कम होती जा रही। पहले सिखाया जाता था कि मदद करनी चाहिए लेकिन अब ऐसी चीजें हमारी जिंदगी से गुम हो रही हैं। इससे समाज भी खराब हो रहा, जिसका हमें अंदाजा नहीं है। मैंने इस पर भी बात की कि गोल्डी की वजह से 20 लोग पास होते हैं लेकिन वह खुद फेल हो जाता है। कैंपस में उसके मोस्ट फिसड्डी होने के पोस्टर लगते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि नतीजे ही सबकुछ तय नहीं करेंगे कि इंसान कितना सफल है। यह शो मुंशी प्रेमचंद्र की बड़े भाई साहब से प्रेरित है।

## मैं रावण नहीं पर बहुत दिनों तक राम जरूर कह पाऊंगा

मैं प्रयागराज के पास जौनपुर से हूं। मुझे लगता है कि अगर पूर्वी उत्तर प्रदेश की समस्याओं पर भी बात कर लूं तो लेखक के तौर पर मेरी बड़ी जीत होगी। यूपी की ज्यादातर मारधाड़, गालियां, मॉलेस्टेशन-रेप वाली कहानियां ही दिखाई जाती हैं। मुझे लगा कि परिवार की कहानी क्यों ना कही जाए। जहां बाप बेटे को इंजिनियर की जगह आईएएस बनाना चाहता है। बेटी की शादी जल्दी कराकर अपना बोझ खत्म करना चाहता है, भले ही वह खुश ना हो। एक बेटा है, जो बेहतर करना चाह रहा और कर भी रहा लेकिन दुनिया की भीड़ में अच्छे नंबर ना ला पाने की वजह से समाज-परिवार ने उसे नकारा घोषित कर दिया। मुझे लगता है कि मेरा हीरो वही है, जो परिवार के साथ खड़ा है। मैं इसी लॉर्जर गुड कहानियों पर विश्वास करता हूं। मैं राजकुमार हीरानी, ऋषिकेश मुखर्जी जैसी कहानियां कहना चाहता हूं। मैं अपराध से परे यूपी की पारिवारिक कहानियां कहना चाहता हूं क्योंकि मैं रावण नहीं पर राम बहुत दिनों तक कह पाऊंगा।

## नौकरी सोने का पिंजरा है

मैं राइटिंग को लेकर डल नहीं होना चाहता था इसलिए हरेक साल नौकरियां बदलता रहा। लगातार अलग-अलग तरीके से अंदर के राइटर को जिंदा रखा, ताकि बोर होकर वह थके ना। नौकरियां कंफर्ट जोन में लाकर थका देती हैं। जैसे ही आप आराम वाले जोन में जाएंगे, रचनाशीलता खत्म होने लगेगी। इसके लिए बेचैनी जरूरी है। नौकरी सोने का पिंजरा है। मैंने आखिरी नौकरी क्रिएटिव डायरेक्टर की छोड़ी थी, जहां दो लाख सैलिरी थी। अगर मन का काम करना है तो खुद को डिस्कम्फर्ट में डालना पड़ेगा। ऐसा नहीं कि आप जो चाह रहे हैं, वो होगा नहीं। बिल्कुल होगा और इसी जिंदगी में होगा।

## अपनी जिंदगी के अनुभव दिखा रहा हूं

2010 में एफटीआईआई ने रिजेक्ट किया था। 'गुल्लक' के बाद उन्होंने गेस्ट लेक्चर के लिए बुलाया तो मैंने स्टेज से कह दिया कि आपने मुझे रिजेक्ट किया था। रिजेक्ट इसलिए किया क्योंकि मैंने वर्ल्ड सिनेमा नहीं देखा था। बच्चे जो गांव और छोटे शहरों से आना चाहते हैं, वो वर्ल्ड सिनेमा देखकर कैसे आएंगे, जब उनके पास एक्सेस ही नहीं है। एक बार आप एडमिशन दें, तब उन्हें वर्ल्ड सिनेमा के बारे में पता चलेगा और वे देखेंगे। मैंने रेडियो से लेकर एडवरटाइजिंग सहित अलग-अलग नौकरियां कीं। अब पलटकर देखता हूं तो लगता है कि इन चीजों ने मुझे रिच बनाया है। अब जो दिखा रहा हूं, वो असल में जिंदगी के अनुभव हैं।

## मां-बहन ने लिटरेचर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया

मेरी जिंदगी में साहित्य, किताबें और कहानियां औरतों की वजह से आईं। पिता ने सपोर्ट नहीं किया लेकिन मां और बहन ने लिटरेचर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। बाद में लगा कि समाज का दायरा वही है कि एक मर्द को प्रोवाइडर होना पड़ेगा। ऐसे में अगर कोई प्रोवाइडर है, चाहे मर्द हो या औरत, वे चढ़ेंगे ही। अगर समाज में पुरुष-महिला में बराबरी चाहिए तो प्रोवाइडर वाला तमगा हटाना पड़ेगा। जो पैसा देगा, वो अधिकार जमाएगा। फिर चाहे पिताजी ही क्यों ना हों। आप अपनी मां से इतना नहीं डरते, जितना पिताजी से डरते हैं। इसी तरह लोग नौकरियों में अपने बॉस से डरते हैं क्योंकि सैलिरी वहीं से आती है।

## प्यार और दुनियादारी एक साथ नहीं मिलती

मुझे लगता है कि मिडिल क्लास इतना गहरा है कि उसके ऊपर एक नहीं बल्कि दस-दस सीजन भी कम पड़ जाएं। मेरा एक शो सिविल लाइंस फरवरी में आ रहा, जिसकी शूटिंग यहीं लखनऊ में हुई थी। इसमें लड़का है, जो एक लड़की से बहुत प्यार करता है। घर-परिवारवाले शादी करवाने के लिए मिलते हैं, लड़की की मां बोलती है, 'बेटा एक घर बना लो'। फिर सीमेंट-बालू-गिट्टी के चक्कर में जब वह पड़ता है तो उसकी जिंदगी में प्यार बैकसीट ले लेता और दुनियादारी फ्रंट पर आ जाती है। आदमी जब दुनियादारी सीखता है तो वह प्यारा नहीं, चिड़चिड़ा हो जाता है। दरअसल, दुनियादारी में झूठ, फरेब, दगाबाजी, धोखेबाजी, चिकिचिक-पकपक, ईएमआई वगैरह सबकुछ है। ऐसे में ये मर्द प्यार नहीं दे पाएगा। ऐसे मर्द से प्यार की उम्मीद पालनी भी गलत है। उससे प्यार ले लो या फिर दुनियादारी की चीजें। आप दोनों को एक साथ नहीं ले सकते।

## जरूरी नहीं कि हर मर्द घर-कार खरीद ही ले

मर्द होने के नाते उन पर कई चीजें थोप दी जाती हैं। वो प्रोवाइडर हैं पर ये जरूरी नहीं कि हर मर्द घर, कार खरीद पाए। इसका ये मतलब नहीं कि वो अच्छा इंसान नहीं हो सकता। समाज-परिवार उस पर चीजें थोप-थोपकर उसका जीवन कम कर देते हैं। मैं ये ऑब्जर्व कर रहा हूं कि मर्दों में हार्ट अटैक, डिप्रेशन के मसले बढ़ रहे हैं। मुझे उनकी समस्याओं पर बात करनी है। लगता है कि अधिकतर शादीशुदा मर्द जो जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, वो डिप्रेस्ड हैं क्योंकि वो बस प्रोवाइडर बन गए हैं। उन्हें प्यार नहीं मिल रहा। बच्चे, पत्नी, मां-बाप, घर-कार-बाइक की ईएमआई, घर का दबाव, बॉस का प्रेशर उसके जीवन को कम कर रहा है। ये मेरे आइडियाज हैं, जहां मैं भविष्य में कुछ करना चाहता हूं।

## थ्रिलर को कविता की तरह कहना चाहता हूं

अपराध की कहानी मैं अरशद वारसी की फिल्म सहर की तरह कहना चाहता हूं। यह यूपी के अपराध पर बनी सबसे सुंदर फिल्म है। इसमें अपराध कविता की तरह कहा गया है। थ्रिलर और क्राइम की मेरे लिए परिभाषा ही यही है। हॉलिवुड में जब कोएन ब्रदर्स का काम देखता हूं तो लगता है कि वायलेंस भी पोएटिक है। अगर सेक ऑफ वॉयलेंस हो गया तो फिर जीवन और सिनेमा में अंतर नहीं रह गया। मुझे वर्चस्व शब्द आकर्षित करता है। आने वाले दिनों में इसको लेकर जरूर कुछ करूंगा। मेरे लिए वर्चस्व कभी मार-धाड़ का विषय नहीं रहा। वर्चस्व की साइकोलॉजी समझनी जरूरी है। अगर ये डिकोड कर लिया कि कोई कंट्रोल क्यों चाह रहा है तो वह कविता हो जाएगी और ज्यादा बेहतर तरीके से कही जा सकेगी।

## मोजे में पसीना आना जरूरी है

मुझे लगता है कि मोजे में पसीना आना बहुत जरूरी है। मैंने 'गुल्लक' किया। फिर 'फिसड्डी' लिखा और उसे को-प्रोड्यूस किया। सिविल लाइंस की, जो इनसे थोड़ी बड़ी है। अब फिल्में कर रहा, जिनमें दो बड़े प्रोडक्शन हैं। इनके लिए बड़े लोगों से मिल रहा, जो ओहदे व पैसे में नहीं बल्कि अनुभव में मुझसे बड़े हैं। स्मॉल टाउन बॉय होने के बावजूद जब मैं करण जौहर, श्रद्धा कपूर, विकी कौशल या रणवीर सिंह के सामने बैठता हूं तो घबराता नहीं हूं। मुझे लगता है कि जो लिखा है, क्या उन्हें या दुनिया को समझ में आएगा। विशाल भारद्वाज की फिल्म मकबूल का डायलॉग है- शक्ति का संतुलन जरूरी है, आग के लिए पानी का डर जरूरी है। मोजे में पसीने का मतलब वही है। मुझे अपने क्राफ्ट के लिए अनिश्चित होना पड़ेगा। आपको बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के सजेशन लेने पड़ेंगे। मोजे में पसीने का मतलब है कि आप कितना खुलकर सीखने के मूड में हैं।

# सलमान-गोविंदा के लेट आने पर अनीस बज्मी बोले : दोनों का समय पर आना किसी शॉक से कम नहीं, इसलिए उनके हिसाब से चलता हूं

फिल्म 'नो एंट्री' के डायरेक्टर अनीस बज्मी ने इंटरव्यू के दौरान सलमान खान और गोविंदा से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि दोनों ही एक्टर्स कभी भी सेट पर ऑन टाइम नहीं पहुंचते, इसलिए मैं उनके हिसाब से अपना शेड्यूल तय करता हूं, ताकि दोनों में से किसी को भी कोई परेशानी न हो।

मैशेबल इंडिया से बातचीत में अनीस बज्मी ने कहा, सलमान खान और गोविंदा के साथ मैंने लंबे समय तक काम किया है। मैं उन दोनों से कभी उम्मीद नहीं करता कि वह सेट पर टाइम से आएंगे। इसके बजाय, मैं अपने शेड्यूल को उन्हीं के हिसाब से एडजस्ट कर लेता हूं। इससे आप उन लोगों के काम करने के तरीके को भी समझ जाएंगे, जिनके साथ आप काम कर रहे हैं। अगर वह तरीका आपके लिए ठीक है, तो उनके साथ काम करें। अगर नहीं, तो फिर काम न करें। अनीस बज्मी ने गोविंदा के साथ अपने एक्सपीरियंस को शेयर किया। उन्होंने कहा, गोविंदा का देर से आना मेरे लिए कोई नई बात नहीं है। अगर वह समय पर आ गए, तो मुझे सच में हैरानी होगी, क्योंकि वह कभी मुझे ऐसा झटका नहीं देते। तो, जब मुझे पता है कि वह 9 बजे की शूटिंग के लिए 12 बजे आएंगे, तो मैं उस समय तक अपने बाकी काम निपटा लेता हूं, ताकि मेरा समय बर्बाद न हो और एक्टर के साथ भी तालमेल बना रहे। वहीं, इससे पहले भी कई एक्टर्स गोविंदा के सेट पर लेट आने के बारे में बात कर चुके हैं। यूट्यूब चैनल रिव्यूरोन के साथ बातचीत में प्रोड्यूसर वासु भगनानी ने कहा था, स्विट्जरलैंड में हीरो नंबर 1 की शूटिंग होनी थी। सारी टीम वहां पहुंची हुई थी, लेकिन गोविंदा तीन दिन तक नहीं आए, जिस कारण शूटिंग रुकी रही।

# मुकेश खन्ना: अक्षय क्यों नहीं लगे पृथ्वीराज चौहान, सिर्फ मूंछ लगाकर नहीं होता, सलमान-शाहरुख पर भी ली चुटकी

मुकेश खन्ना इन दिनों फिर से शक्तिमान वाले किरदार में दिखने की वजह से चर्चा में हैं। हालांकि, काफी लोगों को बरसों बाद उनका ये अवतार हजम नहीं हो रहा है और लोग खूब आलोचना भी कर रहे हैं। अब अक्षय कुमार ने अक्षय कुमार पर निशाना साधा है और उनके पृथ्वीराज चौहान वाले किरदार पर तंज कसा है। वहीं उन्होंने साफ कह दिया है कि मेरे बिना दूसरा शक्तिमान नहीं हो सकता।

मुकेश खन्ना के टीवी शो शक्तिमान को लोगों ने खूब पसंद किया था, खासकर बच्चे इस देसी सुपरहीर के जबरदस्त फैन रहे हैं। अब इस किरदार पर फिल्म की चर्चा है। हालांकि, मुकेश खन्ना ने इस किरदार के लिए रणवीर सिंह तक को ठुकरा दिया है। खैर इन सबके बीच एक एक बार फिर वो शक्तिमान वाले लुक में खुद नजर आए और उन्होंने हिंट दिया कि एक बार फिर ये हिट शो लौट रहा है। हालांकि, लोगों को ये बात अच्छी नहीं लगी है और उन्हें सबने नसीहत भी दे डाली है। इन सबके बीच मुकेश खन्ना का एक वीडियो अब चर्चा में है, जिसमें वह अक्षय कुमार पर निशाना साधते दिख रहे हैं।

## मुकेश खन्ना ने अक्षय कुमार पर साधा निशाना

पिछले दिनों मुकेश खन्ना ने शक्तिमान वाले आउटफिट में अपना वीडियो शेयर कर शक्तिमान के कमबैक की बात कही है। उन्हें बुढ़ापे में इस सुपरहीरो कॉस्ट्यूम में देखकर उन लोगों ने भी खूब मुंह बिचकाया जो कभी इनके इस शो के फैन हुआ करते थे। अब एक वीडियो सोशल मीडिया पर छाया है जिसमें वो अक्षय कुमार पर निशाना साधते दिख रहे हैं।

## पृथ्वीराज चौहान क्यों नहीं लगे अक्षय कुमार?


मुकेश खन्ना ने कहा है, सिर्फ लगना चाहिए कि शक्तिमान है। पृथ्वीराज चौहान क्यों नहीं लगे अक्षय कुमार? विग लगा दिया, सिर्फ मूंछ लगा दिया, ऐसा नहीं होता साहब। पृथ्वीराज चौहान का मतलब एक गेट होता है, आपको गेटअप लेना चाहिए। इसके लिए किसको देखते हैं आप शक्तिमान के रोल के लिए? उन्होंने जवाब में कहा- चलिए मैं आपको बना देता हूं।

## लोगों को मुकेश खन्ना की अकड़ पसंद नहीं आ रही

मुकेश खन्ना के बयान पर लोगों ने भी खूब बातें कही हैं। एक यूजर ने कहा, अक्षय ने निर्देशकों की मांग के अनुसार काम किया। क्या वह दोषी हैं? हां, लेकिन आंशिक रूप से। निर्देशक और निर्माताओं को यह महसूस करना चाहिए था कि वे कमर्शियल फिल्म बना रहे हैं न कि डॉक्यूमेंट्री। वहीं कुछ लोगों को मुकेश खन्ना की अकड़ पसंद नहीं आ रही है। काफी लोगों ने उनके इस अंदाज की आलोचना की है।

## शाहरुख के पीछे पठान दिखेगा, सलमान के पीछे भाईजान दिखेगा

वहीं एक अन्य चैट शो में उन्होंने शक्तिमान के रोल को लेकर कहा, शाहरुख, सलमान, अक्षय सभी टैलेंटेड एक्टर्स हैं, लेकिन जब वे इस गेटअप में आएंगे तो शाहरुख के पीछे पठान दिखेगा, सलमान के पीछे भाईजान दिखेगा, अजय के पीछे सिंघम दिखेगा, अक्षय के पीछे हेरा-फेरी दिखेगी।



शालीनता किसी में नहीं आएगी।

## मेरे बिना दूसरा शक्तिमान नहीं हो सकता

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा है, सबसे पहले मुझे यह क्यों कहना चाहिए कि मैं अगला शक्तिमान बनूंगा। मैं पहले से ही शक्तिमान हूं, दूसरा शक्तिमान तभी होगा जब कोई शक्तिमान होगा। और मैं वो शक्तिमान हूं। मेरे बिना दूसरा शक्तिमान नहीं हो सकता। चूंकि शक्तिमान के रूप में मुझे

## पटना के एक होटल में काम करते थे पंकज त्रिपाठी, बोले-

# कभी पीछे के दरवाजे से घुसता था, अब मेन गेट पर शानदार स्वागत होता है

पंकज त्रिपाठी ने अपनी एक्टिंग और टैलेंट के दम पर इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। फिल्मों में आने से पहले वह पटना में एक होटल में काम करते थे। उनका कहना है कि एक्टिंग से उनका प्यार तब और भी ज्यादा बढ़ा, जब उन्होंने अंधा कानून फिल्म देखी थी। एक्टर ने यह भी बताया कि काफी संघर्ष के बाद उन्हें मौके मिले। हालांकि, उस दौरान उन्हें कभी भी फुटपाथ पर सोना या भूखा नहीं रहना पड़ा। द लल्लनटॉप के साथ बातचीत में पंकज त्रिपाठी ने अपने होटल के दिनों को याद किया। उन्होंने कहा, जिंदगी में कुछ भी बड़ा या छोटा काम नहीं होता है।

ये आप पर निर्भर करता है कि आप इसे कैसे लेते हैं। फिल्मों में आने से पहले मैं पटना के एक होटल में काम करता था। वहां के स्टाफ से मेरे आज भी बहुत अच्छे संबंध हैं। वे सभी मेरे संपर्क में हैं। जब भी मैं वहां जाता हूं, तो लोग मुझसे कहते हैं कि हमने साथ में काम किया था।'

# द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मेकर्स को लीगल नोटिस

## विवादों के बीच सलमान खान की टीम ने दी सफाई, कहा- हमारा शो से कोई लेना-देना नहीं

नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहे कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मेकर्स को लीगल नोटिस मिला है। आरोप हैं कि शो के एक सेगमेंट में नोबेल पुरुस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर का अपमान किया गया है। खबरें ये भी हैं कि सलमान खान की प्रोडक्शन टीम को भी लीगल नोटिस मिला है, जो पहले शो के प्रोडक्शन का हिस्सा थी। विवादों के बीच उनकी टीम ने सफाई देते हुए कहा है कि उनका शो से कोई लेना-देना नहीं है। स्टेटमेंट में लीगल नोटिस मिलने की खबर का भी खंडन किया गया है। बोंगो भाषी महासभा फाउंडेशन के अध्यक्ष ने हाल ही में अपने लीगल एडवाइजर नृपेंद्र रॉय के जरिए शो के उस सेगमेंट पर नाराजगी जाहिर करते हुए चिंता व्यक्त की, जिसमें नोबेल पुरुस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के लिए अपमानजनक बातों का इस्तेमाल किया गया था। उनका कहना है कि शो में सांस्कृतिक पहलुओं को गलत तरह पेश किया जा रहा है। उन्होंने शो में रवींद्रनाथ टैगोर की विरासत का अपमान करने का भी आरोप लगाया है।

इस मामले में 1 नवंबर को मंडल की तरफ से एक कानूनी नोटिस जारी कर कहा गया कि सीरीज न केवल नोबल पुरुस्कार विजेताओं की विरासतों को धूमिल कर रहा है बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचा रहा है।

**सलमान खान की प्रोडक्शन टीम को भी मिला नोटिस! टीम ने दी सफाई :** द ग्रेट इंडियन कपिल शो के अलावा सलमान खान की प्रोडक्शन टीम को भी लीगल नोटिस मिलने की खबरें है। विवादों के बीच उनकी




टीम ने एक स्टेटमेंट जारी कर साफ किया है कि उनका शो से कोई लेना-देना नहीं है। रिपोर्ट्स हैं कि सलमान खान की प्रोडक्शन टीम को भी नोटिस मिला है, हालांकि ये खबरें गलत हैं। उनके प्रोडक्शन का नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हो रहे शो से कोई ताल्लुक नहीं है।

## कपिल शर्मा शो प्रोड्यूस कर चुके हैं सलमान खान

बताते चलें कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स में स्ट्रीम किए जाने से पहले सलमान खान कपिल शर्मा के शो को प्रोड्यूस कर रहे थे। हालांकि, ओटीटी में आ रहे शो में उनका कोई इन्वॉल्मेंट नहीं है।

## रवींद्रनाथ टैगोर का शो में उड़ाया गया मजाक

बताते चलें कि हाल ही में काजोल और कृति सेनन अपनी फिल्म दो पत्ती का प्रमोशन करने द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा बनी थीं। इस दौरान कृष्णा अभिषेक ने रवींद्रनाथ टैगोर का गेटअप अपनाया था। एंट्री के वक्त वो रवींद्रनाथ टैगोर की नकल उतारते हुए उनका गीत एकला चलो रे की जगह पाचला चलो रे गाते दिखे। उन्होंने गाने के शब्द एकला (अकेले) को पाचला से रिप्लेस किया था। साथ ही उन्होंने कहा कि अकेले चलने में खतरा है क्योंकि कुत्ते पीछे पड़ जाते हैं। शो स्ट्रीम होने के बाद से ही कई राइटर्स और बंगाली समुदाय से जुड़े लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

## मनोज बाजपेयी ने सुनाई स्ट्रगल स्टोरी, बोले-

# मुंबई में खाने के लिए लोगों को देना पड़ता था धोखा 18 घंटे काम करने के बाद भी नहीं मिलते थे पैसे

मनोज बाजपेयी को बॉलीवुड में शुरुआती दिनों में काफी स्ट्रगल करना पड़ा था। हाल ही में एक इंटरव्यू में, एक्टर ने उस समय को याद किया जब उन्हें अपने खाने के लिए लोगों को धोखा देना पड़ता था। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा था जब उनके पास खाने तक के पैसे नहीं हुआ करते थे। मनोज ने कहा, खाना ढूंढना उनके लिए उस वक्त की सबसे बड़ी समस्या थी।

## दिल्ली की बरसाती में रहना मुश्किल

मनोज उन्होंने हाल ही में मिंट के लिए रितेश अग्रवाल से बातचीत के दौरान अपने पुराने दिनों को याद किया। मनोज ने कहा, मुंबई में बेसिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बातचीत के दौरान एक्टर ने दिल्ली की बदनाम बरसातियों में रहने को भी याद किया और बरसाती में रहने के फायदे और नुकसान के बारे में भी बात की। उन्होंने बरसाती में बिताए अपने दिनों के बारे में सोचकर कहा कि आज भी मैं वो दिन याद कर के कांप उठता हूं। इस दौरान मनोज ने रिवील किया कि वे



मुखर्जी नगर में बरसाती में रहते थे। उन्होंने कहा कि बरसाती का फायदा ये है कि वे सस्ते होते हैं। लेकिन गर्मियों में बहुत गर्मी होती थी और सर्दियों में बहुत ठंड। एक्टर ने कहा, अगर बाहर का तापमान 40 डिग्री होता तो बरसाती के अंदर 45 डिग्री जैसा लगता। और यह नरक जैसा था।

## दिल्ली में 18 घंटे फ्री में काम करते थे

मनोज मनोज ने बताया कि उन्होंने कई सालों तक दिल्ली में रहते हुए, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में पढ़ाने के साथ अपनी एक्टिंग स्किल्स पर काम किया और बाद में वह मुंबई शिफ्ट हो गए थे। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जब मैं दिल्ली में था, तो थिएटर से मुझे पैसे नहीं मिलते थे, लेकिन फिर भी मैं बिजी रहता था क्योंकि दिन में 18 घंटे काम करता था।

काम न मिलने के कारण हो गए थे मेंटली डाउन मनोज ने कहा, मैं अपने दोस्तों का शुक्रगुजार हूं, क्योंकि दिल्ली में उन्होंने मुझे कभी भूखा नहीं सोने दिया था। अगर मैं दोपहर का खाना नहीं खाता था तो मेरे दोस्त अपना खाना मेरे साथ शेयर करते थे। लेकिन, मुंबई में सर्वाइव करना मेरे लिए बहुत मुश्किल था। उन्होंने कहा काम न मिलने के कारण मैं न सिर्फ फिजिकली बल्कि इमोशनली और मेंटली भी डाउन हो गया था। मनोज बाजपेयी ने बताया कि वो उस दौरान पूरी तरह से कंगाल थे। उन्होंने कहा कि मुंबई काफी महंगी जगह है, जहां इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि आपको खाना मिलेगा या नहीं। एक्टर ने कहा कि जब काम के लिए प्रोडक्शन वालों के पास जाता था तो वो भगा देते थे।

# मिर्जापुर के समय हुई थी गलतफहमी, पूरी स्क्रिप्ट पढ़े बिना अब कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं करता : विक्रांत

विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में मिर्जापुर में अपने किरदार बबलू भैया का किस्सा शेयर किया। मिर्जापुर का पहला सीजन 2018 में ओटीटी पर रिलीज हुआ था, इस सीरीज में विक्रांत मैसी ने बबलू भैया का किरदार निभाया था। जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

## मिर्जापुर से मिली थी बड़ी सीख

फेय डिसूजा से बातचीत के दौरान विक्रांत ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि मिर्जापुर में उनके किरदार को पहले सीजन के अंत में मार दिया जाएगा, नहीं तो वह इसे साइन करने से पहले काफी सोचते। विक्रांत ने बताया कि जब उनको इसका पता चला तो वह काफी परेशान हो गए थे, उन्होंने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने से पहले उन्हें सीजन की पूरी स्क्रिप्ट नहीं दी गई थी और इसी गलतफहमी के कारण, उन्हें बाद में पता चला कि उनका किरदार पहले सीजन के अंत तक ही टिकेगा। एक्टर ने कहा कि ये मेरे लिए एक बड़ी सीख थी, क्योंकि उसके बाद से मैं ध्यान से पूरी स्क्रिप्ट को पढ़ता हूं, या जब तक मुझे पता नहीं होता कि मुझे क्या करने के लिए कहा गया है।

समय बहाकर ले जाता है, नाम और निशां
कोई 'हम' में रह जाता है, तो कोई 'अहम' में

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# ग्रेड थर्ड टीचर-भर्ती के संशोधित रिजल्ट पर हाईकोर्ट की रोक

## कर्मचारी चयन बोर्ड से जवाब मांगा; सिंगल बेंच ने नतीजे जारी करने का दिया था आदेश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हाईकोर्ट ने टीचर ग्रेड थर्ड भर्ती-2022 के लेवल-2 का संशोधित रिजल्ट जारी करने के सिंगल बेंच के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने गुरुवार को सरिता कुमारी और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया।

सिंगल बेंच ने 6 दिसंबर 2023 को विवादित प्रश्नों की एक्सपर्ट कमेटी से जांच कराकर उसके आधार पर संशोधित परिणाम जारी करने का आदेश दिया था। इसके तहत गुरुवार को फैसला सुनाया जाएगा। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए एकलपीठ के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कर्मचारी चयन बोर्ड और पक्षकारों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब भी मांगा है।

**27 हजार में से 25 हजार को मिल चुकी है नियुक्ति**

याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करने वाले वकील हिमांशु जैन ने बताया- 6 दिसंबर 2023 को सिंगल बेंच ने एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा परिणाम को संशोधित करने के निर्देश दिए थे। 27 हजार पदों की इस भर्ती में से करीब 25 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिल चुकी है।

इसके अलावा एकलपीठ ने खुद के आदेश में भर्ती की मेरिट पर कोई बात नहीं की। केवल चयन बोर्ड की ओर से प्रश्नों के मूल्यांकन की बात को आधार मानकर विशेषज्ञ कमेटी की रिपोर्ट पर संशोधित परिणाम का जारी करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि अपीलार्थी एकलपीठ के समक्ष पक्षकार भी नहीं थे। एकलपीठ के आदेश से अपील करने वालों के हित प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में एकलपीठ के आदेश पर रोक लगाई जाए। इस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाते हुए कर्मचारी चयन बोर्ड से जवाब मांगा है।

# ईडी की महाराष्ट्र-गुजरात में 23 जगहों पर छापेमारी

## 170 बैंक ब्रांच की जांच; दावा- फर्जी केवाईसी से अकाउंट खोले, इनसे 125 करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को मालेगांव के व्यापारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के तहत महाराष्ट्र और गुजरात में कई जगहों पर छापेमारी की। ईडी का दावा है कि व्यापारी ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन करने के लिए कई लोगों के बैंक खातों का दुरुपयोग किया है। पीएमएलए के तहत हो रही इस कार्रवाई में महाराष्ट्र के मालेगांव, नासिक और मुंबई में और गुजरात के अहमदाबाद- सूरत में कुल 23 परिसरों की तलाशी ली जा रही है। छापेमारी महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 2,500 से ज्यादा लेन-देन और करीब 170 बैंक शाखाएं जांच के दायरे में हैं। इन खातों से या तो पैसा जमा किया गया या निकाला गया है। मामला मालेगांव में व्यापारी सिराज अहमद हारुन मेमन के खिलाफ पुलिस में दर्ज की गई स्नङ्घक्रसे जुड़ा है। शिकायतकर्ता वह व्यक्ति है जिसके बैंक खाते से अवैध लेनदेन किया गया था।

# मोदी ने संविधान नहीं पढ़ा, देश में 8 प्रतिशत आदिवासी लेकिन संसाधनों में सिर्फ 1 प्रतिशत हिस्सेदारी : राहुल

मुंबई (बढ़ता राजस्थान)



राहुल ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी संविधान पढ़ा नहीं है, इसलिए उन्हें लगता है कि संविधान की लाल किताब खाली है। वे महाराष्ट्र के नंदुरबार में रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान संविधान की प्रति दिखाते हुए उन्होंने कहा- भाजपा को किताब का लाल रंग पसंद नहीं, लेकिन हमें इसकी परवाह नहीं कि रंग लाल है या नीला। हम इसे (संविधान) बचाने के लिए अपनी जान भी देने को तैयार हैं। दरअसल, चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी द्वारा दिखाई जाने वाली लाल किताब को शहरी नक्सलवाद से जोड़ने की कोशिश की थी। पीएम मोदी ने भी 9 नवंबर को तंज किया था कि राहुल गांधी संविधान की जो किताब लेकर घूम रहे हैं, उसके पन्ने खाली हैं। राहुल बोले- सरकार चलाने वाले 90 अधिकारियों में से केवल 1 आदिवासी राहुल ने आगे कहा- अभी 8% आदिवासी आबादी के पास संसाधनों में सिर्फ 1% हिस्सेदारी है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आदिवासियों को वनवासी कहकर उनका अपमान करते हैं। आदिवासी देश के पहले मालिक हैं। जल, जंगल और जमीन पर पहला हक उनका है, लेकिन भाजपा चाहती है कि आदिवासी बिना किसी अधिकार के जंगल में रहें। उन्होंने दावा किया कि सरकार चलाने वाले 90 अधिकारियों में से केवल एक आदिवासी समुदाय से है। इन्हें देश के विकास में खर्च के लिए अगर 100 रुपए मिलते हैं तो आदिवासी अधिकारी के हिस्से केवल 10 पैसे आते हैं। देश में 100 नागरिकों में आठ आदिवासी हैं, जबकि भागीदारी 100 रुपए में सिर्फ 10 पैसे है। आदिवासी अधिकारी को अच्छे विभाग भी नहीं दिए जाते। राहुल गांधी ने झारखंड के बाघमारा और जमशेदपुर में कहा- मोदी जी अंबानी की शादी में जाते हैं, लेकिन किसी गरीब के यहां शादी में नहीं जाते। एक बार मैंने देखा कि वे तार के पीछे खड़े गरीब बच्चों से झिझककर मिले रहे थे। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री गरीबों, किसानों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के पास जाते ही नहीं हैं। इससे पता चलता है कि वो आपके नहीं हैं।

राहुल ने कहा- देश में करीब 50% ओबीसी, 15% दलित, 8% आदिवासी और 15% अल्पसंख्यक हैं। लेकिन आपको देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में ओबीसी, दलित और आदिवासी नहीं मिलेंगे। वे बोले- मैंने मोदी जी से साफ कह दिया है कि आप जातिगत जनगणना रोक नहीं सकते। हम इसी संसद में जातिगत जनगणना को पास करके दिखाएंगे और आरक्षण में 50% की दीवार को तोड़ देंगे। हम झारखंड में आदिवासियों को 28%, दलितों को 12% और पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण देंगे।

# रायपुर में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग : यात्रा कर रहे युवक ने कहा बम है, जेल भेजा गया; अक्टूबर में 90 विमानों को धमकी मिली थी

बढ़ता राजस्थान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इंडिगो की फ्लाइट की गुरुवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। नागपुर से कोलकाता जा रही फ्लाइट में यात्रा कर रहे युवक ने क्रू मेंबर को बुलाकर बम होने की बात कही थी। युवक को पूछताछ के बाद अब जेल भेज दिया गया है।

जब क्रू मेंबर को उसने बम होने की बात कही तो फौरन इसकी सूचना पायलट को दी गई। इसके बाद पायलट ने एटीसी से बात कर रायपुर एयरपोर्ट से संपर्क कर इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन मांगी, जिसके बाद फ्लाइट को डायवर्ट कर एयरपोर्ट पर उतारा गया। आरोपी नागपुर का रहने वाला है। इससे पहले अक्टूबर में भी 90 से ज्यादा विमानों को बम की धमकी मिली थी। बाद में ये सभी धमकी झूठी साबित हुई। इन धमकियों की वजह से 200 करोड़ रुपए तक का नुकसान हुआ था।

### कुछ देर प्रभावित रहीं उड़ानें

घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर विमान को तुरंत खाली कराया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। हालांकि, रायपुर एयरपोर्ट पर कुछ देर के लिए उड़ानें प्रभावित रहीं। माना थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वो कोलकाता जाने के लिए फ्लाइट में सवार हुआ था।

# जम्मू-कश्मीर में कुलगाम में सुरक्षाबल-आतंकियों की मुठभेड़

## बाडीमर्ग में 2-3 आतंकी छिपे, कश्मीर घाटी में दो हफ्ते में 9वीं मुठभेड़



बढ़ता राजस्थान

**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर से शुरू हुई सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एनकाउंटर यारीपोरा के बाडीमर्ग में चल रहा है। यहां 2-3 आतंकी छिपे होने की संभावना है। अतिरिक्त फोर्स भी बुलाई गई है। इलाके में देर रात लाइट लगाई गई, जिससे उजाला बना रहे और आतंकी अंधेरे का फायदा उठा भाग न सकें। नवंबर महीने में कश्मीर घाटी का यह 9वां एनकाउंटर है। वहीं, नॉर्थ कश्मीर में पिछले 8 दिनों में यह छठी मुठभेड़ है। इससे पहले बांदीपोरा, कुपवाड़ा और सोपोर में मुठभेड़ हो चुकी है। इससे भी पहले 10 नवंबर को किश्तवाड़ के केशवान के जंगलों में एनकाउंटर हुआ था।

### 12 नवंबर को जेसीओ शहीद हुए

12 नवंबर को भी कुपवाड़ा जिले के नागमर्ग इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। यहां दो आतंकियों के छिपे होने की आशंका जताई गई थी। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरकर देर रात तक सर्चिंग की थी, लेकिन आतंकियों का पता नहीं चल सका था। सुरक्षाबलों को यहां 3-4 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी, जिसके बाद सेना ने सर्चिंग की तो आतंकियों ने फायरिंग की थी। जवाबी कार्रवाई के दौरान पैरा स्पेशल फोर्स के 4 जवान घायल हुए थे। इलाज के दौरान नायब सूबेदार राकेश कुमार की मौत हो गई थी। 3 दिन में 3 एनकाउंटर, सोपोर में 3 आतंकी ढेर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 3 दिन में 3 मुठभेड़ हुईं। सुरक्षाबलों ने नवंबर महीने के 13 दिन में 8 आतंकी मार गिराए हैं। सोपोर में 8 नवंबर को 2 आतंकी और 9 नवंबर को एक आतंकी मार गिराया था। इन इलाकों में सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं।

# राजस्थान में अगले सप्ताह से सर्दी तेज होने की संभावना, माउंट आबू में पारा 10 डिग्री

## श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ में छाया घना कोहरा, विजिबिलिटी रही कम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में दो-तीन दिन पहले हुई हल्की बर्फबारी का असर अब राजस्थान में दिखने लगा है। राज्य में तापमान में गिरावट आई है। दिन-रात में सर्दी बढ़ गई। आज सुबह श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के कई हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। इससे विजिबिलिटी कम रही। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने अगले सप्ताह की शुरुआत से राज्य में सर्दी बढ़ने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के सभी शहरों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जोधपुर, जालोर और टोंक में भी बुधवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस या



उससे ज्यादा दर्ज हुआ। राजस्थान में रात में सर्दी बढ़ने लगी है। हिल स्टेशन माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर में न्यूनतम तापमान गिरकर 13.5, पिलानी में 14.5, श्रीगंगानगर में 18.3, फतेहपुर में 11.8 और सिरोही में 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**जयपुर में बढ़ी ठंडक, तापमान 18 डिग्री पर आया :** जयपुर में ठंडक बढ़ गई है। यहां न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। रात को हल्की ठंडी हवा चलने से लोगों ने गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है।

**अगले सप्ताह से सर्दी तेज होने के आसार :** मौसम विशेषज्ञों ने बताया- उत्तर भारत में गुरुवार से एक नया स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हुआ है। इस सिस्टम का प्रभाव जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के साथ हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में देखने को मिलेगा। इस दौरान 15-16 नवंबर तक इन राज्यों में कई जगहों पर बारिश के साथ कहीं-कहीं अच्छी बर्फबारी होने की संभावना है। यह सिस्टम जब खत्म होगा तो 17-18 नवंबर से उत्तर से ठंडी हवा आनी शुरू होगी, जिससे राजस्थान के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों के तापमान में बड़ी गिरावट हो सकती है।

# छेड़ोगे तो छोड़ा नहीं जाएगा, मैं हिंदुओं को जगाने आया हूं : शास्त्री

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में सालासार बालाजी धाम गौशाला और विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 1394वीं रामकथा के आठवें दिन बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कथा स्थल पहुंचे। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र के जयकारे के साथ अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा- आज हमारे बड़े ही सौभाग्य का दिन है कि हमें अपने नेत्रों से उन महापुरुष के दर्शन हो रहे है जो सिंह की तरह गर्जना करके सनातन धर्म के पताका को पूरे विश्व में लहरा रहे हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- हम प्राय- कम रो पाते है। हमारी आंखों में आंसू इसलिए नहीं आ पाते क्योंकि हमें कश्मीरी पंडितों का दर्द दिखाई पड़ता। बांग्लादेशी हिंदुओं का दर्द दिखाई पड़ता। नूंह मेवात बहराईच, मणिपुर की घटनाओं का दर्द दिखाई पड़ता। इसलिए हमारी आंखों में आंसूओं से ज्यादा उन धर्म विरोधीओं को बखेरने के लिए खून खौलता रहता है। उन्होंने कहा- बड़े- बड़े धर्मविरोधी कहते थे तुम्हारे सनातन धर्म में क्या है। हमसे बहुत लोग पूछते है बाबा चमत्कार क्या है। लेकिन अब हम भी बहुत होशियार हो गए है हम भी उनसे कह देते है पहले हमारे गुरु जी से तो निपट लो। हमारे गुरदेव भगवान के चमत्कार ही हमारा चमत्कार है। हमारे गुरदेव भगवान के विद्या का प्रभाव ऐसा पड़ा कि भारत के कोने-कोने का हिंदू जाग रहा है। हम तो आप सबके दर्शन करने आए है। अभी मैं भीलवाड़ा में भी कथा करके गया। वहां तीन लाख लोगों ने आकर कथा सुनी। धन्य है जयपुर जहां गोविंद देवजी है। धन्य है राजस्थान जहां सालासर बालाजी है, मेंहदीपुर बालाजी है। धन्य है जयपुर के निवासी जो हमेशा सनातन धर्म के लिए आयोजन करवाते रहते है। लेकिन बुरा मत मानना एक बात कह रहा हूं। अब हम सबको घर से बाहर निकलना पड़ेगा। आवाज को मुखर करना पड़ेगा। पहले लोग खुद को हिंदू कहने में डरते थे। डरते थे कि कहीं धर्मविरोधी उपद्रव न कर देवे। मार न डाले। अब हम लोगों को हिंदूओं का न जगाना है न बचाना है। अब तो नया नारा देना है छेड़ोगे तो छोड़ा नहीं जाएगा । तभी काम चलेगा।

**तथाकथित शंकराचार्य ने धारा 370 को फिर से लागू करने की मांग की :** धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर कटाक्ष करते हुए कहा- हमें तो यह पता था कि विदेशी ताकते धर्मविरोधी होती है। वर्तमान में धर्म विरोधी ताकतें हमारे देश में ही है। कुछ तो ऐसे भी धर्मविरोधी है जो राष्ट्रद्रोही है। राष्ट्र के खिलाफ बातें करते रहते है। उन्हें संत कहे कि क्या कहे। एक तथाकथित शंकराचार्य है। वो कहते है धारा 370 को फिर से लागू किया जाए। मतलब वो भारत को पाकिस्तान बनवाना चाह रहे है। हम स्पष्ट रूप से कह रहे है भारत को भारत रहने दिया जाए। आप बताएं धारा 370 हटनी चाहिए थी कि नहीं ? आप चाहते हो क्या धारा 370 वापस आ जाए। लेकिन एक लोग है जो कहते है कि वापस आ जाए। अच्छा वो शंकराचार्य भी है। मतलब वो देश को बनाना क्या चाहते है। हमारे गुरूजी ने बता दिया है वो शंकराचार्य नहीं है। उनका मुकदमा अभी कोर्ट में चल रहा है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा अब हम सबको जागना है। अंधविश्वासों पर विश्वास नहीं करना है। तुम मेरे पर भी भरोसा मत करो। लेकिन हम सबको गुरदेव की बात मानते हुए हिंदुत्व पर भरोसा करना है।

केवल हिंदू नहीं बनना है। कट्टर हिंदू बनना है।

**अपने शहर को मणिपुर-बांग्लादेश बनाना चाहते हो :** हमने यह प्रण किया है जो कोई भी मेरे गुरदेव के खिलाफ या राष्ट्र के खिलाफ या सनातन धर्म के खिलाफ बोलेगा, सभी रामानंदी, सभी संप्रदायों के संत-महंत आचार्य के साथ मिलकर एक नया नारा देंगे कि छेड़ोगे तो छोड़ा नहीं जाएगा। इसलिए भारत के लोगों से जयपुर के लोगों से पूछना चाहते है कि क्या आप फिर से कश्मीरी पंडितों जैसा हाल देखना चाहते हो।

# मणिपुर के 6 इलाकों में एफसफा फिर से लागू किया : केंद्र सरकार का फैसला, जातीय हिंसा के चलते 200 लोग जान गंवा चुके

इंफाल (बढ़ता राजस्थान)

केंद्र सरकार ने मणिपुर के छह इलाकों में फिर से सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम लागू कर दिया है। इसके तहत किसी क्षेत्र को 'विवादित' घोषित किया जाता है। इससे यहां सुरक्षा बलों को अधिक अधिकार मिल जाते हैं।

यह कदम राज्य में जारी जातीय हिंसा के कारण लिया गया है। हिंसा के चलते राज्य में अब तक 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया कि यह फैसला मणिपुर में लगातार बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के चलते लिया गया।

**19 इलाकों को छोड़कर पूरे प्रदेश में एफसफा लागू है**-इन छह इलाकों सहित 19 इलाकों को छोड़कर पूरे प्रदेश में एफसफा लागू है। इसके लिए मणिपुर सरकार ने 1 अक्टूबर को आदेश जारी किया था। मणिपुर सरकार के 1 अक्टूबर के आदेश में इम्फाल, लाम्फल, सिटी, सिंगजमई, सेकमई, लमसांग, पटसोई, वांगोई, पोरोमपाट, हेइंगांग, लाम्लाई, इरिलबंग, लेइमाखोंग, थौबाल, बिश्नुपुर, नंबोल, मोइरंग, काकचिंग, और जिरिबाम को एफसफा से बाहर रखा गया था। सोमवार को मणिपुर के जिरिबाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ एनकाउंटर में 10 संदिग्ध उग्रवादी मार गिराए थे। उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशन और पास के सीआरपीएफ कैंप पर अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलियां चलाईं। अगले ही दिन, मणिपुर के जिरिबाम जिले से छह नागरिकों, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल है का उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com